वर्ष- 13 अंक - 296
लखनऊ, रविवार 28 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





शिक्षक पात्रता परीक्षा : 19 केंद्रों पर स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात 10

पहली जुलाई से लागू होगी विकसित भारत जी राम जी योजना : केशव प्रसाद मौर्य 03


# ग्रीन एनर्जी आज की आवश्यकता : योगी

- वैश्विक ऊर्जा के संकट को भारत ने नजदीक से देखा है और महसूस किया
- ऊर्जा का संकट कभी भी किसी भी देश की प्रगति में उत्पन्न कर सकता है बाधा



**नोएडा, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि ग्रीन एनर्जी आज की आवश्यकता है। इसे बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। वह गौतम बुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में सेल कंपनी द्वारा स्थापित की जा रही सोलर एनर्जी प्लांट के शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि वैश्विक ऊर्जा के संकट को भारत ने नजदीक से देखा है और महसूस किया है। जब कुछ देशों के बीच जारी युद्ध के चलते दुनिया में अचानक पेट्रोलियम पदार्थ की कमी हुई और उसके कारण उत्पन्न स्थिति की वजह से दुनिया के अंदर महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई। ऊर्जा का यह संकट कभी भी किसी भी देश की प्रगति मे बाधा उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज से 12 वर्ष पूर्व सत्ता संभालते इंटरनेशनल सोलर कन्वेंशन का आयोजन करके दुनिया के देशों को स्वच्छ पर्यावरण युक्त वातावरण देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ग्रीन एनर्जी के लिए आक्रामक रणनीति अपनाई और आज इस रणनीति का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश ऐसे राज्य में शामिल है, जहां सबसे ज्यादा ग्रीन एनर्जी पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के संकट के दौर में उत्तर प्रदेश में 6 लाख से अधिक परिवार ऐसे हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाकर ऊर्जा की आत्मनिर्भरता को प्राप्त की हैं। जिसने भी पीएम सूर्य घर योजना के साथ जुड़कर सोलर पैनल लगाया है उनकी बिजली दिन में तो सोलर पैनल से पर्याप्त मिलती ही है, साथ ही रात्रि की बिजली के खपत के बिल में भी कमी आई है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले 9 वर्ष के अंदर इस दिशा में बड़े कदम बढ़ाए हैं। हम आज के दिन पर उत्तर प्रदेश के अंदर जो कार्य कर रहे हैं उसमें हमारा लक्ष्य है कि अगले दो-तीन वर्षों के अंदर उत्तर प्रदेश 20 हजार मेगावाट के ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य को प्राप्त करें। अब तक हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़े हैं। 6 हजार मेगावाट ग्रीन एनर्जी हम सोलर से प्राप्त कर रहे हैं। लोगों के मन में तेजी के साथ ग्रीन एनर्जी का भाव आया है। इसके स्रोत सोलर एनर्जी तो है ही साथ-साथ पराली भी है।

## उत्तर प्रदेश का कोरिया से बहुत पुराना संबंध

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का कोरिया से बहुत पुराना संबंध है। इतिहास में यह मान्यता है कि कोरिया की रानी क्वीन हो वस्तुतः अयोध्या की राजकुमारी रत्ना थीं, जो जलमार्ग से कोरिया पहुंची थीं। कोरिया की प्रथम महिला के उत्तर प्रदेश आगमन पर अयोध्या में एक पार्क का निर्माण कराया गया था। कोरिया के राजदूत भी अयोध्या आए थे और उस ऐतिहासिक संबंध को स्मरण करते हुए भावुक हुए थे। यही आत्मीय संबंध भारत व कोरिया को और अधिक निकट लाता है।

## पराली से सीएनजी बन सकती है

सीएम योगी ने किसानों से कहा कि वे पराली को नष्ट न करें। पराली से सीएनजी भी बन सकती है। कंप्रेस्ड बायो गैस भी बन सकती है और एथेनॉल का निर्माण भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल की पॉलिसी लागू होने के बाद उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा एथेनॉल उत्पादन करने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि इसने हमारी शुगर इंडस्ट्री को आत्मनिर्भर बनाया है। पिछले 9 वर्ष के अंदर 3 लाख 22 हजार करोड़ रुपये केवल गन्ना मूल्य का भुगतान सरकार ने किया है। आज देश के अंदर सबसे ज्यादा 55 प्रतिशत एथेनॉल का उत्पादन उत्तर प्रदेश कर रहा है। सबसे ज्यादा प्लांट यूपी के अंदर लगे हैं और हमारा लक्ष्य है कि अगले एक वर्ष के अंदर 100 प्लांट यूपी के अंदर स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 10 वर्ष पूर्व इस क्षेत्र में जंगल गुण्डा राज था। उन्होंने किसानों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए जमीन दी।

## जहां पर जंगल राज चलता था, आज वहां पर मंगल ही मंगल है

सीएम योगी ने कहा कि 9 साल में ऐसा परिवर्तन हुआ कि भारत का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यहीं पर बना है। कमर्शियल फ्लाइट शुरू हो चुकी है। जहां पर जंगल राज चलता था, आज वहां पर मंगल ही मंगल है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना सिटी में 15,023 करोड़ रुपये की निवेश वाली तीन बड़ी विनिर्माण परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन निवेश से करीब 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नोएडा में 390 करोड़ रुपये की लागत से बने नोएडा विकास प्राधिकरण के नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया और 2,478 करोड़ रुपये की लागत की 69 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री उद्घाटन के बाद प्रशासनिक भवन के सातवें तल पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक भी की ।कार्यक्रम के दौरान किसानों और उद्यमियों को प्लॉट आवंटन पत्र वितरित किए गए।

# सेशेल्स पहुंचे पीएम मोदी, राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती समारोह में होंगे मुख्यातिथि



**एजेंसी, विक्टोरिया (सेशेल्स)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर शनिवार को सेशेल्स पहुंचे। सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने हवाई अड्डे पर विशेष स्वागत किया। यात्रा के पहले दिन मोदी ने राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ राष्ट्रीय वनस्पति उद्यान का दौरा किया तथा संयुक्त पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। एल्डाब्रा में विशालकाय कछुओं को देखा और भारतीय प्रवासी समुदाय से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री साझेदार और घनिष्ठ मित्र है।

उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और मजबूत बनाने तथा लोगों के हित में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से इस यात्रा को लेकर उत्साहित हैं। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने सेशेल्स में अपने स्वागत के दौरान प्रस्तुत कच्छ के पारंपरिक नृत्य का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय ने भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को जिस प्रकार संरक्षित और जीवंत बनाए रखा है, वह सराहनीय है।

# चंपत राय व अनिल मिश्रा का त्यागपत्र मिला, अगली बैठक में होगा विचार : श्रीराम जन्मभूमि न्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम मंदिर चढ़ावे से जुड़े विवाद के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (न्यास) के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी ने बताया है कि महामंत्री चंपत राय और न्यासी अनिल मिश्रा का त्यागपत्र मिला है। उन्होंने बताया कि न्यास अपनी आगामी बैठक में इस पर विचार करेगा।

न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि श्रीराम मंदिर में पिछले कुछ दिनों से सुनी घटनाओं से हम स्तब्ध, आहत और अत्यंत दुखी है। समस्त रामभक्तों और रामसेवकों के प्रतिनिधि के रूप में यहां सेवा करने वाले हम इसकी न्यायपूर्ण जांच एवं रामभक्तों को आश्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। न्यास ने स्पष्ट किया है कि महामंत्री चंपत राय और न्यासी अनिल मिश्र से त्यागपत्र प्राप्त हुआ है, जिस पर न्यास अपनी आगामी बैठक में विचार करेगा।



न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि ने रामभक्तों को आश्वस्त किया है कि जिन भक्तों ने चांदी की ईंटें, आभूषण आदि प्रभु श्रीराम की सेवा में अर्पण के लिए न्यास के अधिकारियों को व्यक्तिशः सौंपी है, वे वस्तुएं सुरक्षित हिसाब सहित उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि मंदिर के दानपात्रों से प्राप्त राशि की घटना के संबंध मे न्यास के निवेदन पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से प्राप्त अंतरिम प्रतिवेदन के आधार पर न्यास ने एफआईआर की प्रविष्टि की है और उसपर वैधानिक कार्रवाई जारी है। हम सभी को विश्वास दिलाते हैं कि भविष्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति न बने ऐसा सुनिश्चित करेंगे। अपराधियों को वैधानिक यथायोग्य कड़ा दंड मिलें, इसके आग्रही रहेंगे। कोषाध्यक्ष ने कहा कि कुछ असामाजिक, अधार्मिक और स्वार्थी तत्व इस पूरे विवाद की आड़ में सनातन धर्म पर लांछन लगाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर प्रसारित की जा रही भ्रामक और निराधार अफवाहों से स्वयं बचें और अन्य लोगों को भी इसका शिकार होने से बचाएं।

# पटना कोर्ट में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 30 जून तक टली



**एजेंसी, पटना।** पटना सिविल कोर्ट में शनिवार को फैसल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई टल गई। पुलिस की ओर से सौंपी गई अपडेटेड केस डायरी की जांच के लिए समय देते हुए कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 30 जून तय की है। अगली सुनवाई तक, खान सर को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम सुरक्षा राहत जारी रहेगी।

# सेमी-क्रायोजेनिक इंजन टेस्ट में सफल

- गगनयान मिशन को मिली रफ्तार

**एजेंसी, चेन्नई।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सर्वोच्च थ्रस्ट लेवल पर सेमी-क्रायोजेनिक इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (पीएचटीए) का हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया।

इसरो ने शनिवार को बताया कि पीएचटीए का इस्तेमाल करते हुए यह आठवां हॉट टेस्ट 24 जून, 2026 को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में 175 टन के थ्रस्ट लेवल पर किया गया। पीएचटीए में थ्रस्ट चैंबर को छोड़कर इंजन के सभी सिस्टम शामिल होते हैं। इस टेस्ट के उद्देश्यों में प्री-बर्नर इग्निशन के बाद दबाव बढ़ने का अध्ययन और अधिक थ्रस्ट लेवल पर स्थिर ऑपरेशन का प्रदर्शन शामिल था। इससे पहले पीएचटीए टेस्ट 47 प्रतिशत (94 टन) और 60 प्रतिशत (120 टन) थ्रस्ट लेवल पर किये गये थे। इस टेस्ट में, पीएचटीए को पहली बार 175 टन थ्रस्ट लेवल (88 प्रतिशत) पर टेस्ट किया गया और 400 तथा 500 बार आउटलेट प्रेशर देने वाले मुख्य टर्बोपंप के सफल ऑपरेशन का भी प्रदर्शन किया गया। टेस्ट उम्मीद के मुताबिक हुआ और इंजन के सभी पैरामीटर भी उम्मीद के अनुसार रहे।

# उत्तर प्रदेश में पीएनजी कनेक्शन विस्तार अभियान तेज 24 जून तक 1.60 लाख से अधिक कनेक्शन जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल ईंधन को बढ़ावा देने के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन विस्तार अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता हर घर तक आधुनिक गैस सुविधा पहुंचाने की है, जिसके तहत सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

24 जून 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश के 43 गैस वितरण क्षेत्रों में 1,60,121 घरेलू पीएनजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 16,23,163 कनेक्शनों के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 9.86 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। सरकार का लक्ष्य वर्ष के दौरान लाखों नए परिवारों को पाइप्ड नेचुरल गैस से जोड़ना है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का दायरा और अधिक बढ़ सके।



राज्य सरकार का मानना है कि पीएनजी केवल एक गैस कनेक्शन नहीं बल्कि लोगों के जीवन को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पाइप्ड गैस सुविधा मिलने से उपभोक्ताओं को बार-बार गैस सिलेंडर भरवाने की आवश्यकता नहीं होती, गैस की निरंतर आपूर्ति बनी रहती है तथा रिसाव की स्थिति में आधुनिक सुरक्षा प्रणाली भी उपलब्ध रहती है।

रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में गैस वितरण कंपनियों ने लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कार्य किया है। प्रयागराज, मेरठ, लखनऊ, मुरादाबाद, मथुरा, गोरखपुर, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, अलीगढ़, बुलंदशहर, औरैया, गौतम बुद्ध नगर तथा शाहजहांपुर सहित अनेक जिलों में कनेक्शन जारी करने का अभियान लगातार जारी है। विभिन्न कंपनियां जैसे आईओसी- अडानी गैस, टोरेंट गैस, ग्रीन गैस लिमिटेड, गेल गैस, गेल इंडिया, आईजीएल और एचपीसीएल अपने-अपने क्षेत्रों में नेटवर्क विस्तार और नए उपभोक्ताओं को जोड़ने का कार्य कर रही हैं।




# 709 दिव्यांगजनों को 1030 सहायक उपकरणों का वितरण



**छूटे लाभार्थियों को अगली बार मिलेगा लाभ : केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एडीआईपी योजना के तहत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, गोण्डा के ऑडिटोरियम में शनिवार को एलिम्को द्वारा आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में जनपद के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोण्डा के सांसद एवं भारत सरकार के केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने की।

शिविर में जनपद के 709 दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप 1030 सहायक उपकरण वितरित किए गए। लाभार्थियों को 233 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 335 ट्राईसाइकिल, 72 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 326 बैसाखियां, 10 सीपी चेयर, 187 वॉकिंग स्टिक (छड़ी), 29 सुगम्य केन, 46 श्रवण यंत्र, 50 कुशन तकिए, एक एडीएल किट, चार टीएलएम किट, एक स्मार्टफोन, आठ रोलेटर तथा 55 फोल्डेबल वॉकर वितरित किए गए। इन लाभार्थियों का परीक्षण 15 से 22 जनवरी 2025 तथा 6 से 12 मई 2026 तक आयोजित परीक्षण शिविरों में किया गया था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए देशभर में हजारों एडीआईपी शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से लाखों दिव्यांगजन आधुनिक सहायक उपकरण प्राप्त कर अपने जीवन को अधिक सुगम बना रहे हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में नई-नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की कठिनाइयों को समझना और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायता उपलब्ध कराना सरकार एवं समाज दोनों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो पात्र लाभार्थी इस बार किसी कारणवश उपकरण प्राप्त नहीं कर सके हैं, उन्हें आगामी वितरण शिविर में प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाए। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि छूटे हुए सभी पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर उनकी सूची तैयार कराई जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ और अधिक सरलता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनके लिए एक विशेष कार्ड विकसित किए जाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, जिससे विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उन्हें सहज रूप से प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों को रवाना किया तथा उनके उज्ज्वल एवं आत्मनिर्भर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### कोई भी पात्र दिव्यांगजन शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें : डीएम

डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि जनपद का कोई भी पात्र दिव्यांगजन शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि एलिम्को एवं संबंधित विभागों के समन्वय से पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री के निर्देशों के क्रम में छूटे हुए पात्र दिव्यांगजनों का पुनः सर्वेक्षण कर उनकी सूची तैयार कराई जाएगी, ताकि आगामी शिविर में उन्हें भी योजना का लाभ दिलाया जा सके। साथ ही सभी संबंधित विभागों को दिव्यांगजन कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

# राहुल सिंह चौहान ने जन्मदिवस के अवसर पर मंच से 2027 की लगाई हुंकार

**क्षेत्र की जनता ने अपने लोकप्रिय नेता को जन्मदिन के अवसर पर दिया आशीर्वाद**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



2027 विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। ऐसे में जनता के बीच क्षेत्र में निकल कर जनप्रतिनिधि लोगों के दिलों में विश्वास पैदा कर रहे। कुछ ऐसा ही नजारा करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिला। जहां क्षेत्र से विधायकी की ताल ठोक रहे युवा समाजसेवी राहुल सिंह चौहान ने अपने जन्मदिवस कार्यक्रम के अवसर पर लगाई मंच से 2027 की हुंकार । भीड़ जुटाकर लोगों का अभिवादन करते हुए अयोध्या से आए तमाम साधु संतो का आशिर्वाद प्राप्त किया।

शनिवार को करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र के आटा बैसन पुरवा में युवा समाज सेवी राहुल सिंह चौहान ने अपना जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र से टिकट की दावेदारी करने वाले श्री सिंह ने इस अवसर पर अयोध्या से आए पूज्य महाराज श्री श्री 1008 बालक राम दास का भव्य स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया। अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर भारी भरकम भीड़ जुटाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि युवा समाजसेवी राहुल सिंह चौहान काफी समय से क्षेत्र में जमीनी स्तर पर उतर कर लोगों के दिलो में विश्वास जगा रहे है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में फहले से ही दो लोगों का दबदबा रहा है। राजघराने से ताल्लुक रखने वाले स्वर्गीय अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भईया का दबदबा रहा है। जहां से इस बार उनके पुत्र शैलेंद्र सिंह भी ताल ठोक रहे है। वहीं कड़रू के मौजूदा विधायक अजय प्रताप सिंह योगी सरकार के पहले चहेते बने हुए है। ऐसे में इस क्षेत्र से किसी नए चेहरे के लिए चुनौतियां कम नहीं होगी। फिलहाल जन्मदिवस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

## खबरें एक नजर में

### ओबीसी युवाओं को अब एआई की भी मिलेगी मुफ्त ट्रेनिंग, नए छात्रावास भी बनेंगे

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने OBC छात्र-छात्राओं के लिए दो नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार किया है। विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप के अनुसार, अभी तक विभाग द्वारा OBC विद्यार्थियों को O Level और ट्रिपल सी जैसे मुफ्त कंप्यूटर कोर्स करवाए जा रहे हैं। लेकिन बदलते दौर में केवल कंप्यूटर ज्ञान पर्याप्त नहीं है। इसे देखते हुए विभाग ने मुख्यमंत्री तकनीकी दक्षता प्रशिक्षण योजना के तहत कंप्यूटर के साथ-साथ "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की ट्रेनिंग भी देने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा है। यह योजना मौजूदा कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के साथ संचालित होगी। इसके साथ ही विभाग ने मुख्यमंत्री छात्रावास निर्माण योजना का भी प्रस्ताव तैयार किया है। इसके अंतर्गत विभिन्न जिलों में OBC छात्र-छात्राओं के लिए नए छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा।

### दो कारों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत, तीन लोग घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रिसिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बहराइच-नानपारा मार्ग पर दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। यह दुर्घटना बहराइच-नानपारा मार्ग पर स्थित फुलवरिया ग्राम के पास रात करीब नौ बजे हुई। नानपारा की ओर से आ रही एक कार बहराइच से मटेरा जा रही दूसरी कार से टकरा गई। आसपास के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रिसिया पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान, एक कार में सवार अहिरनपुरवा, भौखारा निवासी विनोद यादव (29 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। दूसरी कार में सवार साजिद, चांद बाबू व एक अन्य युवक घायल हो गया । पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, चांद बाबू और साजिद को अधिक चोटें होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### युवक का शव 11 घंटे बाद बरामद, मोहर्रम मेले में डूबा था, दो माह पहले हुई थी शादी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के पुरैना गांव में मोहर्रम मेले के दौरान नहर में डूबे 20 वर्षीय युवक सत्यम का शव शनिवार सुबह करीब पांच बजे बरामद कर लिया गया। सत्यम चन्द्रावा निवासी राजेश कुमार का पुत्र था। सत्यम शुक्रवार देर शाम मेले के दौरान नहर में डूब गया था। घटना के लगभग 11 घंटे बाद नहर का जलस्तर कम होने पर उसका शव डूबने के स्थान से करीब 20 मीटर दूर नहर किनारे आधा डूबा हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, स्थानीय गोताखोर और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रशासन ने तलाश अभियान में मदद के लिए घटना के लगभग एक घंटे बाद ही नहर का पानी रुकवा दिया था। पूरी रात पुलिस, गोताखोरों और ग्रामीणों ने युवक की तलाश जारी रखी। शव बरामद होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि सत्यम की शादी महज दो माह पहले ही हुई थी। जिस घर में हाल ही में खुशियां मनाई गई थीं, वहां अब मातम का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक साल का बेटा अनाथ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक समीर अपने पीछे एक साल का बेटा छोड़ गया है। यह हादसा नानपारा-शिवपुर मार्ग पर बंजारन टांडा स्थित पेट्रोल पंप के सामने दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ। ईंटों से लदी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने समीर की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गए और उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। करीमबक्श पुरवा निवासी 32 वर्षीय समीर पुत्र जाहिद खां दवा लेने के लिए नानपारा जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति से कोटवा की ओर जा रही थी। टक्कर के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। समीर अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी शादी ढाई साल पहले हुई थी और उनका एक साल का बेटा है।

# आचार्य को केवल विषय ज्ञान नहीं बल्कि आदर्श जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए : डॉ. महेन्द्र कुमार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्ग दर्शन, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र. द्वारा संचालित स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर, मालवीय नगर में संकुल गोण्डा में चार दिवसीय आचार्य विकास वर्ग का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री डॉ. महेन्द्र कुमार एवं प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख सुरेश कुमार सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रही।

उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. महेन्द्र कुमार ने आचार्य के दायित्व और गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य केवल शिक्षा देने वाला नहीं अपितु समाज का नेतृत्व करने वाला होता है वह अपने संस्कारों, सद्गुणों और आदर्श आचरण से समाज को संस्कारित बनाने का कार्य करता है, आचार्य को केवल विषय ज्ञान नहीं बल्कि आदर्श जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। प्रान्तीय प्रशिक्षण प्रमुख सुरेश कुमार सिंह ने कहा आचार्य विद्यार्थियों में राष्ट्रहित, समाजहित एवं देशभक्ति की भावना का विकास करता है तथा उन्हें अपसंस्कृति से दूर रखने का प्रयास करता है।

# एक दिवसीय हैम रेडियो ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिला आपदा प्रबंधन अनुभाग, गोंडा के सौजन्य से एल बी एस डिग्री कॉलेज में स्थित रेडियो अवध एवं अवध हैम रेडियो क्लब द्वारा एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को आपातकालीन संचार में हैम रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका तथा इसके विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में लखनऊ से आए हैम रेडियो विशेषज्ञ मनोज बाजपेयी ने इसके संचालन, आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में इसकी उपयोगिता तथा संचार नेटवर्क के रूप में इसकी प्रभावशीलता पर विस्तृत जानकारी दी और आए हुए सभी प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिये।




जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश कुमार ने आपदा और हैम रेडियो से संबंधित अपने विचार रखे और आए हुए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के संयोजक मो0 जुबैर ने बताया कि गोंडा जनपद में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आपातकाल के समय हैम रेडियो की भूमिका को लेकर लोगों की बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कई लोगों ने हैम रेडियो के लाइसेंस लेने में भी रुचि अपनी दिखाई। उन्होंने कहा कि छात्रों को भी हैम रेडियो की जानकारी होनी आवश्यक है इसलिए इस तरह के कार्यक्रम स्कूलों में भी कराए जाने की योजना बनाई जा रही है।

हैम रेडियो ओरिएंटेशन में सी.आई.ए, ब्राह्मी फाउंडेशन एवं आपदा मित्रों ने प्रतिभाग किया।

### हैम रेडियो : संचार का विश्वसनीय और रोमांचक माध्यम

हैम रेडियो, जिसे अमेच्योर रेडियो भी कहा जाता है, एक लाइसेंस प्राप्त वायरलेस संचार प्रणाली है, जिसके माध्यम से रेडियो तरंगों द्वारा देश-विदेश के अन्य हैम रेडियो ऑपरेटरों से संपर्क स्थापित किया जाता है। यह केवल एक शौक ही नहीं, बल्कि विज्ञान, तकनीक और समाज सेवा का उत्कृष्ट माध्यम भी है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि मोबाइल नेटवर्क या इंटरनेट के बंद हो जाने पर भी हैम रेडियो कार्य करता है, इसलिए भूकंप, बाढ़, चक्रवात तथा अन्य आपदाओं के समय यह जीवनरक्षक संचार व्यवस्था सिद्ध होता है।

# जंगल से घिरे गांव में पुलिस की गश्त गायब, चोरों का राज कायम

**लाखों की लूट के बाद ग्रामीणों ने संदिग्ध दबोचा**

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



थाना मोतीपुर पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली और रात्रि गश्त की हकीकत एक बार फिर उजागर हो गई। जंगलों से घिरे खड़िया गांव में बेखौफ चोरों ने लगातार तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

हैरानी की बात यह है कि वारदात के दौरान पुलिस का कहीं कोई अता-पता नहीं था, जबकि चोर घंटों तक गांव में तांडव मचाते रहे। चोरों ने शिवशंकर पुत्र अजय कुमार के घर का मुख्य गेट तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नथ, हार, अंगूठी, मांगटीका समेत करीब पांच लाख रुपये का सामान और 30 हजार रुपये नकद पार कर दिए। परिवार रिश्तेदारी गया हुआ था। सुबह लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। कुछ सामान करीब 800 मीटर दूर गन्ने के खेत में फेंका मिला, जबकि कीमती जेवर और नकदी लेकर चोर फरार हो गए। इसी रात रामऔतार सहित एक अन्य ग्रामीण के घर में भी चोरी की वारदात हुई।

लगातार हो रही चोरियों से पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि पुलिस नियमित रात्रि गश्त करती तो चोर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम नहीं दे पाते। उधर, गुरुवार देर रात चोरों ने खड़िया के मजरा कलंदरा निवासी ओमप्रकाश के घर में भी घुसकर पांच हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद जब वे दूसरे घर की ओर बढ़े तो पहले से सतर्क ग्रामीणों ने रात करीब एक बजे एक संदिग्ध को धर दबोचा। ग्रामीणों ने पूछताछ के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का दावा है कि पूछताछ में उसने अपने कुछ साथियों के नाम भी बताए। हालांकि इन दावों की अभी पुलिस द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है और जांच जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ माह पहले भरथापुर के विस्थापित परिवारों को सरकारी जमीन पर बसाकर नई कॉलोनी बनाई गई थी। इसके बाद क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। हालांकि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति या समूह की संलिप्तता की पुष्टि जांच पूरी होने तक नहीं हुई है। थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जंगलों से घिरे इस संवेदनशील इलाके में पुलिस गश्त क्यों नदारद रही? जब ग्रामीण खुद रात भर पहरा देकर संदिग्ध पकड़ सकते हैं, तो पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अब ग्रामीणों की मांग है कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा हो, दोषियों की गिरफ्तारी हो और क्षेत्र में प्रभावी रात्रि गश्त सुनिश्चित की जाए।

# ओवरलोड बालू ट्रकों के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, नंदवल में लगा घंटों तक जाम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के नंदवल में ओवरलोड बालू ट्रकों के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। खराब सड़कों और धूल-गड्ढों से परेशान लोगों ने ट्रकों का आवागमन रोक दिया, जिससे घंटों जाम लगा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि बालू खनन शुरू होने के बाद वजीरगंज से खदान तक की करीब 15 किलोमीटर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस, एआरटीओ, नायब तहसीलदार और कैसरगंज सपा विधायक अनिल यादव मौके पर पहुंचे। एआरटीओ ने कई ओवरलोड ट्रकों का चालान किया, जबकि अधिकारियों ने सड़क निर्माण और जांच का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक सड़क का निर्माण और ओवरलोड ट्रकों पर प्रभावी रोक नहीं लगेगी, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। फिलहाल प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम समाप्त करा दिया गया।

# थाना समाधान दिवस में थाना रामगांव पहुंचे एसपी

**एसपी ने फरियादियों की सुनी फरियाद, जल्द से जल्द निस्तारण का दिया निर्देश**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



एसपी की अध्यक्षता में शनिवार को थाना रामगांव में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। शनिवार को जनपद के प्रत्येक थाना स्तर पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने राजस्व टीम के साथ थाना रामगांव में उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच के लिए विधिक निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही भूमि विवाद के मामले में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, थानाध्यक्ष रामगांव, राजस्व टीम उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में अग्नि सुरक्षा का मॉक ड्रिल संपन्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




**चिकित्सालय परिसर में बनाई आग लगने की काल्पनिक स्थिति, निपटने के लिए किया प्रदर्शन**

महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय में शनिवार को अग्निकांड जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से अग्निशमन मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान चिकित्सालय परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसके बाद फायर कंट्रोल टीम ने निर्धारित समय के भीतर आग पर नियंत्रण पाने एवं बचाव कार्य की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।

इस अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना तथा चिकित्सकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन के प्रति प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. के. वर्मा, एमएस डॉ. अनूप कुमार, नर्सिंग अधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक, संकाय सदस्यों एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। अग्निशमन विभाग की ओर से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पुलकित चौधरी, एफएलएम विशाल, एफएलएम जितेन्द्र तथा उनकी टीम ने अग्निशमन एवं बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। चिकित्सालय में तैनात पूर्व सैनिक कल्याण निगम के जवान एवं अन्य कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहकर परीक्षण प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रो संजय खत्री ने मॉक ड्रिल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभ्यास समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।झ्मॉक ड्रिल के माध्यम से मेडिकल कॉलेज बहराइच ने यह संदेश दिया कि संस्थान किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहेगी।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में आमजन की शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना गैसड़ी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कानून एवं व्यवस्था से जुड़े संवेदनशील प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच कर त्वरित निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद एवं संवेदनशील मामलों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने थाने में संधारित शिकायत निस्तारण रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक समाधान आधारित होना चाहिए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। पुलिस अधीक्षक ने थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं तत्परता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इस दौरान तहसीलदार तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# नेपियर घास उत्पादन योजना शुरू, आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर।**

जनपद बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु पशुपालकों, पंजीकृत गौशालाओं, गोआश्रय स्थलों एवं इच्छुक कृषकों के लिए नेपियर घास उत्पादन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य गोवंश के लिए वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा पशुपालन को अधिक सुदृढ़ बनाना है।

योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को नेपियर स्लिप उपलब्ध कराई जाएगी तथा उत्पादन हेतु नेपियर सीड बैंक की स्थापना भी की जाएगी। योजना का लाभ पंजीकृत गौशाला, गोआश्रय स्थल, इच्छुक कृषक, पशुपालक, गैर सरकारी संस्थाएं, एफपीओ एवं स्वयं सहायता समूह प्राप्त कर सकते हैं।

योजना के लिए पात्रता के अनुसार लाभार्थी के पास न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर सिंचित भूमि उपलब्ध होना आवश्यक है तथा भूमि तक आवागमन की सुविधा होनी चाहिए। पंजीकृत गौशालाओं एवं अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों से संबंधित ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक कृषकों एवं पशुपालकों के चयन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिला मुखिया परिवारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व संबंधी अभिलेख (खसरा/खतौनी) एवं बैंक खाते का विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु विभागीय माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जाएगा तथा विकास खंड स्तर पर स्थापित पशु चिकित्सालयों के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने जनपद के इच्छुक पशुपालकों एवं कृषकों से अपील की है कि योजना का लाभ उठाकर हरे चारे के उत्पादन को बढ़ावा दें तथा पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाएं।

### निःशुल्क 'ओ' लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में पिछड़े वर्ग के युवक एवं युवतियों के लिए संचालित निःशुल्क 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र भरने के उपरांत उसकी प्रति एवं आवश्यक अभिलेख कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बलरामपुर में जमा किए जा सकते हैं।

# सरकार करायेगी जरूरतमंदों के इलाज व मकान की व्यवस्था : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय भरोसा देते हुए कहा कि जरूरतमंदों के इलाज और मकान की व्यवस्था सरकार कराएगी।

मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को



- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनी लोगों की समस्यायें, बोले, हर समस्या का करायेंगे निस्तारण

संदर्भित कर निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी होना चाहिए। सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के निस्तारण के लिए संकल्पित है। अफसर जन समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाएं। एक महिला ने सीएम योगी से कहा कि उनके पास रहने के लिए अपना मकान नहीं है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। एम्स दिल्ली में इलाज कर रही महिला को सीएम ने राहत कोष से आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। एक महिला की इलाज संबंधी समस्या सुनने के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके इलाज की व्यवस्था गोरखपुर एम्स या बीआरडी मेडिकल कॉलेज में की जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दीं। उन्होंने परिजनों से कहा कि वे बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

### गुड़-रोटी खिलाकर सीएम योगी ने की गोसेवा

शनिवार प्रातः काल सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया।ुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या में शामिल रहती है। शनिवार सुबह भी मुख्यमंत्री, मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, थपकी देखे दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़-रोटी खिलाया। गोसेवा के दौरान गोशाला परिसर में विचरण कर रहे मोरों पर भी मुख्यमंत्री ने स्नेह बरसाया।

# पहली जुलाई से लागू होगी विकसित भारत जी राम जी योजना : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम, 2025 ग्रामीण भारत के विकास और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराएगा, उनकी आय सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा तथा गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।



उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से लागू होने वाली इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और प्रत्येक ग्रामीण परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। ग्रामीण विकास के सशक्त संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश निरंतर आत्मनिर्भर और समृद्ध गांवों के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण परिवारों को आजीविका के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार की गारंटी अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है।

यह निर्णय ग्रामीण श्रमिकों की आय वृद्धि, स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों के विस्तार और गांवों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रोजगार के अतिरिक्त दिनों से ग्रामीण परिवारों की आजीविका मजबूत होगी, स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## खबरें एक नजर में

### प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपित मुठभेड़ में ढेर



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपित शूटर को शनिवार भोर में एसटीएफ और लखनऊ पुलिस की सयुंक्त टीम ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उस पर एक लाख रुपये का इनाम था। मुखबिर की ओर से एसटीएफ को सूचना मिली कि संदीप सिंह की हत्या में फरार मुख्य आरोपित संजय उर्फ संजीव किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से कैनाल रोड पर है। इस सूचना पर एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक दीपक सिंह ने टीम के साथ बदमाश की घेराबंदी की तो उसने कर्बाइन से टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में टीम ने गोली चलाई जिसमें वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस उसे इलाज के लिए डा. राम मनोहर लोहिया ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएपी ने बताया कि एनकाउंटर में मारा गया बदमाश संजीव अम्बेडकर नगर का रहने वाला था। वह एक शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ लखनऊ, अयोध्या, अम्बेडकर, बस्ती समेत कई जिलों में मुकदमें दर्ज है। इसके अलावा यह भी पता चला है कि बदमाश दिलीप वर्मा और खान मुबारक गैंग के लिए काम करता था। उसकी गिरफ्तारी पर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की ओर से एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। उल्लेखनीय है कि प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह मूलरूप से जौनपुर के टकारी गांव के रहने वाला था। संदीप 2008 में पिता के साथ लखनऊ में रहकर प्रॉपर्टी का काम करते थे। 27 मई को संदीप की पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित अपने आफिस के पास बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में संजीव का नाम आया था, जिसके बाद से टीम उसे तलाश कर रही थी।

### पांच एसीपी के तबादले, ज्ञानेंद्र सिंह कैंट से मलिहाबाद पहुंचे, महेश त्यागी को ट्रैफिक की जिम्मेदारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में शनिवार को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) स्तर पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस आयुक्त के आदेश पर 5 अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादलों में ट्रैफिक, गाजीपुर, कैंट, मलिहाबाद और साइबर जैसे अहम सर्किल शामिल हैं। महेश त्यागी को एसीपी ट्रैफिक बनाया गया है। अतुल कुमार पाण्डेय को गाजीपुर सर्किल की कमान सौंपी गई है। सुजीत कुमार दुबे को मलिहाबाद से हटाकर एसीपी कैंट नियुक्त किया गया है, जबकि ज्ञानेन्द्र सिंह को कैंट से मलिहाबाद भेजा गया है। वहीं प्रतीक दहिया को एसीपी साइबर, यूपी-112 और पुलिस लाइन्स की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट में हुए इस प्रशासनिक फेरबदल को कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने की कवायद माना जा रहा है। नई तैनाती वाले अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लखनऊ में सीतापुर की लड़की का शव मिला, छुट्टी पर बुआ के घर आई थी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के सराय करौरा गांव में शनिवार सुबह सीतापुर की 16 वर्षीय किशोरी का शव तालाब में उतराता दिखा। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान सीतापुर के सुभाष नगर निवासी आम्रपाली गौतम (16) के रूप में हुई है। वह लगभग 12-13 दिन पहले अपनी बुआ लक्ष्मी देवी के घर गर्मी की छुट्टियां बिताने आई थी। उसकी बुआ किराये के मकान में रहती हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोरी शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे अपने घर से निकली थी। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में उसे तालाब की ओर जाते हुए देखा गया। परिजनों ने बताया कि आम्रपाली कक्षा 9 की छात्रा थी। उसके पिता का निधन कई साल पहले हो चुका है। परिवार में उसकी मां रेखा देवी और भाई-बहन पुष्पेंद्र, आकांक्षी और अनामिका हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मौत के सही कारणों की जांच की जा रही है। मामले के सभी पहलुओं पर गहनता से छानबीन जारी है।

### परिवहन विभाग का स्कूली बसों के खिलाफ विशेष जांच अभियान पहली जुलाई से

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग 1 जुलाई से 31 जुलाई तक स्कूली बसों के फिटनेस संबंधी जांच के लिए अभियान चलाएगा। अभियान का लक्ष्य न केवल नियम लागू करना है बल्कि स्कूल परिवहन को एक सुरक्षित जवाबदेह और पारदर्शी सेवा बनाना है। अभियान के तहत बसों की तकनीकी खराबी, फिटनेस, सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। चालकों का भी भौतिक सत्यापन, जांच इत्यादि की जाएगी। जांच में बस बॉडी की संरचना, बस की छत की निर्धारित भार मानक के अनुसार मजबूती, सीट एवं सीट एंकरेज टेस्ट, बॉडी चेसिस माउंटिंग टेस्ट, आपातकालीन गेट इत्यादि पर विशेष फोकस रहेगा। साथ ही बसों में क्षमता के अनुरूप 2 केजी एबीएस टाइप, ड्राई पाउडर, फायर

# वन नेशन, वन इलेक्शन कहने वाले नहीं करवा पा रहे प्रधानी का चुनाव : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन कहने वाले लोग प्रधानी का चुनाव नहीं करवा पा रहे हैं, सच्चाई ये है कि हमारे प्रधान भाइयों का खर्चा बढ़ा दिया।

अखिलेश यादव शनिवार को आजमगढ़ में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर हाईकोर्ट की टिप्पणी पर कहा कि जो सरकार नवम्बर में विधानसभा चुनाव कराने का प्रोपेगंडा फैला रही है, वह प्रधानी का चुनाव नहीं करा पायी। जो वन नेशन, वन इलेक्शन की बात कर रहे थे, वे प्रधानी का चुनाव नहीं करा पाये। भाजपा सरकार ने प्रधानों का खर्चा बढ़ा दिया। अब जब तक

- भाजपा सरकार ने प्रधानों का खर्चा बढ़ा दिया
- प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने जा रही

चुनाव नहीं होगा, प्रधानों को तब तक पैसा खर्चा करना होगा।

लखनऊ में अग्निकांड की घटना में कई घरों के कमाने वाले बच्चों की जान चली गयी, लेकिन मुख्यमंत्री पीड़ित परिवारों से कह रहे हैं कि भाषण मत सुनाओ। जब मीडिया के सामने मुख्यमंत्री का व्यवहार ऐसा है तो पीछे कैसा व्यवहार होगा? सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने जा रही है। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। हर



तरफ लूट मची है। आम जनता को थाना, तहसील से लेकर हर जगह भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हो गयी है। अस्पतालों में समुचित दवा, इलाज नहीं मिल रहा है। इस सरकार में पीडीए का आरक्षण छीना गया। भाजपा को 10 साल की सरकार का हिसाब देना होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। पीडीए (पिछड़ा,दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार में सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी। उत्तर प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का कार्य होगा। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाना बहुत जरूरी है। भाजपा लोकतंत्र को नहीं मान रही है। अगर भाजपा फिर यूपी में जीत गयी तो आगे चुनाव नहीं होगा। लोगों को वोट देने का मौका नहीं मिलेगा। बंगाल विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुई है। चुनाव में जो कुछ हुआ उसे सभी ने देखा है। अखिलेश के कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में चढ़ावा का मामला निन्दनीय और चिंताजनक है। अयोध्या देश ही नहीं दुनिया भर के सनातनियों के लिए आस्था का स्थान है। धार्मिक नगरी के कारण अयोध्या से सनातनियों का भावनात्मक लगाव है। वहां जो हुआ वह निन्दनीय है। इस घटना से देश की जनता दुःखी है।

# प्रदेश के 3.30 करोड़ बच्चों को रविवार से पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में शून्य से पांच वर्ष तक के 3.30 करोड़ नौनिहालों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का अभियान रविवार से शुरू होगा। पहले दिन लगभग 1.10 लाख बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। सोमवार से 70 हजार टीमें और 35 हजार पर्यवेक्षक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाएंगे।

महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. एच.डी. अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि प्रदेश पिछले 16 वर्षों से पोलियो मुक्त बना हुआ है, लेकिन इस वर्ष पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के तीन मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में हमें पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि जब तक दुनिया पूरी तरह पोलियो मुक्त नहीं हो जाती,




तब तक संक्रमण का खतरा बना रहेगा। हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को दवा पिलाना नहीं, बल्कि प्रदेश में पोलियो वायरस के किसी भी संभावित प्रवेश को रोकना है। इसके लिए बूथ, घर-घर अभियान, ट्रांजिट और मोबाइल टीमों के माध्यम से व्यापक रणनीति तैयार की गई है। सभी जनपदों में 6,500 ट्रांजिट टीमें और 1,700 मोबाइल टीमें बस एवं टेंपो स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्ठों और अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगी।

# शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के संकल्प के साथ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित आठ-दिवसीय 'इन-सर्विस टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप' शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के संकल्प के साथ आज सम्पन्न हो गई। 'इन-सर्विस टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप' के अन्तर्गत सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस, गोमती नगर प्रथम कैम्पस, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस एवं कानपुर रोड कैम्पस के सभागारों में विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित की गई, जिनमें सी.एम.एस. के प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, जूनियर व सीनियर सेक्शन के 2000 से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

खास बात रही कि इन कार्यशालाओं के अन्तर्गत प्रिवेन्शन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेन्ट (पोश), प्रिवेन्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल अफेन्स एक्ट (पाक्सो), कार्पोरल पनिशमेन्ट एवं रिस्टोरेटिव जस्टिस आदि विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा एवं जानकारियों का आदान-प्रदान हुआ। विदित हो कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा अपने कर्मठ एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों के 'निरन्तर कौशल विकास' कार्यक्रम के अन्तर्गत आठ-दिवसीय 'इन-सर्विस टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप' का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को शैक्षिक मानदंडो से अवगत कराने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास तथा अभिनव प्रयोगों से परिचित कराना था। इन-सर्विस टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप के अन्तिम दिन आज सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के सभागार में 'ए.आई प्राम्प्ट इंजीनियरिंग' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों के 200 से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग कर आर्टिफिशिअल इंटेलीजेन्स (ए.आई.) के विविध पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। इस कार्यशाला का संचालन श्री शोभित कंचन ने किया। इसी प्रकार, सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यशाला में सी.एम.एस. के कला एवं संगीत शिक्षकों ने प्रतिभाग किया जबकि सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में बायो-टेक्नोलॉजी विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि बीते आठ दिनों में आयोजित ये प्रशिक्षण कार्यशालाएं अत्यन्त सफल रही है, जिसमें शिक्षकों ने बहुत सी नई बातें सीखी हैं और विचारों के आदान-प्रदान ने शिक्षा पद्धति को एक नई दिशा दी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्री-प्राइमरी व प्राइमरी शिक्षा का समय ही वह सबसे अच्छा समय है जब बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव रखी जाती है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि शिक्षक बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान ही न दें अपितु उनमें मानवीय मूल्यों एवं नैतिकता के विचारों का समावेश भी करें।

# एमएसएमई देश में रोजगार का दूसरा बड़ा साधन : अमित गुप्ता

- मुरलीधर आहूजा एमएसएमई प्रणेता सम्मान से सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

एमएसएमई, यह भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो जीडीपी में बड़ा योगदान देने के साथ-साथ करोड़ों लोगों को रोजगार प्रदान करती है। यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। यह कृषि के बाद देश में रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा साधन है। यह बात आज होटल रेनेसा में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर आयोजित उद्योग संवाद और सम्मान



समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कही। उन्होंने आगे कहा कि एमएसएमई देश का जीडीपी में 32 प्रतिशत योगदान देता है, रोजगार में 43 प्रतिशत योगदान करता है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में लगभग एक लाख से ज्यादा एमएसएमई यूनिट है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की, कि एमएसएमई की लैंडिंग भारत सरकार की तरह उत्तर प्रदेश सरकार भी करे, तमिलनाडु सरकार ने यह पहल की है। उन्होंने आगे कहा कि आज जरूरत स्किल्ड वर्कर्स की है, आज शिक्षा का दायरा तो बढ़ा है लेकिन आवश्यकतानुसार स्किल्ड युवाओं की संख्या काफी कम है, इसलिए शिक्षा के साथ स्किल्ड डेवलपमेंट को बढ़ावा देना भी जरूरी है, क्योंकि काफी योजनाएं आरम्भ तो हो जाती हैं, लेकिन स्किल्ड वर्कर्स न मिलने पर योजनाएं ठप हो जाती हैं। गजेंद्र शर्मा ने कहा कि एमएसएमई की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यापारी लाभान्वित हो रहे हैं। समारोह में अमित गुप्ता और अनीता अग्रवाल ने मुरलीधर आहूजा को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर एमएसएमई प्रणेता सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष, अनीता अग्रवाल राष्ट्रीय अध्यक्षा महिला विंग, गजेंद्र शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जगत नारायण अग्रवाल प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री, आलोक आर्या प्रदेश महामंत्री (संगठन) ,रविन्द्र जायसवाल प्रदेश महामंत्री, देवेन्द्र अग्रवाल प्रदेश मंत्री एवं मनीष भटियानी महानगर अध्यक्ष सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए व्यापारी उपस्थित थे।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने अधोमानक पानी की जब्ती व अनधिकृत विक्रेता पर की सख्त कार्रवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अरिजीत सिंह के निर्देशन में, सहायक वाणिज्य प्रबंधक ओंकार नाथ वर्मा द्वारा आज ट्रेन संख्या 20103 के रसोई यान (पैंट्री कार) के निरीक्षण के दौरान 680 बोतल अधोमानक पानी जब्त किया गया। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 13020 के निरीक्षण में 250 बोतल अधोमानक पानी जब्त किया गया। दोनों ट्रेनों से जब्त की गई कुल 930 बोतल




अधोमानक पानी को एलपीओ गोंडा में जमा करवा दिया गया है। ट्रेन संख्या 20103 में जाँच के दौरान एक अनधिकृत वेंडर को पकड़ा गया, जिसे ऑन-बोर्ड आरपीएफ स्टाफ को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्री स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे अनैतिक तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। यात्रीगण भी निम्न गुणवत्ता वाले पानी या अनधिकृत विक्रेताओं से सावधान रहें। रेलवे का यह अभियान यात्री सेवा को और अधिक विश्वसनीय एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सड़क नहीं बनी तो पानी टंकी पर चढ़े पूर्व बीडीसी, हंगामा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी में शनिवार को बदहाल सड़कों के विरोध में पूर्व बीडीसी राजू यादव पानी की ऊंची टंकी पर चढ़ गए। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद गांव की सड़कें नहीं बनाई गईं। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें नीचे उतारने के प्रयास में जुट गए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजबाला रावत टंकी पर चढ़ीं और बातचीत कर उन्हें नीचे उतरने के लिए राजी किया। पूरा मामला दुबग्गा थाना क्षेत्र के टांड़ खेड़ा गांव का है। राजू यादव का आरोप है कि गांव की सड़कें लंबे समय से जर्जर हैं। उन्होंने कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

**सराहनीय** | आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एग्रीकल्चर समेत प्रमुख सेक्टर्स में मिलेगा प्रशिक्षण

# योगी सरकार के प्रोजेक्ट प्रवीण से संवरेगा युवाओं का भविष्य

- 15 जुलाई 2026 से शुरू होंगी कक्षाएं, बैच में अधिकतम 35 प्रशिक्षणार्थी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारपरक कौशल से जोड़ने की मुहिम तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण (एसटीटी) के लिए लक्ष्य आवंटित कर दिए गए हैं।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता




राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का मुख्य ध्येय है कि प्रदेश का कोई भी युवा हुनर से वंचित न रहे।

प्रोजेक्ट प्रवीण के जरिए हम राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी और व्यावसायिक क्षेत्रों में मजबूत कर रहे हैं। इस योजना के तहत आईटी (आईटी-आईटीईएस), हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, अपैरल, ब्यूटी एंड वेलनेस और कृषि जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रत्येक बैच में अधिकतम 35 प्रशिक्षणार्थियों की सीमा तय की गई है। इससे बच्चों को प्रयोगात्मक और व्यावहारिक ज्ञान बेहतर ढंग से मिल सकेगा। इस वर्ष प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत प्रदेश भर में कुल 36 हजार 103 प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्रशिक्षण देने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों जैसे आगरा, बरेली, आजमगढ़, ललितपुर, वाराणसी, रामपुर, शाहजहांपुर, जालौन और सोनभद्र सहित राज्य के राजकीय विद्यालयों में सूची बद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रमुख सेक्टर्स में आईटी-आईटीईएस, हेल्थकेयर, अपैरल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एंड वेलनेस, मैनेजमेंट, ग्रीन जॉब्स और एग्रीकल्चर शामिल हैं। पाठ्यक्रम की अधिकतम अवधि 300 घंटे होगी।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं को सख्त समय-सीमा का पालन करना होगा। प्रशिक्षण प्रदाताओं को केंद्र की स्थापना, पंजीकरण और बैच निर्माण की प्रक्रिया पूरी कर 15 जुलाई, 2026 तक हर हाल में कक्षाओं का संचालन शुरू करना होगा। बैच शुरू होने के 07 कार्य दिवसों के भीतर सभी छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण कर उसकी तस्वीरें मिशन पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। यदि कोई प्रशिक्षण प्रदाता समय पर कार्य आरंभ नहीं करता है या जनपद स्तर से किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खुशियों की पाठशाला के तहत ब्लॉक प्रिंटिंग एक्टिविटी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के राज्य संग्रहालय संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित खुशियों की पाठशाला ग्रीष्मकालीन इंटरएक्टिव गतिविधियों की शखला के अंतर्गत शनिवार को ब्लॉक प्रिंटिंग एक्टिविटी का सफल आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, कलात्मक अभिरुचि तथा पारंपरिक भारतीय कला विधाओं के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

कार्यक्रम में सिटी मोंटेसरी स्कूल एवं लखनऊ पब्लिक स्कूल के 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के कुल 61 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने ब्लॉक प्रिंटिंग



की विभिन्न तकनीकों को सीखा एवं अपने सृजनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर लखनऊ राज्य संग्रहालय के निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उन्हें भारतीय कला एवं संस्कृति से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं।

कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक, सज्जा कला द्वारा किया गया। उनके कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन संपन्न हुआ। राज्य संग्रहालय, लखनऊ भविष्य में भी बच्चों एवं युवाओं के लिए इस प्रकार की शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, जिससे सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग से पांच साल तक यौन शोषण कर रहे मुस्लिम युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शादी का झांसा देने के बाद मना करने पर हिंदू पीड़िता ने उठाया कदम**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** शादी का झांसा देकर 16 साल की उम्र से लगातार जगह जगह लेजाकर यौन शोषण करने वाले मुस्लिम युवक द्वारा शादी से मना करने तथा जिद करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र की एक 21 वर्षीय युवती ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तिलहर के मोहल्ला केलरगंज निवासी मोईस खान पुत्र मोबीन खान द्वारा पांच साल पहले उसे बहला फुसलाकर उसके साथ शादी करने का झांसा देकर जगह जगह ले जाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाता चला आ रहा है। आरोप है कि जब भी वह शादी करने को कहती तो मोईस खान कहता चला आ रहा कि आगे चलकर शादी कर लेगे। आरोप है कि करीब डेढ माह पूर्व मोईस खान ने उसे बरेली मे किसी होटल मे ले जाकर यौन शोषण किया और कह दिया कि वह मुस्लिम जाति की लड़की के साथ ही अपनी शादी करेगा। वह उसके साथ शादी नहीं कर सकता। विरोध करने पर उसने गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी युवक मोईस खान को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी थी। सीओ इशिका सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता के चिकित्सीय परीक्षण हेतु उसे शुक्रवार रात को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है।

### कुलपति ने की वन राज्य मंत्री से शिष्टाचार भेंट

**जुलाई के प्रथम सप्ताह में विश्वविद्यालय पहुंचेंगे वन राज्य मंत्री**



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरुण सक्सेना से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान कुलपति प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में संचालित हरित परिसर (ग्रीन कैंपस) एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलों की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय आगमन का आमंत्रण दिया। आमंत्रण स्वीकार करते हुए वन राज्य मंत्री डॉ अरुण सक्सेना ने जुलाई के प्रथम सप्ताह में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय आने की सहमति प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान में सहभागिता करने तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की भी स्वीकृति दी। शिष्टाचार भेंट के दौरान कुलपति एवं वन राज्य मंत्री महोदय के बीच पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा युवाओं में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने जैसे विषयों पर भी सार्थक विमर्श हुआ। कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए निरंतर हरित एवं स्वच्छ परिसर के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है। ऐसे में पौधरोपण जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना को और अधिक सुदृढ़ करेंगी। वन राज्य मंत्री डॉ अरुण सक्सेना ने विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही हरित एवं सतत भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के साथ पौधारोपण अभियान में सहभागिता का अवसर प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### घटते मानवीय मूल्य चिन्ता का विषय

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिला संरक्षक बोर्ड ऑफ ह्यूमन राइट के आवास पर एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने लखनऊ अलीगंज स्थित कोचिंग- ऐनीमेसन सेन्टर में हुए हादसे में दिवंगत आत्माओं की शान्ति हेतु प्रार्थना की। साथ ही समाज में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आवाह्न किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मो.वारिस खां ने कहा कि शिक्षा और पैसा संसाधन तो बढ़े हैं लेकिन घटते मानवीय मूल्य चिन्ता का विषय है। बैठक में देवेश त्रिपाठी, मो. आमिल खां, मो. शफीक, राहुल, डा. रियाजुद्दीन, हरिचरण मिश्रा, सर्वेश्वरानंद, विनोद शर्मा, संतोष त्रिवेद्वी आदि मौजूद रहे।

### मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे गड्ढों में तब्दील आए दिन दुर्घटनाएं होने से बना मौत का हाइवे



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे ग्राम पंचायत जरियनपुर के तारापुर तिराहे से गंगा चौराहे तक उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गया है। जिससे यहां आए दिन ई रिक्शा और दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बीती 21 जून को हाइवे के इन्हीं गड्ढों में बरातियों से भरी एक निजी बस बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर हाइवे किनारे 15 फिट गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई थी। जिसमें दर्जनों बराती घायल हो गए थे। 24 जून को भी इन्हीं गड्ढों में सवारियों से भरा एक ई रिक्शा पलट गया था। जिसमें क्षेत्र के ग्राम पापरि निवासी 40 वर्षीय तारा देवी के दोनों पैर टूट गए थे। बीते दिवस भी हाइवे पर इन्हीं गड्ढों से बचने के चक्कर में दो बाईकें आमने सामने भीड़ गई। जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। गड्ढों में तब्दील इस हाइवे पर आए दिन दुर्घटनाएं होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग इन गड्ढों को समतल करवाने की जरूरत नहीं समझ रहा है। वहीं क्षेत्र के विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि भी इस हाइवे की मरम्मत के प्रति लापरवाह बने हुए हैं। ग्राम पंचायत जरियनपुर के तारापुर तिराहे और गंगा चौराहे पर दुकान चलाने वाले दुकानदारों ने लोक निर्माण विभाग के अफसरों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से हाइवे की शीघ्र मरम्मत करवाए जाने की मांग की है।

### खुदागंज के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट गहराया, ग्रामीणों में नाराजगी

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में लगातार बिजली कटौती से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई गांवों में बीती पूरी रात बिजली आपूर्ति ठप रही, जबकि कुछ क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत है। इससे लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन कई बार फोन का जवाब नहीं मिलता। साथ ही, बिजली कब आएगी या कटौती कितने समय तक रहेगी, इसकी स्पष्ट जानकारी भी नहीं दी जाती। इससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

बिजली संकट का सबसे अधिक असर मरीजों, बुजुर्गों, छोटे बच्चों और विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। रातभर बिजली न रहने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो रही है और दैनिक कार्यों में कठिनाइयाँ आ रही हैं। किसानों को भी सिंचाई संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से अपेक्षित पहल दिखाई नहीं दे रही है। उनका कहना है कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से प्रभावी ढंग से बात कर बिजली व्यवस्था सुचारु कराने का प्रयास होना चाहिए।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में जल्द सुधार किया जाए, शिकायतों का समय पर निस्तारण हो, अधिकारियों द्वारा फोन पर जनता की बात सुनी जाए तथा कटौती और फॉल्ट की सही एवं समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# राइड ऑफ फैंटेसी: वंदे भारत से लखनऊ भ्रमण कर लौटे विद्यार्थी

**बच्चों के साथ शिक्षा के साथ मनोरंजन का मिला अनूठा अनुभव**




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 द्वारा राइड ऑफ फैंटेसी-गिविंग ट्रैक्स टू ड्रीम्स पहल के अंतर्गत 30 आर्थिक रूप से कमजोर वंचित विद्यार्थियों को दो दिवसीय शैक्षणिक एवं मनोरंजन भ्रमण पर वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से लखनऊ ले जाया गया। कार्यक्रम में शाहजहांपुर के 15 एवं बरेली जिले के 15 विद्यार्थी शामिल हुए। इस विशेष पहल का उद्देश्य बच्चों को कक्षा की चारदीवारी से बाहर निकालकर उन्हें नए अनुभव प्रदान करना, विज्ञान, इतिहास एवं संस्कृति से परिचित कराना तथा उनके आत्मविश्वास एवं सपनों को नई उड़ान देना था।लखनऊ पहुंचने पर बच्चों को सबसे पहले रीजनल साइंस सिटी, अलीगंज का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने विज्ञान के विभिन्न इंटरैक्टिव मॉडल, रोचक प्रयोग एवं आधुनिक तकनीकों को नजदीक से देखा और उनके बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों ने 3 डी एनिमेशन शो का भी भरपूर आनंद लिया, जिसने विज्ञान को मनोरंजन के साथ जोड़ते हुए सीखने का एक अनूठा अनुभव प्रदान किया। इसके पश्चात बच्चों को डा. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं पार्क ले जाया गया, जहां उन्होंने इसकी भव्य वास्तुकला, विशाल परिसर एवं ऐतिहासिक महत्व को जाना। दिन भर के भ्रमण के बाद सभी बच्चों का रात्रि विश्राम लखनऊ में कराया गया। बच्चों को बड़ा इमामबाड़ा का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने लखनऊ की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा तथा भूल-भुलैया एवं इमामबाड़े की ऐतिहासिक विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण सम्पन्न होने के उपरांत सभी बच्चों को वंदे भारत एक्सप्रेस द्वारा सुरक्षित रूप से शाहजहांपुर एवं बरेली वापस लाया गया, जहां उनके परिजनों एवं संस्था के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे भ्रमण के दौरान बच्चे अत्यंत खुश, उत्साहित एवं रोमांचित दिखाई दिए। अधिकांश बच्चों के लिए यह पहली बार वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा करने तथा लखनऊ जैसे बड़े शहर को देखने का अवसर था। बच्चों ने बताया कि इस यात्रा से उन्हें विज्ञान, इतिहास एवं संस्कृति के बारे में बहुत कुछ नया सीखने को मिला। उन्होंने इस अविस्मरणीय अनुभव के लिए संस्था का हृदय से धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके जीवन के सबसे यादगार पलों में से एक रहेगा। इस शैक्षणिक एवं मनोरंजन यात्रा में संस्था की ओर से वर्तमान चेयरमैन एलएमएफ अक्षत सक्सेना एवं चार्टर चेयरमैन एलएमएफ शिवम अग्रवाल स्वयं बच्चों के साथ लखनऊ गए तथा पूरे भ्रमण के दौरान उनकी देखरेख, मार्गदर्शन एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि का उद्देश्य केवल बच्चों को एक यात्रा कराना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करना है जो उनके सपनों को नई दिशा दें, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएं और उन्हें बड़े सपने देखने की प्रेरणा दें। संस्था भविष्य में भी ऐसे जनहित एवं बाल विकास से जुड़े नवाचारपूर्ण प्रकल्पों का आयोजन करती रहेगी। राइड ऑफ फैंटेसी वास्तव में इन बच्चों के लिए केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सपनों को नई पटरियों पर आगे बढ़ाने वाला एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

## यादों की सवारी का प्रसारण रविवार को

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** रविवार 28 जून को विशेष रेडियो झलकी यादों की सवारी का प्रसारण किया जाएगा। यह प्रस्तुति स्मृतियों, संवेदनाओं और जीवन के अनुभवों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करने वाली एक भावपूर्ण रेडियो रचना है। यादों की सवारी के लेखक डॉ. इरफान ह्यूमन हैं। इसका निर्देशन एवं प्रस्तुतीकरण अतिश कुमार श्रीवास्तव ने किया है, जबकि संपादन एवं प्रस्तुति सहयोग कीर्ति श्रीवास्तव का है। इस रेडियो झलकी में अपनी आवाज और अभिनय से योगदान देने वाले कलाकार राघवेन्द्र प्रताप सिंह, विनय शुक्ला, सना शेख, ओम प्रकाश उजाला, शोभित शर्मा, अरविंद मिश्रा और स्मृति शुक्ला सरकार है। कार्यक्रम का प्रसारण रविवार 28 जून को दोपहर 1:15 बजे किया जाएगा। श्रोता इसे आकाशवाणी लखनऊ के मीडियमवेव 747 किलोहर्ट्ज तथा न्यूजऑनएयर ऐप पर सुन सकेंगे।

### फूड कंपनी से चार बैग चने की दाल चुराता श्रमिक पकड़ा

समृद्धि न्यूज

**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र में फूड कंपनी के गार्ड ने एक श्रमिक को गोदाम से चने की दाल के चार बैग चुराते रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चोरी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। थाना रामचन्द्र मिशन के मोहल्ला फतेहपुर रेती निवासी पुष्पेंद्र अवस्थी ने पुलिस को बताया कि नेनीमेमी फूड प्राइवेट लिमिटेड हथौडा बुजुर्ग थाना रोजा जनपद शाहजहापुर का कम्पनी का प्रतिनिधि है उसकी कम्पनी में मोहित सक्सेना पुत्र श्री जगदीश सक्सेना निवासी मो0 मेहमन्द हदफ थाना सदर बाजार श्रमिक के रूप में कार्यरत है। गुरूवार की रात्रि के करीब पौने दस बजे कम्पनी के गोदाम से चार बैग चने की दाल जिसका अनुमानित कीमत लगभग 18 हजार रुपये है। चोरी से निकाल लिया था। जिसे चोरी से निकालते हुए कम्पनी के पड़ोस में रह रहे लोगों व कम्पनी के गार्ड ने देखा था। माल को निकालने के बाद जैसे ही मनोज माल को रात्रि में ले जा रहा था, तो कम्पनी के गार्ड द्वारा एक बैग माल के उसे पकड़ लिया था तथा पुलिस को सूचित कर दिया था। मौके पर पुलिस को बुलाकर अन्य माल को आसपास तलाश किया गया तो कम्पनी के बाहर मैदान में अन्य तीन बैग दाल रखे मिले थे। सम्पूर्ण घटना कम्पनी के सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

## बिजली समस्या को लेकर भाकियू ने उपकेंद्र घेरा

**फुंके पड़े ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग, लाइनमैन नही उठाते फोन**



**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में लगातार बनी बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर शनिवार सुबह करीब 11 बजे किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह के नेतृत्व में किसानों ने हाइडिल कार्यालय पहुंचकर जेई सुनील बाबू को समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि चदपई और सैजना गांव के ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि कई संविदा लाइनकर्मी किसानों के फोन नहीं उठाते, बल्कि कुछ अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर लेते हैं। अवर अभियंता सुनील बाबू ने किसानों की शिकायतें सुनने के बाद संबंधित कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ट्रांसफार्मर समेत अन्य बिजली संबंधी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा तथा कर्मचारियों को किसानों के फोन का जवाब देने के निर्देश भी दिए। किसानों ने आरोप लगाया कि एसडीओ राजू को कई बार फोन करने के बावजूद उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। उनका कहना था कि कई किसान बिजली बिल और अन्य समस्याओं को लेकर संपर्क करना चाहते हैं, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण उन्हें निराशा हाथ लग रही है। इस दौरान किसान यूनियन के दूसरे गुट के जिला अध्यक्ष मुकुट बिहारी यादव, राजू गुप्ता, गुरजीत सिंह, रामदेव,कुलविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, सरवन सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## एनडीआरएफ ने शारदा नहर में डूबी 19 वर्षीय युवती का शव बरामद किया

**बंडा क्षेत्र के मकसूदापुर में शारदा नहर में डूबने से एक युवती की हुई थी मौत**

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना बंडा क्षेत्र अंतर्गत शारदा नहर मकसूदपुर के समीप एक दुःखद दुर्घटना में 19 वर्षीय युवती की नहर में डूबने से मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद शव की तलाश की जा रही थी। जिसके बाद शनिवार को एनडीआरएफ टीम ने शारदा नहर से युवती का शव बरामद कर पुलिस को सौंप दिया।

बता दें कि युवती अपनी माता के साथ निकटवर्ती गांव से रिक्शा द्वारा दवा लेने जा रही थी। तभी सुबह लगभग 8रू45 बजे शारदा नहर के पास रिक्शे से उतरकर वह नहर में सिक्का डालने के लिए किनारे गई। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नहर में गिर गई। नहर में पानी अत्यधिक गहरा तथा तेज बहाव वाला था। साथ ही नहर में मगरमच्छ होने की आशंका के कारण स्थानीय लोग तत्काल बचाव कार्य नहीं कर सके। घटना की सूचना थाना बंडा थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार एवं एडीएम वित्त अरविंद कुमार द्वारा एनडीआरएफ को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही पूर्व मानसून तैनाती के अंतर्गत हनुमतधाम में तैनात एनडीआरएफ की टीम 8 एम टीम कमांडर निरीक्षक दीपिका, उप निरीक्षक वीरेंद्र, सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र एवं अन्य बचावकर्मियों के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और सघन खोज एवं बचाव अभियान प्रारंभ किया। नहर में तेज बहाव, अत्यधिक गहराई तथा मगरमच्छ की मौजूदगी जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद एनडीआरएफ टीम ने लगातार सर्च ऑपरेशन जारी रखा। अभियान के दौरान घटनास्थल से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर युवती का शव बरामद किया गया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु एनडीआरएफ द्वारा शव को पुलिस प्रशासन के सुपुर्द कर दिया गया।

### गुजरात से लौटे युवक की उपचार के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहाँपुर।** थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम भर्री बसंतपुर निवासी 18 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो जाने से पूरे परिवार में मातम छा गया। मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहारा बनने गुजरात गया युवक अचानक जिंदगी की जंग हार गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम भर्री बसंतपुर निवासी प्रवीन कुमार (18) पुत्र मथुरा प्रसाद अपने बड़े भाई के साथ गुजरात में रहकर मजदूरी करता था। करीब 15 दिन पहले काम के दौरान उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। स्वास्थ्य लगातार खराब रहने पर वह अपने गांव लौट आया, जहां कुछ दिन तक उसका उपचार चलता रहा। बताया जा रहा है कि 22 जून को उसकी हालत एक बार फिर गंभीर हो गई। परिजन तत्काल उसे बरेली के मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए जवाब दे दिया। इसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल शाहजहांपुर लेकर पहुंचे, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह जिला नियंत्रण कक्ष से व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिलने पर थाना खुदागंज पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सके। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला बीमारी के चलते हुई मृत्यु का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**जलसेवा: शरबत आपके लिए, पौधा आपकी आने वाली पीढ़ी के लिए**

# पर्यावरण संदेश के साथ मानवता सोसायटी ने किया शरबत व पौध वितरण

समृद्धि न्यूज





**शाहजहांपुर।** पर्यावरण संरक्षण, जनसेवा एवं सामाजिक सरोकारों को समर्पित मानवता वेलफेयर सोसायटी ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को चिनौर तिराहा पर बड़ी संख्या में राहगीरों लिए शरबत एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। भीषण गर्मी में लोगों को शीतल शरबत पिलाते हुए संस्था ने प्रेरक संदेश दिया शरबत आपके लिए, पौधा आपकी आने वाली पीढ़ी के लिए कार्यक्रम के दौरान संस्था सदस्यों ने राहगीरों एवं श्रमिकों को नीम, पीपल, बरगद, जामुन, नींबू, अमरूद,अर्जुन एवं अन्य छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का वितरण कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। यह पौधे वन विभाग के अपर सांख्यिकीय अधिकारी अनिल कुमार द्वारा उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में डीपीओ डा. विनय कुमार सक्सेना ने मानवता वेलफेयर सोसायटी की इस जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण की पहल की सराहना करते हुए सभी स्वयंसेवकों को नमामि गंगे की ओर से कैप भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त शरबत एवं पौध वितरण अभियान की प्रशंसा करते हुए सभी नागरिकों से प्लास्टिक मुक्त जनपद के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाने का आह्वान किया। शरबत वितरण के उपरांत संस्था के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम स्थल की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग रागिनी, यातायात उप निरीक्षक विनय पांडेय, प्रभाकर मिश्रा, नीरा श्रीवास्तव, दिव्यांशी मिश्रा, कृष्णा, मो. शादान, आकाश कुमार, कीर्ति तिवारी, वैष्णवी, अधिराज कुमार, सावंत, जीत कुमार एवं शगुन सक्सेना सहित अनेक स्वयंसेवकों का सराहनीय सहयोग रहा। संस्था संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि मानवता वेलफेयर सोसायटी समय-समय पर समाज हित में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती रही है। संस्था विशेष रूप से श्मानवता की पाठशालाश् के माध्यम से मलिन बस्तियों के बच्चों तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है, रहगीरों ने मानवता की इस पहल की सराहना की।

## इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा जमौर स्थित इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल की चिकित्सकीय टीम के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर सुबह से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक संचालित होगा, जिसमें कर्मचारियों, अधिकारियों एवं ट्रक ड्राइवर को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। जिसमें शुगर मलेरिया टाइफाइड बीपी वजन नेत्र परीक्षण जांच कर निशुल्क दवाएं वितरित की गई कैंप में लगभग 200 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। मेडिकल हेल्थ कैंप का शुभारंभ कौशल कुमार पंकज मुख्य संयंत्र प्रबंधक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड बॉटलिंग प्लांट जमौर एवं रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने किया। कार्यक्रम में अन्य अधिकारी विपुल कुमार (सीनियर मैनेजर प्लांट), वैभव शर्मा (मैनेजर एलपीजी सेफ्टी), दीपक पटेल (असिस्टेंट मैनेजर प्लांट) उपस्थित रहे। इस शिविर में डॉ. रचना रस्तोगी, डॉ. जिया सिंह, किरन देवी, मधुबाला एवं अनुज कुमार सहित चिकित्सकीय दल अपनी सेवाएँ दी वहीं नेत्र परीक्षण की जिम्मेदारी अनुराग पांडे द्वारा निभाई गई। नेत्र परीक्षण के दौरान जिन 45 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों को निकट दृष्टि ( रीडिंग ) के चश्मे की आवश्यकता चिन्हित की गई उन्हें निशुल्क चश्मा प्राप्त करने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल में रेफर किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस के पाती राम दीक्षित, अवनीश सक्सेना, बृजेश गुप्ता, नवजोत सिंह सहित स्वयंसेवक सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी भी उपस्थित रहे तथा शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सेवा कार्यों का उत्साहवर्धन किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी का यह स्वास्थ्य शिविर मानवता, सेवा और जनकल्याण के प्रति संगठन की सतत प्रतिबद्धता का परिचायक है। अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### सिधौली क्षेत्र में बैंड-बाजे के साथ निकले ताजिए, मेले में उमड़ी भीड़



**समृद्धि न्यूज, सिधौली, शाहजहांपुर।** मोहर्रम के अवसर पर शनिवार को सिधौली क्षेत्र के खानपुर देहा, गोरा रायपुर, काजीपुर, सहोरा, महानंदपुर , पसियाखेड़ा सहित कई गांवों में पारंपरिक श्रद्धा और अकीदत के साथ ताजिए के जुलूस निकाले गए। बैंड-बाजों और मातमी धुनों के बीच निकले जुलूसों में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। निर्धारित मार्गों से गुजरते ताजियों का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया और अमन, शांति व भाईचारे की दुआएं मांगीं। मोहर्रम के अवसर पर लगे मेलों में सुबह से देर शाम तक लोगों की भारी भीड़ रही। बच्चों में मेले को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने खिलौने, मिठाइयां, चाट-पकौड़ी तथा अन्य मनपसंद सामान की खरीदारी की। वहीं झूले और मनोरंजन के अन्य साधन बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। महिलाओं ने भी घरेलू उपयोग की वस्तुओं और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी की।

## खबरें एक नजर में

### छत से गिरे अधेड़ व्यक्ति को किया जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** छत से गिरे अधेड़ व्यक्ति को सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। नगर के मोहल्ला बहादुर गंज निवासी वीरपाल पुत्र मितान 45 शनिवार साढ़े दस बजे छत से अचानक नीचे जा गिरे । आनन फानन में परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसे अधेड़ व्यक्ति व महिला को बर्न बार्ड भेजा गया

**समृद्धि न्यूज, तिलहर – शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसे अधेड़ व्यक्ति व एक महिला को सीएचसी पहुंचाया गया । जहां उन्होंने गैस चूल्हे से झुलसने की बात बताई। नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी मंगली पुत्र रामभरोसे 50 व पूजा पत्नी राम लडैते 48 को झुलसी अवस्था में अमन नामक युवक ने सीएचसी पहुंचाया। मंगली के दोनों पैर की निचले हिस्से तथा पूजा के दोनों हाथ की पंजे व हथेली जली होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला मेडिकल कॉलेज के बर्न बार्ड में रेफर किया गया है । बता दें कि मंगली एलपीजी गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी करने का काम करते हैं।

### घुंघचाई 'या हुसैन' की सदाओं से घूंजा

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** रंजोगम के साथ इमाम और हुसैन की यादगार को मनाया गया। इस दौरान ताजिया गांव में निकाले गए। दूसरे गांव से पहुंचे ताजिये का एक दूसरे ताजिये से मिलाप कराया गया । इस दौरान या हुसैन या हुसैन के जोर जोर से नारे लगाए गए। इससे ताजियोंदारो में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा  व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मी तैनात रहे। शनिवार को मोहर्रम पर्व पर गांव घुंघचाई में  ताजिये निकाले गए। हुसैन जुलूस में के साथ मातम किया गया। जुलूस में आस पास के और दूरदराज के लोग शामिल हुए। जुलूस के साथ ताज़िए घुंघचाई गांव के बाजार परिसर पहुंचे। जहां पर गांव डूंडा के ताज़िए और गांव घुंघचाई के ताज़िए का आमना सामना किया गया। इस दौरान मौजूद ताजियादारो ने या हुसैन या हुसैन के जोश से नारे लगाए। ताजियादारी के समय कोई वाद विवाद ना हो उसके लिए घुंघचाई थाना प्रभारी पुलिसकर्मियों के साथ दोनों ताजियादारो के बीच में खड़े रहे। इस दौरान ताजिया दारो के साथ साथ पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

### घुंघचाई में मोहर्रम पर्व पर लोगों के लिए की गई शीतल पेयजल की व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** मोहर्रम पर्व गमगीन माहौल में मनाया गया। इमाम हुसैन की याद में ताजियादारी और शीतल पेयजल के अलावा खाना खिलाने की व्यवस्था की गई।  शनिवार को गांव घुंघचाई में मोहर्रम का पर्व  हसन हुसैन की याद को गम के साथ मनाया गया। गांव घुंघचाई में जहीर अहमद के द्वारा भोजन कराया गया। मेले में गर्मी के चलते गांव घुंघचाई के जीशान अली की अगुवाई में शब्बीर हुसैन मोहम्मद हनीफ अकबर हुसैन मुश्ताक अहमद मुश्ताक अली असगर अली गुलाम नबी शरीफ इरशाद हुसैन इम्तियाज अहमद इश्तियाक अहमद मोहम्मद अफजल मोहम्मद सरफराज साजिद हुसैन नूरे नबी जाहिद हुसैन गुलाम हुसैन नन्हे बख्श जाहिद हामिद हुसैन फारूक अहमद के सहयोग से शीतल और मीठे पेयजल ककी व्यवस्था की गई।

### भतीजे ने चाकू मारकर चाचा को मौत के घाट उतारा

भतीजा हत्या करने के बाद हुआ फरार



**समृद्धि न्यूज़ पीलीभीत।** एक विवाद के चलते भतीजे ने अपनी चाची की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना कोतवाली सदर क्षेत्र के मुहल्ला अशरफ खान में हुई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है। मुहल्ला अशरफ खान निवासी 30 वर्षीय निशा अपने पति सलीम की अनुपस्थिति में घर पर 8 महीने की बेटी के साथ अकेली थीं। इसी दौरान उनका भतीजा मोनिस घर आया। किसी पुरानी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। विवाद बढ़ने पर मोनिस ने घर में रखा चाकू उठा लिया और निशा पर कई वार किए। उसने निशा की जांघ, पेट और हाथ की कलाई पर हमला किया। गंभीर रूप से घायल निशा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी मोनिस वहां से फरार हो चुका था। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार ने बताया,  'घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में हत्या का कारण पारिवारिक रंजिश प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी भतीजे मोनिस की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जान से मारने की नियत से हमला करने वाले फरार आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव खाड़ेपुर मडैया के ग्रामीणों ने सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर जान से मारने की नियत से हमला करने वालों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की, इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को  शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जबकि पांच आरोपी फरार चल रहे है। गुरुवार को पुरानी रंजिश के चलते  मोहनपुर गांव के  उदयवीर सिंह, भानु सिंह, कल्लू उर्फ ओमेंद्र सिंह, आर्यन सिंह, रमन सिंह, वीर सिंह, आयुष सिंह ने खाड़ेपुर गांव के मनजीत जाटव के पिता जगदीश जाटव को जान से मारने की नीयत से हमला कर मारपीट की थी इस मामले में पुलिस ने सभी सात  आरोपियों के खिलाफ जान से मारने की नियत तथा एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दो आरोपी उदयवीर सिंह एवं आर्यन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, शेष फरार चल रहे आरोपियों  को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। तथा उन्होंने कहा है कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे तब तक हम लोग शांत नहीं बैठेंगे। सीओ को पत्र देने वालों में मनजीत, रमेश चंद्र एडवोकेट, पवनदीप एडवोकेट, बबलू गौतम, शिशुपाल, ओमकार कुशवाहा, सोनू, संजीव, अमित कुमार, अनुज , सरोजनी देवी, कृष्णा देवी, चंदा देवी ,गुड्डी आदि मौजूद रहे।

### एसपी सिटी ने सुनी जनसमस्याएँ, पुलिस-राजस्व समन्वय से शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, निगोही, शाहजहाँपुर।** एसपी सिटी देवेंद्र कुमार द्वारा नायब तहसीलदार तिलहर के साथ थाना निगोही में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। थाना समाधान दिवस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं नायब तहसीलदार द्वारा आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए मुख्य रूप से भूमि एवं राजस्व संबंधी विवाद, कब्जा, पैमाइश, पारिवारिक विवाद एवं अन्य शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पुलिस एवं राजस्व विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायतों का निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना समाधान दिवस से संबंधित अभिलेखों एवं रजिस्टरों का भी अवलोकन कर उनकी अद्यतन स्थिति का निरीक्षण किया गया तथा अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण एवं उनके नियमित अनुश्रवण के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कर प्रशासन के प्रति जनविश्वास को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया।

# शाहजहांपुर पहुंचीं कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव डा. सुधा प्रसाद, की बैठक

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव डा. सुधा प्रसाद ने ज़िला महिला कांग्रेस की बैठक ली। जिसमें अभी तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों को की रूपरेखा विस्तार से साझा की डा. सुधा प्रसाद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए महिला कांग्रेस बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा क्योंकि आधी आबादी का वोट चुनाव में अहम रोल रखता है। तत्काल महिला आरक्षण लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं को भी समान प्रतिनिधित्व मिल सके। डा.सुधा ने बताया कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर महिला आरक्षण तत्काल लागू किए जाने को लेकर 9133400200 पर मिस्ड कॉल अभियान चलाया जाएगा। पोस्ट कार्ड व हस्ताक्षर अभियान चलाकर  केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर महिला आरक्षण को लागू करने की मांग करेंगे। साथ साथ हम सड़क और संसद में भी आधी आबादी के पूरे हक देने की आवाज़ को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लोकसभा में जोरदार तरीके से उठा रहे है। आगे उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक अत्याचार, बलात्कार, अपहरण महिलाओं पर हो रहे है। प्रदेश की भाजपा सरकार महिला विरोधी है। महिलाओं के शोषण के मामलों में भाजपा के ही नेता शामिल है। महिला कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष अर्चना कटारिया ने कहा कि बढ़ती मंहगाई ने आम महिलाओं की कमर तोड़ कर रख दी है। किचन में महिला आंसू बहाती नजर आती है। कही पर भी किसी भी महिला पर अत्याचार होगा तो महिला कांग्रेस वहां चट्टान की तरह खड़ी नजर आएगी। बैठक में प्रमुख रूप से रानी पांडे,नूरे सहर बी,शबनम बेगम, सीमा, कमला, रेनू, जितेंद्री मिश्रा, सकीना, हुस्नारा, फरजाना, नफीस बी, शाहीन, गीता, बेबी, महुर्ननिसा कायनात, जोया, नाज़िया, पुवाया कांग्रेस अध्यक्ष आशीष तिवारी, ज़िला सचिव कुलदीप गुप्ता, राहुल मौर्या, देवदर्शन सहित दर्जनों महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रही। बैठक को पीसीसी सदस्य तनवीर सफदर, अरुणोद मिश्रा, दलित कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम कठेरिया, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन ने भी संबोधित किया। संचालन उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी ने किया।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी देवकली से गिरफ्तार, भेजा गया जेल



बण्डा पुलिस को मिली बड़ी सफलता अभियुक्त के खिलाफ की गई विधिक कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**बंडा, शाहजहांपुर।** स्थानीय थाना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। बीती 13 जून 2026 को एक महिला ने थाना बंडा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ग्राम नवादा ढाह निवासी शरद सिंह, प्रमोद सिंह और झुनकू सिंह ने उसकी करीब 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा दिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने  मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर केस में धारा 87 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई थी। शनिवार को थाना बंडा पुलिस को मुखबिर के जरिए सटीक सूचना मिली। इस पर दरोगा जयचन्द गिरी और हेड कांस्टेबल रामसंजीवन की टीम ने ग्राम देवकली से सुबह करीब 11 बजे नामजद आरोपी शरदवीर सिंह उर्फ शरद सिंह पुत्र बहोरन सिंह निवासी ग्राम नवादा ढाह को दबोच लिया और उसे जेल भेज दिया।

# उ.प्र. सिख गुरुद्वारा कोऑर्डिनेशन कमेटी की संयुक्त बैठक संपन्न

अधिकारों की रक्षा के लिए बनेगा वकीलों का विधिक पैनल



**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा कोऑर्डिनेशन कमेटी की बरेली और लखनऊ मंडल की एक अत्यंत महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक शनिवार को गुरुद्वारा साहिब कार सेवा, बंडा में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न जिलों से आए सिख समाज के गणमान्य प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए दर्जनों गुरुद्वारा प्रबंधन समितियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को कमेटी की विधिवत सदस्यता दिलाई गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष सरदार परविंदर सिंह एडवोकेट ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की प्राथमिकताओं को बताते हुए कहा कि इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे 35 लाख से अधिक सिखों के दैनिक और सामाजिक जीवन की समस्याओं को हल करना तथा उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। सिख समाज को हर स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए कमेटी निरंतर सामूहिक प्रयास करेगी। अध्यक्ष ने आगे कहा कि गुरुद्वारा साहिब और अन्य सिख संस्थाओं को सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 से 30 के तहत सिखों के अधिकारों के अनुरक्षण और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सिख अधिवक्ताओं का एक मजबूत विधिक पैनल तैयार किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष सरदार परविंदर सिंह द्वारा शाहजहाँपुर नगर व जिला, पीलीभीत, पूरनपुर, बीसलपुर, बिलसंडा, मझोला, कजरी, निरंजनपुर, बरेली महानगर व जिला, बदायूं, हरदोई महानगर व तहसील, तथा लखीमपुर, पलिया, महंगापुर, मोहम्मदी एवं मैगलगंज की गुरुद्वारा प्रबंधन समितियों व सिख सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सभी ने समाज के हित में सदैव एकजुट रहने का संकल्प लिया।  इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप सिंह बालियां, प्रचार मंत्री कमलजीत सिंह, सतनाम सिंह, अजायब सिंह, अवतार सिंह राय, बोबी संधू, गुरविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, बलदेव सिंह और जसबीर सिंह सहित भारी संख्या में सिख समाज के प्रतिनिधि और सेवादार उपस्थित रहे।

# सेवा कार्य करने को क्लब पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा सत्र 2025- 26 के अंतिम माह की बैठक

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



मंडल 321 वी-1 लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा सत्र 2025-26 के अंतिम माह की बैठक का आयोजन शहर के अंबा टाकीज पास स्थित एक रेस्टोरेंट में किया गया। जिसमें ध्वज वंदना की गई। साथ ही लखनऊ के अलीगंज  अग्निकांड में दिवंगत आत्माओं  की शांति को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष लायन ललिता यादव  ने सत्र 2025 -26 में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए जो मल्टीप्ल अवार्ड क्लब को मिले, उसके लिए सभी मेंबर्स को धन्यवाद किया। क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन सपना, लायन कमल नारंग ने गत वर्ष में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला तथा  पीएसटी द्वारा किए गए सेवा कार्यो के लिए उन्हें सम्मानित किया तथा पूरे वर्ष एक्टिविटी में सहयोग करने के लिए लायन शुभांगी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। साथ ही सत्र 2026-27 के लिए सभी मेंबर्स के सर्वसम्मत से दोबारा चुनी गई। अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव लायन प्रियंका बियानी, कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता को चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर ने  माला पहनाकर स्वागत किया तथा सेवा कार्य करने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर  लायन क्लब शक्ति की वरिष्ठ सदस्य लायन सपना सिंघल ने कहा कि ललिता यादव ने हमारे क्लब को बहुत ऊंचाइयों तक पहुंचाया है,बाढ़ पीड़ितों के लिए उन्होंने कपड़ो से लेकर दवा, लंच पैकेट, दैनंदिन उपयोगी वस्तुओं को उपलब्ध कराया। भीषण ठंड में भी रहगीरों के लिए चाय की व्यवस्था कराना आदि कार्य शमिल है।इनको जो सम्मान मिले हैं, वो इनकी मेहनत का परिणाम है। वरिष्ठ सदस्य लायन कमल नारंग ने बताया कि ललिता यादव ने घर, स्कूल सभी की जिम्मेदारी के निर्वहन के साथ साथ क्लब के लिए बहुत मेहनत, लग्न के साथ कार्य किया है। ललिता ने हमेशा जरुरतमंदों की मदद बढ़चढ़कर की है, उम्मीद करते हैं कि यह आगे भी क्लब को लेकर बेहतर अनुभव के साथ कार्य करेगी। बैठक में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर, सचिव लायन प्रियंका बियानी कोषाध्यक्ष शुभांगी गुप्ता, लायन हिमानी तथा क्लब के सभी मेंबर्स मौजूद रहे।

## गन्ने के खेत में मिला अज्ञात युवती का शव

एसपी ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण, हत्या की आशंका



समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** गन्ने के खेत में एक युवती का शव बरामद हुआ है। युवती का शव बरामद होने पर एसपी सौरभ दीक्षित और एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे अरुण ने मौके पर पहुंचकर घटना का मौका मुआयना किया है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। शव की शिनाख्त के पुलिस ने प्रयास किए लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव गांधरपुर गांव में गन्ने के खेत में एक अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी पुवायां तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने जांच से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रथम दृष्टया युवती की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही हैं।

## संयुक्त अभियान में परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 63 वाहनों का चालान

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने शनिवार को संयुक्त अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान 37 बसों की जांच की गई, जिनमें दो बसों के खिलाफ चालान एवं बंद करने की कार्रवाई की गई। साथ ही एक वाहन से अनधिकृत रूप से लगा राजनीतिक दल का झंडा और हूटर हटवाया गया।

अभियान में ओवर स्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, बिना फिटनेस, बिना परमिट, मालवाहक वाहन में सवारी ढोने, एचएसआरपी के अभाव, धुंधली नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग तथा अवैध पार्किंग जैसी अनियमितताओं पर कुल 63 वाहनों के चालान किए गए। संयुक्त अभियान में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बरेली, एआरटीओ (प्रवर्तन) शाहजहांपुर, यात्री एवं मालकर अधिकारी तथा यातायात पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने वाहन स्वामियों से नियमों का पालन करने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संघ ने विद्यालयों का समय बदलने की मांग उठाई

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने भीषण गर्मी एवं कमजोर मानसून की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी को सम्बोधित मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपकर परिषदीय विद्यालयों के संचालन समय में तत्काल परिवर्तन की मांग की है।

संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई,कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी द्वारा प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालय प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक संचालित हो रहे हैं। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कमजोर मानसून के चलते मौसम और अधिक उमस भरा एवं गर्म हो गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने, लो-वोल्टेज एवं ट्रिपिंग जैसी समस्याओं के कारण विद्यालयों में उपलब्ध विद्युत उपकरण भी प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जिससे बच्चों को गर्मी से राहत मिलना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में वर्तमान समय-सारिणी बच्चों के स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए उपयुक्त नहीं है। शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी से मांग की है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिषदीय विद्यालयों का संचालन समय प्रातः 7:00 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक निर्धारित किया जाए, ताकि भीषण गर्मी के दुष्प्रभाव से बच्चों को बचाया जा सके।

# एडीएम व सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर पल्स पोलियो जागरूकता रैली को किया रवाना

आज से 3 जुलाई तक चलेगा अभियान, 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दो बूंद खुराक

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** आगामी पल्स पोलियो अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जेल रोड, अंटा चौराहा होते हुए पुराने जिला चिकित्सालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 'दो बूंद जिंदगी की' और '5 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि 28 जून से 3 जुलाई तक चलने वाले अभियान के दौरान जिले के लगभग 4.90 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1976 पोलियो बूथ बनाए गए हैं तथा 1150 टीमें गठित की गई हैं। 28 जून को बूथ दिवस मनाया जाएगा, जबकि 29 जून से 3 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी. श्रीवास्तव, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मोहम्मद आसिफ, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी वीरेंद्र कुमार शर्मा, डब्ल्यूएचओ व जेएसआई के प्रतिनिधि, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नर्सिंग कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जीआईसी तथा गुरु नानक कन्या पाठशाला के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## किसानों के उर्वरकों की कमी नहीं निरंतर जनपद में पहुंच रही रैक

जिला कृषि अधिकारी ने यूरिया की उपलब्धता पर जारी किए आंकड़े

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया है कि जनपद में अभी अभी यारा कम्पनी की यूरिया की रैक लगी है। जिसमें शाहजहांपुर के लिए 1072.40 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र के लिए तथा 265 मीट्रिन टन पीसीएफ के लिए आवंटित है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार फसलों पर आगे पड़ने वाली डीएपी जनपद को इण्डोरामा कम्पनी की जनपद बरेली से प्राप्त हो रही है, जिसमें 450 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र के लिए आवंटन है, जोकि सभी विकास खण्डों में भेजी जाएगी। वर्तमान में जनपद में यूरिया सहकारी क्षेत्र में 10589 मीट्रिन टन एवं निजी क्षेत्र में 27221 मीट्रिक टन कुल 37810 मीट्रिक टन और डीएपी सहकारी क्षेत्र में 7464 मीट्रिक टन व निजी क्षेत्र में 3323 मीट्रिक टन कुल 10787 मीट्रिक टन उपलब्ध है। किसानों से अनुरोध है कि अपनी फार्मर आईडी व खतौनी के साथ सहकारी समिति अथवा निजी क्षेत्र से आवश्यकतानुसार उर्वरक क्रय कर सकते हैं। साथ ही जिला कृषि अधिकारी ने अश्वस्त किया कि जिस प्रकार जनपद में अभी तक उर्वरक की कोई कमी नहीं होने पाई है और आगे आने वाले दिनों में भी उर्वरकों की कोई कमी नहीं होने पाएगी।

## समझौता कैसे होगा

भारत के संदर्भ में 25 जून का दिन अलोकतांत्रिक, दमनकारी, तानाशाही आपातकाल का है, लेकिन वैश्विक स्तर पर भी आपात स्थितियां बनी हैं, क्योंकि अमरीका और ईरान के बीच सब कुछ विरोधाभासी ही है। दोनों देशों ने 14 बिंदुओं वाले सहमति–पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन संवाद ठहरा है अथवा मध्यस्थों के साथ जारी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप बार–बार विनाशक हमले की धमकियां दे रहे हैं। वहां के अधिकतर लोग मानते हैं कि ईरान युद्ध में अमरीका पराजित हुआ है। सहमति–पत्र में लगभग सभी ईरानी शर्तें अमरीका को माननी पड़ी हैं। सीनेट में भी ट्रंप हार गए हैं, क्योंकि अमरीकी संसद ने 'वॉर पॉवर्स' संबंधी प्रस्ताव पारित कर लिया है। अब संसद की पूर्व अनुमति के बिना राष्ट्रपति ट्रंप किसी भी युद्ध में कूद नहीं सकते। बहरहाल ट्रंप की धमकियों पर ईरान भी पलटवार को तैयार है। उनके सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई का एक सीक्रेट पत्र लीक हुआ है, जिसमें साफ आदेश है कि अमरीका के साथ बातचीत तुरंत रोक दें। इसी जंगी माहौल में ईरान ने 'कादिर' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अमरीका और ईरान युद्ध के मोर्चों पर सैन्य तौर पर तैनात हैं। क्या ऐसे समझौता संभव है? ईरान और इजरायल एक बार फिर एक–दूसरे पर विध्वंसक हमले करने की तैयारी–तैनाती में हैं। राष्ट्रपति ट्रंप लेबनान पर हमले रोकने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर दबाव नहीं बना सके हैं। इजरायल हवाई बमबारी कर दक्षिण लेबनान में तबाही और विध्वंस को जारी रखे है। लगातार हत्याएं की जा रही हैं, लोग विस्थापित होने को मजबूर हैं, लेकिन ट्रंप सिर्फ ईरान को धमकाते रहते हैं कि समझौता नहीं हुआ, तो पहले से ज्यादा विध्वंसक हमले झेलने पड़ेंगे। ईरान पहले ही बर्बाद हो चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के कारण ही समझौते का संवाद 24 घंटे भी जारी नहीं रह सका है। ईरानी दल ने अमरीकी दल से न तो हाथ मिलाया, न ही संयुक्त फोटो खिंचवाई, बल्कि वार्ता–सभागार से वॉकआउट कर गया। ईरान ने मध्यस्थों को साफ कर दिया कि वे अमरीका के साथ इस तरह बातचीत नहीं करेंगे। तो क्या समझौता नहीं होगा? अधिक मौजू सवाल यह है कि जिस तरह ट्रंप ईरान को हडक़ाए रखना चाहते हैं, उसके मद्देनजर अंतिम समझौता कैसे होगा? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस ने ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों, यूरेनियम के संवर्धन और अमरीकी सामान खरीदने की बाध्यता पर जो बयान दिए हैं, ईरान ने उनका खंडन किया है। ईरान ने अमरीका और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को साफ कह दिया है कि परमाणु स्थलों का निरीक्षण अंतिम समझौता होने के बाद ही संभव हो सकता है। ईरानी दल ने स्विट्जरलैंड में आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी से मुलाकात करने से भी इंकार कर दिया है। अमरीका और ईरान के दरमियान इतने विरोधाभास हैं कि सवाल स्वाभाविक लगता है कि इस तरह अंतिम समझौता कैसे होगा? समझौता होगा भी अथवा नहीं? 'व्हाइट हाउस' ने एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत ईरानी तेल को पाबंदियों से मुक्त कर दिया है। 1979 के बाद अमरीका ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है। बेशक ईरान वार्ता के 60 दिनों तक ही तेल की आजादी महसूस करेगा, फिर भी उसकी अर्थव्यवस्था के लिए यह अति महत्वपूर्ण निर्णय है। ईरान हमेशा पाबंदी–मुक्त रहे, यह बिंदु भी सहमति–पत्र में है। यदि समझौता हुआ, तो ईरान को हमेशा के लिए पाबंदी–मुक्त करना ही पड़ेगा। बहरहाल ईरान इस दौरान 40–43 अरब डॉलर का तेल बेच सकेगा। इसी के मद्देनजर भारत ने भी ईरान से 38.85 लाख बैरल तेल खरीदा है। संभव है कि दोनों देशों के बीच नया करार हो जाए। भारत के 11 जहाज, टैंकर होर्मुज को पार कर निकले हैं, जिनमें कच्चा तेल, एलएनजी, एलपीजी और खाद लदी है। अभी 10 और भारतीय जहाज वहां फंसे हैं। वे भी 60 दिन की इस अवधि में तेल–गैस आदि लेकर लौट सकते हैं। इसी दौरान अमरीका ने ईरान पर यह शर्त थोपी है कि पाबंदियां खुलने के बाद ईरान अमरीका को ही तेल बेचेगा, लेकिन ईरान ने साफ इंकार कर दिया है। ट्रंप की यह भी शर्त है कि ईरान की जब्त संपत्तियों में से जो भी राशि जारी की जाएगी, उससे ईरान अमरीकी सामान ही खरीदेगा। क्या ऐसी शर्तें थोपने के बाद किसी समझौते की उम्मीद की जा सकती है?

# सोनभद्र के ग्रामीण अंचलों में आर्थिक क्रांति की संवाहक बनतीं आत्मनिर्भर महिलाएं

उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं के परिणाम अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। प्रदेश सरकार की नीतियों और ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के समन्वय से सोनभद्र के सुदूर गांवों की महिलाओं के जीवन में एक अभूतपूर्व और सकारात्मक परिवर्तन आया है। पारंपरिक बंधनों और घर की चहारदीवारी से बाहर निकलकर महिलाएं अब लघु उद्योगों की स्थापना कर रही हैं और अपने परिवारों के आर्थिक संबल का मुख्य आधार बन रही हैं। यह बदलाव न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत आय में वृद्धि कर रहा है बल्कि इस जनजातीय और ग्रामीण बहुल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी एक नई गति प्रदान कर रहा है। इसी विकास यात्रा की एक अद्वितीय मिसाल जनपद के विकास खंड करमा के ग्राम ककरही में देखने को मिलती है जहां महिलाओं ने सामूहिक प्रयास से आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिखी है।

सोनभद्र के ग्राम ककरही में संकल्प प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय संघ के तत्वावधान में स्थापित किया गया सोया मिल्क प्लांट ग्रामीण महिला उद्यमिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। इस प्लांट की स्थापना के बाद से क्षेत्र की महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्तर में एक क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से जुड़कर मौर्या आजीविका स्वयं सहायता समूह की अनेक महिलाएं वर्तमान में सोया मिल्क, सोया पनीर, सोया दही और सोया बड़ी जैसे उच्च गुणवत्ता वाले पौष्टिक उत्पादों का नियमित उत्पादन कर रही हैं। इन उत्पादों की बाजार में बढ़ती मांग के चलते समूह से जुड़ी प्रत्येक महिला हर महीने औसतन बीस हजार रुपये तक की सम्मानजनक आमदनी प्राप्त कर रही है जो जनपद के इस ग्रामीण परिवेश में उनके आर्थिक सशक्तिकरण को प्रदर्शित करता है।

त्योहारों और शादी-विवाह के विशेष अवसरों पर सोनभद्र के स्थानीय बाजारों में सोया पनीर की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है जिसके कारण महिलाओं के लिए इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना एक बड़ी और लाभप्रद चुनौती बन जाता है। इस व्यवसाय ने उन महिलाओं की जिंदगी को पूरी तरह बदल दिया है जो पहले केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं और जिनके सामने अपने परिवारों के सुचारू भरण-पोषण की गंभीर समस्या बनी रहती थी। अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और नियमित आय सुनिश्चित होने से इन महिलाओं का न केवल घरेलू स्तर पर सम्मान बढ़ा है बल्कि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर होने वाले खर्चों के लिए भी वे पूरी तरह आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। वैवाहिक सीजन के दौरान मांग में भारी उछाल आने से उनकी आय में और अधिक वृद्धि हो जाती है जिससे उनका उत्साह दोगुना हो जाता है।

इस सफल उद्यम की नींव को मजबूत करने में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रदान किए गए तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में संचालित इस मिशन के माध्यम से महिलाओं को सोयाबीन से दूध और पनीर बनाने की वैज्ञानिक और आधुनिक पद्धतियों का गहन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। इस प्रशिक्षण सत्र ने महिलाओं को प्लांट के संचालन से लेकर उत्पादन की बारीक से बारीक तकनीकों को समझने में सक्षम बनाया। लगभग साढ़े तीन लाख रुपये की प्रारंभिक लागत से स्थापित इस सोया मिल्क प्लांट की दैनिक उत्पादन क्षमता इतनी सुदृढ़ है कि यहां हर दिन लगभग अस्सी किलोग्राम तक ताजा और शुद्ध सोया पनीर आसानी से तैयार कर लिया जाता है।

सोनभद्र और आसपास के स्थानीय बाजारों में इस शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक सोया पनीर की बढ़ती लोकप्रियता ने ग्रामीण महिलाओं के भीतर एक नया और सुदृढ़ आत्मविश्वास जगाया है। उत्पाद की निरंतर बिक्री और ग्राहकों से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर इन महिलाओं ने अब अपने व्यापार का विस्तार करने की योजना बनाई है। स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य अब न केवल अपने मौजूदा सोया उत्पादों की व्यापक स्तर पर ब्रांडिंग और पैकेजिंग करने का विचार कर रही हैं बल्कि वे आने वाले समय में खोवा बनाने का एक नया आधुनिक प्लांट स्थापित करने की दिशा में भी कदम बढ़ा रही हैं। यह दूरदर्शिता दर्शाती है कि जनपद की ग्रामीण महिलाएं अब सिर्फ श्रमिक नहीं बल्कि कुशल व्यवसायी की भूमिका में आ चुकी हैं।

इस उद्यम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि इन महिलाओं ने केवल उत्पादन तक खुद को सीमित नहीं रखा बल्कि उत्पाद की बिक्री के लिए स्वयं सक्रिय होकर बाजार भी विकसित किया है। उन्होंने सोनभद्र के विभिन्न होटलों, व्यावसायिक दुकानों, ढाबों और मैरिज लॉन व गेस्ट हाउसों में व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित कर अपने उत्पादों की व्यावसायिक आपूर्ति के रास्ते खोले हैं। महिलाओं के इस आत्मनिर्भर प्रयास और प्रशासनिक सहयोग के फलस्वरूप उन्हें राज्य स्तर पर गरिमामयी सम्मान भी प्राप्त हो चुका है जो उनके संघर्ष और सफलता की कहानी पर गौरव की मुहर लगाता है। यह सम्मान इस बात का जीवंत प्रमाण है कि यदि ग्रामीण महिलाओं को उचित अवसर और वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तो वे समाज में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित कर सकती हैं।



प्रदेश सरकार सोनभद्र सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों से गरीबी के उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण की गति को तीव्र करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का अत्यंत सुदृढ़ और प्रभावी संचालन कर रही है। राज्य के अत्यंत सुदूरवर्ती गांवों में आर्थिक और सामाजिक बदलाव लाने के उद्देश्य से क्रियान्वित इस मिशन के केंद्र में पूर्ण रूप से ग्रामीण महिलाएं ही हैं। इन महिलाओं को छोटे-छोटे स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जा रही है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता के मार्ग पर अग्रसर किया जा रहा है। यह मिशन महज एक वित्तीय सहायता योजना नहीं है बल्कि इसने ग्रामीण समाज की सदियों पुरानी रूढ़िवादी सोच को बदलने और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करने का कार्य किया है।

उत्तर प्रदेश में इस मिशन के अंतर्गत लाखों महिलाओं को व्यवस्थित तरीके से संगठित करके उन्हें सीधे बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। इस पारदर्शी व्यवस्था के कारण महिलाओं को बिना किसी मध्यस्थ या बिचौलिये के सीधे बैंक ऋण, अनुदान और अन्य महत्वपूर्ण सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ सीधे उनके खातों में मिल पा रहा है। ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के इतिहास में यह मिशन एक युगांतरकारी कदम साबित हुआ है क्योंकि इसने महिलाओं को घर की चहारदीवारी के पारंपरिक परिवेश से बाहर निकालकर सीधे उद्यमशीलता की मुख्यधारा की ओर अग्रसर कर दिया है। मिशन के तहत गठित इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को कृषि, आधुनिक पशुपालन, डेयरी विकास, पारंपरिक हस्तशिल्प और सिलाई-कढ़ाई जैसे विविध क्षेत्रों में उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस निरंतर तकनीकी सहायता और व्यावसायिक कौशल विकास से न केवल महिलाओं की कार्यक्षमता और हुनर में भारी वृद्धि हुई है बल्कि वे अपने स्थानीय स्तर पर ही छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों की सफलतापूर्वक स्थापना करने में सक्षम रही हैं। सोनभद्र जैसे विशिष्ट भौगोलिक परिवेश वाले जिले में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ये कर्मठ महिलाएं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकानों का संचालन, परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए स्कूल यूनिफॉर्म की सिलाई और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल संकलन जैसे महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी भरे सरकारी कार्यों में भी अपनी सक्रिय और सराहनीय भागीदारी निभा रही हैं। इन विविध गतिविधियों से उनकी मासिक आय पूरी तरह सुनिश्चित हुई है जिससे ग्रामीण परिवारों के भरण-पोषण में उनकी स्थिति अत्यधिक मजबूत और निर्णायक हो गई है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की एक और सबसे बड़ी विशिष्टता यह है कि इसने ग्रामीण महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध किया है बल्कि उन्हें बेहतरीन वित्तीय साक्षरता भी प्रदान की है। डिजिटल लेन-देन और आधुनिक बैंकिंग प्रणाली के प्रति जागरूक बनाकर महिलाओं को समाज में एक नया दृष्टिकोण दिया गया है। मिशन के अंतर्गत शुरू की गई बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी यानी बीसी सखी जैसी अभिनव और दूरदर्शी पहलों ने ग्रामीण अंचलों में वित्तीय सेवाओं को हर घर के दरवाजे तक पहुँचाने का अद्भुत कार्य किया है। इस व्यवस्था ने जहाँ एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग को सुगम बनाया है वहीं दूसरी ओर सैकड़ों महिलाओं के लिए नियमित रोजगार और सम्मान के नए द्वार पूरी तरह खोल दिए हैं।

डिजिटल और वित्तीय साक्षरता से लैस होकर ग्रामीण महिलाएं अब स्वयं अपनी बचत और निवेश से जुड़े वित्तीय फैसले लेने में पूरी तरह सक्षम हो चुकी हैं जिससे उनके आत्मसम्मान को एक नया आकाश मिला है। जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार सोया पनीर और अन्य स्थानीय उत्पादों की व्यापक स्तर पर ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के लिए स्वयं सहायता समूहों को हर संभव तकनीकी व प्रबंधकीय मदद उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं ताकि इन ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। सामूहिक सहभागिता, सरकारी नीतियों के ईमानदार क्रियान्वयन और महिलाओं के अटूट हौसलों के संगम से सोनभद्र का ग्रामीण अंचल आज पारंपरिक बंधनों को तोड़कर एक ऐसे नए युग में प्रवेश कर रहा है जहां नारी शक्ति आर्थिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह सशक्त होकर विकसित समाज के निर्माण का सबसे मजबूत और अटूट आधार बन चुकी है।

### विचार

# चंदा चोरी में क्यों उठ रही हैं न्यास से जुड़े सरकारी नुमांइदों पर उंगली



अजय कुमार

प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में प्रभु रामलला मंदिर न्यास के भीतर जो चंदा सम्बंधी अनियमितता और चोरी का मामला सामने आया, वह न केवल धन के लेन-देन की सवालिया निशानियों को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि न्यास और सरकारी पदों के बीच किस तरह का गहन घालमेल होता है। दरअसल, राम लला के मंदिर में चंदा चोरी के पीछे विश्वासघात दो पक्ष दिखाई दे रहे हैं, एक, जो सार्वजनिक विश्वास का स्वामी है, और दूसरा, जो उसी विश्वास का रखवाला बनकर उसमें हेरफेर करता है। यह मामला उसी द्वंद्व का मानवीय और प्रशासकीय चित्र है। प्रभु राम लला के मंदिर में चंदा चोरी का मामला तब जनता के समक्ष आया जब मद्दे नज़र चंदा खाते के असामान्य रिकार्ड, निकासी और लेन-देन की रिपोर्टें आईं। सूचनाओं के आधार पर एक विशेष जांच दल ने प्रारंभिक जाँच की और कुछ लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी भी हुई। पर आश्चर्य यह है कि न्यास का गठन और उसमें पदेन शामिल सरकारी अनुशासन पर किसी भी प्रकार की पूछताछ की आवाज़ सुनी नहीं गयी। यही वह बिंदु है जहाँ आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हुआ और प्रश्न उभरे कि क्या किसी अमुक अधिकारी ने अपनी पदेन उपस्थिति का दायित्व पूरी तरह निभाया या नहीं।

गौरतलब है, राम लला मंदिर न्यास में धार्मिक, सामाजिक और सरकारी प्रतिनिधि साथ मिलकर कार्य करते हैं। कई बार जिलाधिकारी, पुलिस प्रमुख, कर विभाग या स्थानीय शासकीय अधिकारी न्यास के आचार-नियमों के अनुसार पदेन सदस्य होते हैं। यह व्यवस्था इसलिए होती है ताकि मंदिर-सम्बन्धी संपत्ति और सार्वजनिक व्यवस्था में सरकारी निगरानी बनी रहे। पर जब उसी व्यवस्था के माध्यम से चंदे की हेराफेरी हो, तो सवाल उठते हैं कि पदेन सदस्य किस हद तक अपनी जवाबदेही निभा रहे थे। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो समय-समय पर कई आईएएस और अन्य अधिकारी न्यास के साथ जुड़े रहे हैं। जिलाधिकारी की उपस्थिति स्वाभाविक रही है क्योंकि जिलाधिकारी का कर्तव्य स्थानीय शांति-व्यवस्था और सरकारी नियमों का संरक्षण करना है। जिलाधिकारी के अलावा पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, तथा कर और राजस्व सम्वंधी अधिकारी भी न्यास की बैठकों में अक्सर शामिल होते रहे हैं। कुछ नाम सार्वजनिक अभिलेखों और सूचनाओं में दिखते हैं, पर इन्हें यहाँ सीधे आरोपी नहीं दर्शाया जा सकता। यही कारण है कि अब तक आधिकारिक बयान और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है कि किन-किन अधिकारियों का वक्तव्य रिकॉर्ड हुआ और किस स्तर की जवाबदेही तय की जायेगी।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि सरकारी अधिकारी जब पदेन सदस्य के रूप में किसी न्यास से जुड़े होते हैं तो उनका कर्तव्य स्पष्ट होता है, पारदर्शिता सुनिश्चित करना, लेखा-जोखा का लेखा परीक्षण करवाना और सभी कानूनी नियमों का पालन कराना। यदि इन कर्तव्यों में कोई चूक हुई हो, तो साधारण लोक मान्यताओं के अनुसार उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। पर व्यवहार में प्रशासनिक अनुशासन के नियम, विभागीय जांच और सेवा नियमों की प्रक्रियाएँ कठिन और धीमी हो सकती हैं, इसलिए जनता में असंतोष उभरता है कि तुरंत किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। ध्यान देने वाली बात यह है कि वित्तीय अनियमितता अक्सर कुशलता से गुप्त रखी जाती है। चंदे के बहाव को पतला करने के लिए कई माध्यम अपनाये जा सकते हैं अलग-अलग खातों में विभाजन, औपचारिक दस्तावेजों में छेड़छाड़, और लेखा-जोखा में देरी यह सब भ्रष्टाचार के हथकंडे हैं। जब जांच दल ने गहन जाँच की तो कहीं-कहीं उन प्रक्रियाओं के निशान मिले जो बतलाते हैं कि लंबे समय से व्यवधान की गुंजाइश मौजूद थी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पदेन सरकारी निगरानी उपस्थिति सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई थी, या क्या किसी पदाधिकारी ने जानबूझकर दृष्टि अंधी की। नागरिकों का भरोसा धार्मिक संस्थाओं पर तभी बना रहता है जब प्रशासनिक तथा धार्मिक नेतृत्व दोनों पारदर्शी और जवाबदेह हों। आज जब चंदे की चोरी जैसे आरोप सामने आते हैं, तो सिर्फ पकड़ या गिरफ्तारी ही समाधान नहीं है। एक ठोस लेखा-जोखा प्रणाली, नियमित बाह्य लेखा-निरीक्षण, और न्यास के कामकाज में नागरिकों की निगरानी जैसी व्यवस्थाएँ लागू होनी चाहिएं। साथ ही, पदेन जुड़े सरकारी अधिकारियों की भूमिका पर स्पष्ट दिशानिर्देश और समय-समय पर उनकी जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना को रोका जा सके। इस पूरे घटनाक्रम में स्थानीय लोकनेता और समाज-सेवी भी सक्रिय हुए हैं। उन्होंने मांग की है कि जिन अधिकारियों ने न्यास की देखरेख में खामी की, उनकी जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही, जनता जानना चाहती है कि वर्तमान समय में किन-किन सरकारी अधिकारियों का नाम न्यास से जुड़ा हुआ दर्ज है। यह जानकारी आम तौर पर न्यास के दायर दस्तावेजों, सरकारी आदेशों और स्तरवार बैठकों के अभिलेखों में मिलती है। पर प्रशासनिक जवाबदेही और गोपनीयता के कारण हर विवरण सार्वजनिक नहीं किया जाता। इसलिए नागरिक संगठन और कुछ पत्रकार इन अभिलेखों की माँग कर रहे हैं ताकि पारदर्शिता लाई जा सके।

यदि हम सामर्थ्य से देखें, तो अभी जो कदम उठने चाहिए वे स्पष्ट हैं : जांच का परिधि बढ़ाना, लेखा-जोखा का सार्वजनिक करना, और पदेन जुड़े सरकारी अधिकारियों की सक्रिय जाँच। इसके साथ ही, संबंधित विभागों को निर्देश मिलने चाहिए कि भविष्य में न्यास के वित्तीय लेन-देन पर नियमित अंतराल पर निगरानी रखी जाये। स्थानीय प्रशासन को भी यह बताना होगा कि जिलाधिकारी और अन्य पदेन सदस्य किस तरह से अपनी निगरानी का लेखा-जोखा रखते हैं, क्या वे नियमित रिपोर्ट लेते हैं, क्या बाह्य लेखा-निदेशक के आदेश लागू होते हैं, और क्या समय-समय पर लेखा परीक्षण कराया जाता है। नहीं भूलना चाहिए कि चंदा चोरी के बाद अब जनता का विश्वास तब लौटेगा जब पारदर्शिता और कानून का समुचित पालन दोनों साथ हों। चंदा केवल धन नहीं, वह भरोसे का प्रमाण है। जब उसी भरोसे को ठेस पहुंचती है, तो केवल कुछ पकड़े जाने भर से काम नहीं चलता। गहन, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की आवश्यकता है, ताकि दोषी चाहे किसी भी पद पर हों, उनके खिलाफ उचित कार्रवाई हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं के लिए मजबूत रोकथाम तैयार की जाए।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

### साहित्य

## एक चेतावनी है भूकंप



संजय एम तराणेकर

धरती ने फिर करवट ली, काँपें पर्वत, काँपे गाँव।
वेनेजुएला की धरती बोली, सुनो! पहचानो दाँव।

एक मिनट के झटकों ने, जीवन तस्वीर बदली।
ऊँची इमारत–पक्के सपने, क्षणभर में धूल मिली।

वो रोते बच्चे, सूनी आँखें, मलबों में उम्मीदें सोईं।
कितने घर उजड़े पलभर में, कितनी साँसें खोईं।

विज्ञान बढ़ा, उपग्रह पहुँचे, चान्द–मंगल उड़ते हैं।
फिर धरती के अंतर की, गुप्त व्यथा हम पढ़ते हैं।

प्रकृति जब चेतावनी दें ,मानव को रुकना होगा।
लोभ, प्रदूषण व विनाश से, नाता तोड़ना होगा।

धरती माँ की पीड़ा समझो, संतुलन को मत तोड़ो।
विकास करो ध्यान रहे, प्रकृति से रिश्ता न छोड़ो।

वेनेजुएला का ये भूकंप, सिर्फ एक समाचार नहीं।
मानवता को चेतावनी, प्रकृति से बड़ी शक्ति नहीं।



## राशिफल

**मेषः–** काफी दिनों से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृषभः–** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः–** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्कः–** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

**सिंहः–** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः–** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः–** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः–** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

**धनुः–** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकरः–** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अत. इसे सुधारें।

**कुंभः–** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीनः–** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# ग्रामीण पर्यटन और होम-स्टे के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

*केवल*

उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन सेक्टर में असीमित संभावनाओं को देखते हुए नये–नये क्षेत्रों पर फोकस कर रही है। बदली परिस्थितियों में पर्यटन के क्षेत्र में मौजूद अवसरों का अधिकतम उपयोग करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने कमर कस ली है। पर्यटन को एक कमाऊ एवं रोजगार देने के साथ ही निवेश आकर्षित करने वाला सेक्टर बनाने के लिए नयी पर्यटन नीति– 2022 जारी की गई है। इसमें सेवा क्षेत्र के साथ पर्यटन से जुड़े सेक्टरों को तमाम सहूलियतें प्रदान की गई हैं।

उत्तर प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के कई प्रमुख पर्यटन स्थल विद्यमान है। अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, नैमिषारण्य, विन्ध्यांचल, चित्रकूट, मथुरा–वृंदावन, श्रावस्ती, कुशीनगर, सारनाथ और संकिसा आदि विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल हैं। प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद सुदृढ़ कानून व्यवस्था, बेहतर कनेक्टिविटी एवं विश्व स्तरीय अवस्थापना सुविधाओं के चलते पर्यटकों के आगमन में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है। अकेले काशी और अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा निवेश में भी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही सेवा सेक्टर की आमदनी भी बढ़ रही है। प्रदेश में वर्ष 2025 में जनवरी से सितम्बर, 2025 तक उ0प्र0 में कुल 1377075696 पर्यटक आए जिसमें 1373414030 भारतीय पर्यटक और 3661666 विदेशी पर्यटक शामिल थे। इस आंकड़े में प्रयागराज महाकुंभ–2025 में आए कुल 66.30 करोड़ पर्यटकों की संख्या भी शामिल है, जिसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या 660952000 एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या 2048000 है।

उत्तर प्रदेश विभिन्न धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक गन्तव्य स्थलों के लिए जाना जाता है। यहां ताजमहल, फतेहपुर सीकरी तथा लालकिला जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के साथ ही काशी, मथुरा, अयोध्या, कुशीनगर जैसे पर्यटन सर्किट मौजूद हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटी हुई हैं। राज्य सरकार पर्यटन को उद्योग के रूप में संचालित करने के लिए पर्यटन नीति के तहत होटल एवं प्राचीन किलों को सजाने–संवारने का कार्य शुरू किया है। इसके अलावा ग्रामीण पर्यटन एवं होम स्टे को बढ़ावा दिए जाने की रणनीति बनाई गई है। शहरी जीवन से ऊबे लोग शांति एवं एकान्त की तलाश में आने वाले शैलानियों के लिए होम स्टे काफी पसन्द किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को जानने का अवसर प्राप्त होगा। पर्यटक गांव की सड़क से लेकर ग्रामीण जीवन के रहन–सहन, खानपान को करीब से जान सकेंगे। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गांवों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके तहत सड़क, पानी, बिजली, इण्टरनेट जैसी सुविधाएं देने पर विशेष बल दिया जा रहा है। मौजूदा सरकार तेज रफ्तार वाली सड़कें बनाने के साथ ही निर्वाध विद्युत आपूर्ति कर रही है। ग्रामीण पर्यटन के तहत फिलहाल 18 गांवों का चयन किया गया है। लगभग 100 गांवों को इस योजना में चयन करने की तैयारी है। गांवों में बड़े मकानों को लाज के रूप में बदलवाने का प्रयास किया जायेगा। इसके माध्यम से मकान मालिकों को भी आमदनी का जरिया प्राप्त होगा।

उत्तर प्रदेश में होम–स्टे पर भी राज्य सरकार फोकस कर रही है। पर्यटन को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए सरकार ने होम स्टे मॉडल को तेजी से लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। पर्यटन विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में होम स्टे पंजीकरण और संचालन की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निर्देश दिए है जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ सके। इस योजना को पायलट आधार पर आगे पहुंचाया जा रहा है। यहां पुराने मोहल्लों और हेरिटेज क्षेत्रों खासतौर से चौक और आस–पास के क्षेत्रों में पारंपरिक घरों को होम–स्टे के रूप में विकसित करने की तैयारी की है। इससे पर्यटकों को नवाबी संस्कृति का वास्तविक अनुभव मिल सकेगा। पर्यटकों के लिए यह पहल सिर्फठेहरने तक सीमित नहीं होगी, बल्कि स्थानीय खान–पान, कला और संस्कृति को भी शामिल किया गया है। इस पहल से पर्यटक सीधे स्थानीय जीवनशैली से जुड़ सकेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। होम–स्टे योजना का उद्देश्य पर्यटन को बड़े होटलों से निकाल कर आम लोगों के घर तक पहुंचाना है। इस योजना के क्रियान्वयन से अवसर बढ़ेगे और प्रदेश की वास्तविक सांस्कृतिक विरासत पर्यटकों तक पहुचेंगी। इस नीति के तहत राज्य के धार्मिक और पर्यटक स्थलों जैसे–अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज के आस–पास बड़े पैमाने पर होम–स्टे विकसित किए जाने की योजना है। होम–स्टे के तहत स्थानीय युवाओं और परिवारों को सीधे फायदा पहुंचेगा। लखनऊ जैसे शहरों में यह मॉडल सांस्कृतिक पर्यटन को नया आयाम दे सकता है। होम–स्टे की सफलता से यह संकेत मिल रहा है कि उ.प्र. में पर्यटन अब बड़े प्रोजेक्टस के साथ–साथ छोटे स्तर पर भी विस्तार पा रहा है, जिससे आम नागरिक भी विकास का हिस्सा बन रहे है।

प्रदेश में बढ़ रही पर्यटन गतिविधियों और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने बेड एण्ड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) व होम–स्टे नीति–2025 में संशोधन किया है। इसके तहत होम–स्टे और बीएंडबी इकाई अब आठ कमरे तक का पंजीकरण करा सकेंगी। वहीं, पंजीकृत इकाइयों को ऑनलाइन स्व नवीनीकरण ऑटो रिन्यूअल की सुविधा भी दी गई है। अब शहरी क्षेत्रों में चल रही होम स्टे इकाइयों में न्यूनतम एक और अधिकतम आठ कमरें (16 बेड) पंजीकृत कराए जा सकेंगे। यह भी अनिवार्य किया गया है कि होम स्टे इकाई स्वामित्व अथवा विकास प्राधिकरण से लीज पर मिली भूमि पर बने आवासीय भवन में चलेगी। उसमें मालिक या उसका परिवार भौमिक रूप से निवास करेगा। यह व्यवस्था प्रदेश में पर्यटन व उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में सहयोगी होगी। पर्यटन के नये क्षेत्रों के अंतर्गत प्राकृतिक खेती की भी बड़ी भूमिका है। राज्य सरकार मोटे अनाज की खेती करने पर जोर दे रही है। इसके तहत किसानों को बीज के अलावा अन्य सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। इण्टरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स–2023 के तहत मोटे आनाजों जैसे–ज्वार, बाजरा, कोदो, काकुन, रागी, जौ, एवं चना आदि की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। मोटे अनाज विभिन्न पौष्टिक तत्वों से भरपूर होने के साथ ही औषधीय गुण से सम्पन्न होते हैं। इनके सेवन से शरीर को कई बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्राप्त हो जाती है। ग्रामीण पर्यटन से शैलानी इन मोटे अनाजों की खेती एवं उत्पाद को करीब से देख सकेंगे और अपने स्टे के समय खाने का हिस्सा बना सकते है। प्रदेश में ईको–पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने की भी रणनीति बनायी गई है। ईको–पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ईको– पर्यटन बोर्ड का गठन करते हुए लगभग दो दर्जन से अधिक विभागों को इससे जोड़ा गया है। उत्तर प्रदेश में ईको पर्यटन के लिए परिस्थितियां मौजूद हैं। यहां पर कतरनियां घाट के अलावा वाइल्ड लाइफ सेन्चुरी, फारेस्ट रिजर्व, अभ्यारण्य, पक्षी–विहार तथा वेटलैण्ड भी मौजूद है। वाइल्ड लाइफ से जुड़े क्षेत्रों को पर्यटन के लिहाज से विकसित करते हुए पर्यटकों की पसन्द के हिसाब से सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। ईको–टूरिज्म के माध्यम से देशी एवं विदेशी शैलानियों को उत्तर प्रदेश को एक पसन्दीदा गन्तव्य स्थल बनाने की ठोस रणनीति बनायी गई है।

*लेखक से0नि0 सूचना अधिकारी हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### चलते ट्रक में लगी आग, चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान



**समृद्धि न्यूज़, बहुआ, फतेहपुर।** बहुआ कस्बे में रानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास शनिवार को एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।आग की लपटें उठते ही ट्रक चालक और परिचालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते ट्रक आग की चपेट में आ गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बाद में दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि ट्रक को आग से काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने थाना कबरई का किया आकस्मिक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** जनपद में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं जनोन्मुखी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा थाना कबरई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, उपनिरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, हवालात, भोजनालय, आवासीय बैरक एवं थाना परिसर का गहन निरीक्षण कर अभिलेखों, व्यवस्थाओं तथा साफ-सफाई का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई को थाना परिसर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने, पुलिस कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत थाना परिसर में शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त एवं सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभिलेखों का नियमित अद्यतन, सीसीटीएनएस कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने एवं आमजन के साथ संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कबरई संतोष सिंह, पीआरओ राहुल मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

### थाना अजनर व थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार की उपस्थिति में थाना अजनर पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित किया गया। अर्दली रूम के दौरान लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों की गहन समीक्षा की गई तथा उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान मिशन शक्ति, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, बेहतर जनसुनवाई एवं बीट पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए। तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी कार्यालय कुलपहाड़ में थाना कुलपहाड़ एवं थाना पनवाड़ी के विवेचकों का भी अर्दली रूम कर विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना अजनर एवं थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। गश्त के दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु संबंधित पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनपदीय पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, दो आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** गोहन थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एसओजी, सर्विलांस टीम और गोहन थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस पर फायरिंग करने वाले एक बदमाश के पैर में जवाबी कार्रवाई के दौरान गोली लग गई, जबकि उसके साथी को पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। डॉ. ईशान सोनी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आशिफ के पैर में गोली लग गई।
घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आशिफ का साथी उदल मौके से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। एएसपी के अनुसार घायल आरोपी आशिफ पूर्व में गो-तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। कुछ दिन पहले उसने अपने तीन साथियों के साथ गोहन थाना क्षेत्र में एक पशुपालक के साथ मारपीट कर उसकी तीन बकरियां वाहन से चोरी कर ली थीं। जांच में इस घटना में आशिफ और उदल की संलिप्तता सामने आई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनके दो अन्य साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी रिंकू चौधरी, गोहन थाना प्रभारी सतीश कुमार कुशवाहा तथा उनकी टीम शामिल रही।

# डीएम ने फीता काटकर किया सघन पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

- आयोजित रैली में पैदल चलकर अभियान को सफल बनाने का दिया संदेश
- सचल दल व स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाकर पिलाई जाएगी पोलियो की ड्रॉप

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**



सघन पल्स पोलियो अभियान(28 जून, 2026) जनपद स्तरीय रैली का शुभारम्भ जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जिला चिकित्सालय में फीता काटकर किया। रैली में डा0 यू0बी0 सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 पी0के0 सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 सुरेश कुमार जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी, गावी/जेएस0आई0 के स्टाफ तथा पत्रकार आदि उपस्थित रहे। रैली एन0सी0सी0 कैड्रेस, डायट में अध्ययनरत विद्यार्थी, नर्सिंग छात्रायें, ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा निकाली गयी। रैली जिला चिकित्सालय, फ्तेहपुर से आबूनगर होते हुये निकाली गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि दिनांक 28 जून, 2026 को बूथ दिवस के दिन जनपद के सभी शासकीय विद्यालय खोले जायेगें तथा अध्यापक/ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों को बुलावा टोला के माध्यम से बुलाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी/नोडल अधिकारी पल्स पोलियो द्वारा उपस्थित लोगों से अपेक्षा की गयी कि दिनांक 28 जून, 2026 से आरम्भ हो रहे पल्स पोलियो अभियान में अपने जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को लाकर पोलियो ड्राप से आच्छादित करायें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 यू0बी0 सिंह, ने कराया है कि अभियान में लक्षित 423800 बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित किया जायेगा। अभियान में 1280 बूथ, 42 ट्राजिट टीम, 884 घर-घर टीम, 256 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गयी है तथा 39 सचल टीमें भी लगायी गयी है।

## डीएम ने लाभार्थियों को चेक व टूल किट किया वितरण

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय एम0एस0एम0ई0 दिवस (27 जून) का आयोजन विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।



उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एम0एस0एम0ई0 दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। सरकार का जो विजन है कि भारत देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, के लिए एक, दो व्यक्ति नहीं प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जिस क्षेत्र में उद्यम लगाना है और कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ेगा तभी राष्ट्र विकसित होगा। सरकार द्वारा द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपनीदूअपनी कुशलता के आधार पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि जब हम अभी से मेहनत करेंगे तो अपने आने वाली पीढ़ी को उन्नति के मार्ग में पहुंचा पाएंगे। इसलिए हमको कोई न कोई व्यवसाय चुनना होगा और कार्य करना होगा। जनपद आकांक्षी जनपद है जब फ्तेहपुर जनपद विकसित होगा तभी अपना प्रदेश भी विकसित होगा, क्योंकि पूरे देश की आबादी का 25 प्रतिशत उत्तर प्रदेश का हिस्सा है। जब उत्तर प्रदेश आगे बढ़ेगा तभी विकसित राष्ट्र का सपना पूरा होगा। उन्होंने सभी उद्यमियों से कहा अपने व्यवसाय में मेहनत कर आगे बढ़े। सरकार उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। प्रशासन उसे धरातल पर एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ धरातल पर उतार रहा है। हम सब सरकार की योजनाओं का लाभ लेते हुए आगे बढ़े। जनपद के उद्यमियों गोविन्द बाबू टाटा, प्रदीप गर्ग आदि ने उद्यमिता के विषय में विस्तार से प्रकाश डालते हुए नए उद्यमियों को प्रोत्साहित किए और अपनी जुबानी में अपने अनुभव भी साझा किए। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग, जिला प्रोत्साहन एवं उद्यमित विकास केन्द्र ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद उत्पाद हेतु वित्त पोषण सहायता योजना, एक जनपद एक उत्पाद टूल किट योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रशिक्षण योजना, एक जनपद एक व्यंजन योजना आदि प्रमुख योजनाएं संचालित है।

## ज्योति कलश यात्रा ने नगर भ्रमण कर महोबा के लिये हुई प्रस्थान

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जनपद में शांतिकुंज हरिद्वार से अखंड दीपक के प्रकट्य एवं बंदिनीया माता जी भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आखिर विश्व गायत्री परिवार का ज्योति कलशयात्रा जनपद में एक जून से कदौरा विकासखंड से प्रारंभ होकर प्रत्येक विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में होती हुई नगर में मां तारा कुंज में स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर पटेल नगर के प्रज्ञा महिला मंडल, बाल संस्कारशाला, प्रज्ञा संस्थान में गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी महेशचंद्र सैनी अपने सहयोगियों के साथ पहुंचकर यात्रा की पूजा अर्चना की। गायत्री ट्रस्ट परिवार के संरक्षण डॉक्टर सीताराम अग्रवाल, की कर्मक्षेत्र अवस्थी, एवं श्रीमती अर्चना अवस्थी, युवा मंडल प्रभारी चंदन श्रीवास, व्यवस्था समिति के समन्वक शैलेन्द गुप्ता, प्रज्ञा महिला मंडल की श्रीमती रीता श्रीवास्तव, नेहा गुप्ता, बीना गुप्ता, प्रियंका श्रीवास, अर्चना सोनी, अर्चना श्रीवास्तव, कुमारी साक्षी नगायच, श्रीमती मंजू दुबे, के साथ राम रतन दुबे, हार्दिक श्रीवास, एमसी विशेष गुप्ता ने ज्योति कलश यात्रा रथ का स्वागत किया।

## एसआई भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारियों का एडीजी व आईजी ने लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत 29 और 30 जून को आयोजित होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण और पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र अजय कुमार मिश्रा पीएसी पहुंचे। जनपद आगमन पर 12वीं वाहिनी पीएसी अतिथि गृह में गार्द द्वारा दोनों अधिकारियों को सलामी दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, 12वीं



वाहिनी पीएसी कमांडेंट मनोज कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सलामी के बाद एडीजी ज्योति नारायण ने आईजी अजय कुमार मिश्रा, एसपी अभिमन्यु मांगलिक और कमांडेंट मनोज कुमार अवस्थी के साथ परीक्षा स्थल और ग्राउंड का सघन भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभ्यर्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों, प्रवेश व निकास व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के बाद पुलिस लाइन्स में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। एडीजी ज्योति नारायण ने आईजी अजय कुमार मिश्रा की मौजूदगी में संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को ब्रीफ किया। उन्होंने परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि परीक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करें।

## मुहर्रम की दस तारीख को कर्बला मे सुपुर्द-ऐ-आब किए गए ताजिये

- जनपद मे शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मुहर्रम का पर्व
- पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक सहित क्षेत्राधिकारी सुरक्षा वयवस्था पर बनाए रहे नजर

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



जनपद सहित विभिन्न नगरों कस्वो एवं गांव में मोहर्रम का पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया! मोहर्रम की 9 तारीख से ही ताजिये निकलने प्रारंभ हो गए, जिन्हें मोहर्रम की 10 तारीख को देर शाम तक सुपुर्द- ए-आब किया गया! इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनी रही, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक द्वारा भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे!
बता दें कि मोहर्रम पर्व की 9 एवं 10 तारीख को जनपद सहित पनवाड़ी, कुलपहाड़, चरखारी, अजनर, जैतपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं अकीदत के साथ मनाया गया! इस दौरान ताजिये जुलूस निकाले गए जो अपने-अपने इमामबाड़ों से निकलकर विभिन्न मुकामों से होते हुए मोहर्रम की 10 तारीख को कर्बला में जाकर सुपुर्द ए आब किए गए! साथ ही महोबा मे अलाव के आयोजन के बाद ढाल सवारी व ताजिया जुलूस के दौरान इमाम हुसैन की इमाम हुसैन की सदाऐ गूजती रही, तो वही अकीदतमन्दो द्वारा जगह-जगह मर्सिया एवं लंगर का आयोजन किया गया!
मुहर्रम पर्व को लेकर जनपद पुलिस भी अलर्ट नजर आई, जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनात रहा! पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक सहित थाना प्रभारी सुरक्षा व्यवस्था हेतु भ्रमण कर अपनी नजर बनाए रहे!

## डग्गा पलटने से एक महिला सहित आधा दर्जन यात्री घायल

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाड़पुर में खड़ी एक मोटरसाइकिल में आपे डग्गा ने जोरदार टक्कर मारकर पलट गया। जिससे सवारियों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से सभी आपे सवार घायल एक महिला सहित आधा दर्जन लोगों को कुलपहाड़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रिफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महोबा से यात्रियों को लेकर एक आपे डग्गा कुलपहाड़ की ओर आ रहा था। तभी लाड़पुर ग्राम में सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल से टकराते हुए पलट गया, उसमें बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने पहुंचकर सभी घायलों को आपे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जिसमें घायल जमुना प्रसाद अहिरवार 45 वर्ष बाजार वार्ड कुलपहाड़, जशोदा पत्नी कंधी 48 वर्ष निवासी समद नगर महोबा व देव सिंह 36 वर्ष निवासी बम्होरी कुरमिन महोबा की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। जिसमें जमुना प्रसाद अहिरवार को गंभीर हालत में झांसी रिफर किया गया। जबकि प्रेम नारायण 30 वर्ष व विजय नामदेव 35 वर्ष कुलपहाड़ को मामूली चोटें आने पर उपचार किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी प्रकार एक अन्य दुर्घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुरा मंदिर से अपने घर ग्राम सिरमौर जाते समय बाईक का संतुलन बिगड़ने से गिरकर दो बाइक सवार युवक पियूष 17 वर्ष व आशीष 14 वर्ष घायल हो गए। जिन्हें मामूली चोटें आने पर उपचार करके घर भेज दिया गया है।

## नगर में बड़े अकीदत के साथ निकला मोहर्रम का जुलूस



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** मोहर्रम के अवसर पर उरई नगर में 10 मोहर्रम का जुलूस बड़े अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और परंपरागत तरीके से मातमी रस्में अदा की गईनगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरे मुहर्रम जुलूस के दौरान अमन, भाईचारे और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुआ।
मोहर्रम के अवसर पर लोगों ने हजरत इमाम हुसैन एवं कर्बला के शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए उन्हें बिदा किया नगर में जगह-जगह लोगों द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया तथा शरबत एवं पानी की व्यवस्था भी की गई। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन एवं आयोजकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जालौन की गंगा जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की मिसाल एक बार फिर देखने को मिली। अब्दुल कय्यूम करीमी की देखरेख ताजिया मरहूम अबरार शहीद अब्बासी, पप्पू, रहमत शाह, इंजू, रफीक खान, रफीक मंसूरी, चांद खान रिहान शाह, अमन मंसूरी, वसीम खान ने सहयोग रहा।

## खनिज कार्यालय 31 जुलाई तक पूर्ण करायें, एनआईसी भवन दो दिन में तैयार करने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन शासकीय भवनों के कार्यो की प्रगति का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को निर्माणाधीन एनआईसी कार्यालय एवं खनिज कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यो की धीमी गति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन खनिज कार्यालय का निरीक्षण करते समय डीएम ने पाया कि भवन निर्माण की प्रगति निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। उन्होंने अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देशित किया कि कार्य में अनावश्यक विलंब के लिए संबंधित ठेकेदार को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए तथा अनुबंध की शर्तों के अनुरूप आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भवन की दूसरी मंजिल की स्लैब का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन उसके ऊपर प्लास्टर का कार्य अभी तक



प्रारंभ नहीं किया गया है। वहीं भूतल एवं अन्य हिस्सों में पुट्टी-पुताई, विद्युत फिटिंग, पेयजल एवं सेनेटरी व्यवस्था, दरवाजे-खिड़कियों की स्थापना, एप्रन निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण कार्य अधूरे पाए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अतिरिक्त श्रमिकों एवं संसाधनों की व्यवस्था कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और 31 जुलाई 2026 तक प्रत्येक दशा में भवन का समस्त कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। यदि कार्य की प्रगति में पुनः लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन एनआईसी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शेष बचे सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए दो दिवस के भीतर भवन को पूर्ण रूप से तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यालय का संचालन शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय भवनों का निर्माण केवल समय पर पूरा होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी सर्वोच्च मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।
जनहित से जुड़े प्रत्येक निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा और जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## डीएम ने डिजिटल निगरानी माइनिंग कमांड सेंटर का किया निरीक्षण

- सीसीटीवी, जीपीएस और ऑनलाइन मॉनिटरिंग व्यवस्था की परखी
- प्रभावशीलता, अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जनपद में खनिज संपदा के संरक्षण तथा अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित खनन कार्यालय में स्थापित माइनिंग कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कमांड सेंटर में संचालित डिजिटल निगरानी प्रणाली, वाहनों की ट्रैकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, ऑनलाइन डाटा विश्लेषण तथा खनन गतिविधियों की रियल टाइम



मॉनिटरिंग का विस्तृत अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कमांड सेंटर के माध्यम से संचालित निगरानी व्यवस्था की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि जनपद में संचालित प्रत्येक वैध खनन पट्टे की गतिविधियों पर सतत एवं प्रभावी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित पट्टा क्षेत्र से बाहर खनन, ओवरलोडिंग, बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उद्देश्य केवल निगरानी करना नहीं, बल्कि अवैध खनन की प्रत्येक गतिविधि पर समय रहते प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। सभी संबंधित अधिकारी कमांड सेंटर से प्राप्त सूचनाओं का त्वरित विश्लेषण करें तथा मौके पर जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि माइनिंग कमांड सेंटर को 24म7 सक्रिय रखते हुए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन की प्रत्येक सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं परिणामोन्मुख बनाने के निर्देश दिए, ताकि जनपद में पारदर्शी, नियमसम्मत एवं प्रभावी खनन व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।


## कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा

पत्रांकः 146/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 — दिनांक-27.06.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)
अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा 15वाँ वित्त आयोग आयोग निधि के अन्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 29.06.2026 से 06.07.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 07.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

संजीव कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

# सनातन संस्कृति देती है समरसता का संदेशः सांसद

**विशाल भंडारे में उमड़ी आस्था**



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को क्षेत्र के मोहम्मदपुर कीरत चौराहे पर महाबली बजरंगबली के नाम से ललित मंगल तिवारी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह ने किया। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन के दौरान जय श्रीराम और श्री हनुमंत जी महाराज की जय के जयघोष तथा रामधुन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा, जवाहरलाल वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, मधुकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, दुर्गा प्रसाद पांडेय, ज्ञानेंद्र तिवारी, महामंत्री दीपक वर्मा, जय मंगल तिवारी, विनोद तिवारी, देशराज सिंह,प्रेस क्लब अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, कुलदीप जायसवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से औपचारिक बातचीत में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति का मूल संदेश समाज में समरसता, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी संपूर्ण जाति या वर्ग के प्रति विरोध की भावना उचित नहीं है। उनके अनुसार ऐसा करने से समाज में गलत संदेश जाता है और आपसी सौहार्द प्रभावित होता है। उन्होंने सभी से सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी एक हैं, कोई भी पराया नहीं है। यही हमारी सनातन संस्कृति का संदेश है।

कार्यक्रम के समापन पर सांसद लल्लू सिंह ने पत्रकारिता से जुड़े लोगों को अयोध्या धाम के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर आधारित पुस्तकों का वितरण कर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने वाला आयोजन बताया।

## थाना समाधान दिवस में सात प्रकरण हुए निस्तारित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कोतवाली बदोसराय में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता और कोतवाल राम अवतार सरोज के संयोजन में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। ये शिकायतें राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित थीं। शेष 6 लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए राजस्व और पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है। नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और उनका निस्तारण किया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लंबित शिकायतों के लिए गठित टीम मौके पर जाकर जांच करेगी और उनका समाधान सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर एडीआर अजित सिंह, लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी सहित राजस्व और पुलिस विभाग के कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरोग्य मंदिर बंद, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटक रहे ग्रामीण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड सिरौलीगौसपुर के ग्राम बदोसराय स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से बना यह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अब झाड़-झंखाड़ से घिरा हुआ है। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हैं।जिला पंचायत सदस्य एवं जिला योजना समिति सदस्य विजय कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि केंद्र पर तैनात सीएचओ, एएनएम व संगिनी कई माह से नहीं आ रही हैं। इससे ग्रामीणों, खासकर वृद्धों और गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच, काउंसलिंग व दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। मजबूरी में लोगों को निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी में महंगा इलाज कराना पड़ रहा है। विजय यादव ने आरोप लगाया कि तैनात कर्मचारी घर बैठे वेतन ले रहे हैं, जबकि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। उन्होंने सिरौलीगौसपुर विकासखंड में बंद पड़े सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने और केंद्रों को तत्काल खुलवाकर आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की है।

## बीडीओ ने की संचारी रोग नियंत्रण की बैठक

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** ब्लॉक सिरौलीगौसपुर सभागार में शनिवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने और बुखार के मरीजों की पहचान करने के निर्देश दिए।खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने सभी पंचायत सचिवों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# भाकियू ने की जलकुंड बचाव के लिए बैरिकेडिंग लगाने की मांग



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

औसानेस्वर महादेव मंदिर के गोमती घाट पर जल कुंड से बचाव हेतु बेरीकेटिंग लगाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार प्रियंका शुक्ला को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में दर्शाया गया है कि अगर 6 जुलाई तक जलकुंड के आसपास बेरीकेटिंग ना की गई तो 7 जुलाई को किसान यूनियन गोमती घाट पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला सचिव महादेव यादव ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सिंह सचिन पांडे फूलचंद रावत बृजेश कुमार यादव महिला ब्लॉक अध्यक्ष मालती सिंह उषा मौर्य महामंत्री आदिल खान रामकरण यादव सुरेश यादव काशीराम राजपूत तेज बहादुर यादव सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# निजी चिकित्सा केंद्रों पर अग्नि सुरक्षा मानकों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ में हुई अग्निकांड की घटना के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम की अगुवाई में स्वास्थ्य ,पुलिस, फायर, पूर्ति आदि विभागों कि संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चल रहे प्राइवेट अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों पर छापा मार कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन से अधिक अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक सेंटरो को सील किया है इस कार्यवाही के दौरान जाचं में अधिकांश अस्पतालों में डायग्नोस्टिक सेंटरो पर पंजीकृत डॉक्टर मौजूद नही मिले। झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित अस्पतालों में एक भी मानक के अनुरुप नही पाया गया।कई अस्पतालों में जाचं के दौरान ओटी में एक्सपायरी दवाये व इंजेक्शन पाये गए जिन्हें टीम ने अपने कब्जे में लिया है।शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज सीएचसी अधीक्षक डॉ आरिफ सिद्दीकी एवं पूर्ति विभाग व फायर विभाग के साथ ही भारी पुलिस बल के साथ बदोसराय व रसूलपुर कस्बे में चल रहे अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक सेंटरो पर छापे मार कार्यवाही करते हुए डायग्नोस्टिक सेंटर तैफी व अपोलो के साथ ही मेडिक्स अस्पताल, केयर पाली क्लीनिक, नेशनल अस्पताल सहित आधा दर्जन से अधिक अस्पतालों को सील किया है वही सभी अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक सेंटरो को एसडीएम कार्यालय में संबंधित आवश्यक कागजात पेश करने के निर्देश दिये है।तैफी डायग्नोस्टिक सेंटर के मैनेजर द्वारा अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया जिसके चलते उपजिलाधिकारी ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया।प्रशासन द्वारा की गई इस बड़ी कार्यवाही से अस्पतालों व झोला छाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है।

## महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो जोड़े साथ रहने को राजी



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु दीपशिखा सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए सारे शिकवे गिले भुलाकर एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें दो विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# ताजिया के दौरान युवक की मौत परिजनों ने मौलवी पर लगाया आरोप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

टिकैतनगर थाना क्षेत्र में ताजिया के दौरान गुरुवार देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि तंत्र-मंत्र के नाम पर बुलाकर उसकी जीभ धारदार हथियार से काट दी गई, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है। सिहोरिया गांव निवासी मृतक सुकई के भाई दुखीराम ने बताया कि ताजिया के दौरान परिवार के अन्य सदस्य गांव में मौजूद थे, जबकि सुकई एक छोटे बच्चे के साथ घर पर था। आरोप है कि गांव निवासी मनुद्दीन ने फोन कर उसे घर से बुलाया और खजुरी गांव ले गया। वहां पहले से मौजूद मौलवी गुल्ले हिदायत रसूल ने कथित रूप से धारदार हथियार से उसकी जीभ काट दी। परिजनों के अनुसार, सुकई की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। जब परिवार के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे तो अत्यधिक रक्तस्राव के कारण सुकई की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर टिकैतनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक के नाम पर लोगों को गुमराह करता था।

# फायर ब्रिगेड की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**फायर ब्रिगेड की टीम ने संचालकों को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय का पालन करने के दिए निर्देश**



**लालगंज रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ में हुए हालिया अग्निकांड के बाद फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में रायबरेली के लालगंज में शनिवार को फायर सर्विस विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी की जांच कर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने संचालकों को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय,अग्निशमन यंत्रों के रखरखाव, आपातकालीन निकास मार्ग तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कोचिंग संस्थानों में मौजूद छात्र-छात्राओं को भी आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने, फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग और आपातकालीन सेवाओं से तत्काल संपर्क करने के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर लालगंज फायर ब्रिगेड प्रभारी मुकेश गिरी, फायरमैन विमल यादव होमगार्ड दुर्गेश सैनी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जनजागरूकता और नियमित निरीक्षण के माध्यम से अग्निकांड जैसी घटनाओं से होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। साथ ही सभी संस्थानों से फायर सेफ्टी मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने पर जोर दिया गया।

# लखनऊ अग्निकांड के बाद पूरी तरह से अलर्ट मोड में प्रशासन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



लखनऊ में हुए भीषण अग्नि कांड के बाद प्रशासन ने जिले में संचालित निजी अस्पतालों और चिकित्सालयों पर सघन निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया गया है। प्रशासनिक टीम ने अस्पतालों के अभिलेख, पंजीकरण, फायर सेफ्टी उपकरणों और आपातकालीन व्यवस्थाओं की गहन जांच की। इस दौरान प्रतापगढ़ रोड स्थित आई हॉस्पिटल और अमेठी-दुर्गापुर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फायर सुरक्षा मानकों के अनुपालन, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और आपदा प्रबंधन व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। अस्पताल संचालकों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम ने साफ कहा कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो अस्पताल निर्धारित मानकों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अमेठी पंकज कुमार, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा और सीएचसी अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने गेंगासो गंगा पुल का किया निरीक्षण

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने गेंगासो गंगा पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल पर कराए गए मरम्मत कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं आवागमन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि गेंगासो गंगा पुल वर्ष 1970 के दशक में निर्मित हुआ था। समय के साथ पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से इस पर यातायात बंद कर दिया गया था। पुल की आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया, जो अब पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने बताया कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत पुल को फिलहाल हल्के वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुल पर शेष तकनीकी परीक्षण एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही भारी वाहनों के आवागमन के लिए भी खोल दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुल पर यातायात के दौरान सुरक्षा मानको का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कराया जाए, आवश्यकता अनुसार संकेतक बोर्ड एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से संचालित रहें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की संभावना न रहे। गेंगासो गंगा पुल के पुनः संचालित होने से रायबरेली सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी गति प्राप्त होगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी लालगंज राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी लालगंज सुजीत कुमार राय सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# बुद्ध विहार गौरीगंज में शुरू हुआ बुद्ध चरित मानस का अखंड पारायण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

सम्राट महापद्मनंद बुद्ध विहार गौरीगंज में के. पी. सविता बौद्ध द्वारा रचित बुद्ध चरित मानस के अखंड पारायण की पहले दिन शुरूआत हुई। कार्यक्रम की शुरूआत बौद्ध भिक्षु प्रज्ञा मित्र प्रबंधक सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली सोइया अमेठी द्वारा पारायण के आयोजक के. पी. सविता बौद्ध पूर्व प्रधानाध्यापक एवं रचयिता बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य और महामंत्री भारतीय बौद्ध महासभा उप्र शाखा जनपद अमेठी को त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराकर हुई। इसके बाद बुद्ध पूजा वंदना कराई गयी। इस अवसर पर भंते शीलरतन कोषाध्यक्ष बुद्ध विहार सेवा संस्थान गंगौली ने भी सहयोगी भंते की भूमिका निभाई। इस अवसर पर बौद्धाचार्य कंधई राम बौद्ध, श्याम लाल भारती, आर.बी. चक्रवर्ती रिटायर्ड प्रबंधक ग्रामीण बैंक, रामफल फौजी सचिव सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली, नीरज बौद्ध, गुरु प्रसाद बौद्धाचार्य, रामबहादुर शर्मा पूर्व प्रधानाध्यापक, घनश्याम शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, नेताजी मंतेश शर्मा आदि रहे।

# करंट से युवक की मौत से इलाके में हड़कंप

**लालगंज रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**



कस्बे में एक मामूली लापरवाही ने एक युवक की जान ले ली। आचार्यनगर निवासी अजय प्रजापति (30) पुत्र सत्यदेव प्रजापति प्रताप होटल में काम करने के दौरान करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक प्रताप होटल में किचेन के बोर्ड में चार्जर लगा रहे थे। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गए। होटल कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लालगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अजय पिछले करीब 10 वर्षों से होटल में खाना बनाने का काम कर रहे थे। उनकी अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पत्नी परिवार सहित घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं लालगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि करंट लगने से मौत की सूचना मिली थी। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद शव का पंचनामा करके शव उन्हें सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और जांच की जा रही हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर होटल में बिजली सुरक्षा के क्या इंतजाम थे। क्या बिजली के उपकरणों का नियमित निरीक्षण किया जाता था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था, या फिर यह हादसा प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही सामने आ सकेंगे। लोगों में भी तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी।

## बुधवार से गायब युवती का गांव के बाहर कुएं में उतराता मिला शव,हड़कंप



**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव में शनिवार की सुबह बुधवार से गायब स्थानीय गांव की ही रहने वाली एक युवती का शव कुएं में उतराता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि मृतका युवती पुष्पा उर्फ गिल्ला पुत्री शिवराम उम्र 19 वर्ष निवासी पश्चिम गांव जो कि बीते बुधवार से गायब थी। उसके परिजन लगातार उसकी खोजबीन में लगे हुए थे। परिजनों के द्वारा जानकारी दी गई है कि वह अपनी नाते रिश्तेदारी आसपास के गांवों एवं अन्य जगहों पर मृतका युवती की तलाश कर रहे थे। तभी शनिवार की सुबह वह जब अपने घर से लगभग 200 मीटर के करीब की दूरी पर स्थित गांव किनारे एक कुएं के पास पहुंचे तो उक्त मृतका युवती पुष्पा का शव उन्होंने कुएं के अंदर उतराता हुआ देखा। घटना को देखने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। देखते ही देखते घटना स्थल पर हजारों की संख्या में ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। वहीं घटना की सूचना ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतका युवती पुष्पा के शव को कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस के द्वारा आगे की विधि कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जानकारी यह भी प्राप्त हुई है कि परिजनों के द्वारा मृतका युवती पुष्पा के गायब होने के संदर्भ में स्थानीय थाने पर किसी भी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी गई थी।

## गौरीगंज-प्रतापगढ़ सीधी बस सेवा शुरू करने की मांग तेज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय गौरीगंज से प्रतापगढ़ के बीच सीधी रोडवेज बस सेवा न होने से यात्रियों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और मरीजों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कई बार वाहन बदलने पड़ते हैं या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। इससे यात्रा में समय अधिक लगने के साथ खर्च भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमेठी और प्रतापगढ़ के बीच प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, लेकिन सीधी बस सेवा का अभाव लोगों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। प्रतिदिन प्रतापगढ़ आने जाने वालों का कहना है कि प्रतापगढ़ आने-जाने के लिए उन्हें रोज कई वाहन बदलने पड़ते हैं, जिससे समय की काफी बर्बादी होती है। छात्रों का कहना है कि पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के सिलसिले में उन्हें अक्सर प्रतापगढ़ जाना पड़ता है, लेकिन सीधी बस सेवा न होने से यात्रा कठिन हो जाती है। वहीं व्यापारी लाल मोहम्मद ने कहा कि व्यापारिक कार्यों के लिए नियमित रूप से प्रतापगढ़ जाना पड़ता है, लेकिन बेहतर परिवहन व्यवस्था के अभाव में अधिक समय और पैसा खर्च करना पड़ता है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के डिपो इंचार्ज आर.के. वर्मा ने बताया कि गौरीगंज-प्रतापगढ़ मार्ग पर यात्रियों की संख्या का सर्वे कराया जा रहा है। मांग और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर सीधी बस सेवा शुरू करने पर निर्णय लिया जाएगा।

# जिला सूचना कार्यालय में हुआ विशाल भंडारा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला सूचना कार्यालय, सीतापुर परिसर में शनिवार को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सूचना अधिकारी विपिन कुमार द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपराह्न 12:30 बजे किया गया। इस अवसर पर सूचना विभाग के कर्मचारी अभिषेक मिश्रा, प्रिन्स सक्सेना, कुलदीप कुमार, आदर्श तिवारी एवं अनिकेत मौर्य उपस्थित रहे। भंडारे में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, पत्रकार बंधु तथा बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा एवं सौहार्द का वातावरण बना रहा। उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की तथा आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं। भंडारे का उद्देश्य जनसामान्य को एक साथ जोड़ते हुए सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश देना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन से जिला सूचना कार्यालय परिसर में भक्ति एवं उत्साह का माहौल बना रहा और लोगों ने इसे सामाजिक एकता एवं सहयोग की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

## जहरीला पदार्थ खाने से किसान की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम प्रानपुर पल्योंरा के एक किसान ने किसी बात से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम प्रानपुर पल्योंरा, पोस्ट हरिहरपुर निवासी 52 वर्षीय किसान रामनरेश यादव पुत्र लाल बिहारी यादव ने शनिवार को घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों के अनुसार उन्होंने किसी बात से क्षुब्ध होकर यह कदम उठाया, हालांकि कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घर में रखा सल्फास का पैकेट खाने की आशंका जताई गई है। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें निजी वाहन से सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। तिर्वा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान रामनरेश की मृत्यु हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी कुशमा यादव, दो बेटे अजीत यादव व अमित यादव तथा चार बेटियां रूबी, रोशनी, रुचि और आरती को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# डीएम-एसपी ने सुनीं जन समस्याएं, दिए निर्देश



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से थाना महमूदाबाद पहुंचकर फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें तथा कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ितों की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता, संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए। थाना समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागीय कर्मियों को जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को समयबद्ध न्याय एवं राहत मिल सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महमूदाबाद, क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD ASLAM S/O NAZAR MOHAMMAD था जो कि दिनांक 25/06/2026 को मैंने अपना नाम बदलकर MOHD ASLAM S/O NAZAR MOHAMMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी मोहल्ला सलारगंज निकट खसियारी मस्जिद थाना दरगाह शरीफ बहराइच उत्तर प्रदेश।

# अयोध्या का विकास पहले ही कर चुकी है सरकार: असीम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार के मंत्री ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के हालिया बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश का विकास करा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद निधि का उपयोग एक खास वर्ग के कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने में किया जा रहा है, जबकि भाजपा के जनप्रतिनिधि जिले के समग्र विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार गांव-गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने पूर्व भाजपा जिला मंत्री पर हुए जानलेवा हमले का जिक्र करते हुए बताया कि घायल कार्यकर्ता से मुलाकात की गई है और पुलिस अधीक्षक को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या के विकास को लेकर अखिलेश यादव के बयान पर मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का व्यापक विकास हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब यह पूछने का समय है कि जब मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के पास सत्ता थी, तब अयोध्या के लिए क्या किया गया। मंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा ने न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया और आज श्रद्धालु भव्य मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हाल की घटना के बाद सरकार ने आवश्यक कार्रवाई की है तथा मंदिर में आने वाले चढ़ावे का पारदर्शी ढंग से हिसाब-किताब रखा जाएगा।



- अखिलेश के आरोपों पर मंत्री का पलटवार
- कब्रिस्तान निर्माण, अयोध्या विकास और भाजपा कार्यकर्ता पर हमले के मुद्दे पर सरकार का जवाब
- पुलिस अधीक्षक को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

# डीएम आवास के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर एफआईआर

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कथित फर्जी आवेदन कराने के मामले में न्यायालय ने डीएम आवास पर तैनात एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। आरोप है कि कर्मचारी ने एक विवाहित युवक के नाम से आवेदन कर उसकी मौसेरी बहन को वधू दर्शा दिया। कई अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मामला तिर्वा के अंबेडकर नगर निवासी नीतू कुमार का है। नीतू कुमार का आरोप है कि वह पहले से विवाहित हैं और उनके दो बच्चे हैं, इसके बावजूद उनके नाम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन किया गया। आवेदन में वधू के रूप में उनकी मौसेरी बहन का नाम दर्ज किया गया।



पीड़ित के अनुसार, डीएम आवास के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वेद प्रकाश ने 23 मार्च 2026 को फोन कर उन्हें पीएसएम पीजी कॉलेज में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा था। इनकार करने पर भी कथित रूप से उनके नाम से आवेदन कर दिया गया। आरोप है कि आवेदन पत्र में वेद प्रकाश का मोबाइल नंबर दर्ज था और उसने योजना में शामिल होने के लिए पैसों का लालच भी दिया था।

पीड़ित द्वारा विभिन्न अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया, जिसके बाद कोर्ट ने संबंधित थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

- विवाहित युवक के नाम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन कराने का आरोप
- कार्रवाई न होने पर कोर्ट पहुंचा पीड़ित

# रील बनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़े तीन युवक

- जान जोखिम में डालकर किया स्टंट
- घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने जब उन्हें टोका, तो वे नीचे उतरे



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती स्थित बारात घर के पास बनी पानी की टंकी पर रील बनाने के चक्कर में तीन युवकों ने अपनी जान जोखिम में डाल दी। सोशल मीडिया पर चर्चा में रहने की होड़ में किए गए इस खतरनाक स्टंट को देखकर स्थानीय लोग भी हैरान रह गए।

मोहल्ले में स्थित पानी की टंकी पर चढ़कर तीनों युवक बिना किसी सुरक्षा उपकरण के रील शूट कर रहे थे। इस दौरान वे काफी ऊंचाई पर जाकर खतरनाक करतब भी दिखाते नजर आए। टंकी की ऊंचाई अधिक होने के कारण वहां से गिरने की प्रबल आशंका बनी हुई थी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने जब उन्हें टोका, तो वे नीचे उतरे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर मशहूर होने के लिए युवा इस तरह की जानलेवा हरकतें कर रहे हैं, जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकती हैं। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि टंकी के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं और ऐसे युवाओं की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि दोबारा कोई ऐसी हरकत न करे।

## करोडों की लागत से बनी पेयजल टंकी का परिसर बना तबेला




छिबरामऊ, कन्नौज। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम लड़ैता में लाखों करोडों रुपये की लागत से बनी ग्रामीण पेयजल योजना बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। हालत यह है कि अब टंकी परिसर लोगों के मवेशियों का तबेला बन चुका है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2014-15 में स्वीकृत और 2017-18 में पूर्ण हुई इस योजना पर 234 लाख रुपये खर्च किए गए थे। 300 किलोलीटर क्षमता वाली इस परियोजना से 419 परिवारों के करीब 3760 लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन वर्तमान में योजना पूरी तरह बंद पड़ी है। हालात यह हैं कि पानी की टंकी का परिसर अब जानवरों का तबेला बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ऑपरेटर की मिलीभगत से सरकारी परिसर पर अवैध कब्जा कर पशु बांधे जा रहे हैं। परियोजना के संचालन की जिम्मेदारी हेतवी कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के पास है, जबकि विभागीय निगरानी जूनियर इंजीनियर रजत कौशल और सहायक अभियंता वैभव सिंह के अधीन है। ग्रामीणों ने टोल फ्री नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## फांसी के फंदे पर झूली विवाहिता, मौत

समधन, समृद्धि न्यूज। विवाहित महिला ने मकान के कमरे की छत में लगे पंखे पर कपड़े का फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी भनक लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया समधन चौकी क्षेत्र के ग्राम समियामऊ निवासी योगेश कुमार की पत्नी साधना देवी ने बीता शुक्रवार देर रात अचानक घर के कमरे के छत पर लगे पंखे में कपड़े का फंदा गले में डालकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली वाद में घर पहुंचे पति योगेश कुमार ने आवाज लगाई लेकिन पत्नी की तरफ से आवाज न आने पर शक हो गया तब उसने कमरे में जाकर देखा की पत्नी फांसी के फंदे पर लटक रही थी तो उसके होश उड़ गये आनन-फानन में परिजनों व मायके वालों को घटना की जानकारी दी रात में पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने जमकर गाली गलौज किया गया इसके वाद घटना की सूचना गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है बताते हैं कि मृतक साधना देवी की शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी तब से अक्सर बीमार रहने से काफी आहत रहतीं थीं।

# थाना समाधान दिवस में सुनी गईं फरियादियों की समस्याएं



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोतवाल कपिल दुबे के पास आठ शिकायतें पहुंची, जिसमें तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व की पांच तथा पुलिस की 3 सहित कुल 8 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें पुलिस की तीनों शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। कोतवाल ने शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित रजिस्टर में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### परमिट उल्लंघन पर सरिया लदे ई-रिक्शे को पुलिस ने किया सीज



कन्नौज। तिर्वा मार्ग पर सवारी ई-रिक्शे से खतरनाक तरीके से सरिया ढोने के मामले में पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया। शनिवार को समाधान दिवस में शामिल होने के लिए तिर्वा जाते समय अपर पुलिस अधीक्षक और अपर जिलाधिकारी ने कन्नौज-तिर्वा मार्ग पर एक ई-रिक्शा देखा, जिसमें सरिया आगे और पीछे करीब आठ-आठ फीट तक निकला हुआ था। वाहन पर दुर्घटना से बचाव के लिए कोई चेतावनी संकेत भी नहीं लगाया गया था। निर्देश मिलने पर यातायात पुलिस ने जांच की तो पता चला कि संबंधित ई-रिक्शा सवारी वाहन के रूप में पंजीकृत है, जबकि उसका उपयोग सरिया ढोने में किया जा रहा था। इसे परमिट की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत वाहन को सीज कर थाना तिर्वा में निरुद्ध कराया गया। पुलिस ने लोगों से वाहनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

### शादी अनुदान योजना में 61 लाभार्थियों को मिली आर्थिक सहायता



कन्नौज। पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना के तहत जनपद के 61 पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति ने चयनित लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रति लाभार्थी 20 हजार रुपये की दर से कुल 12.20 लाख रुपये भेजे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कन्नौज को 1,117 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य मिला है। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के पात्र परिवारों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है तथा पुत्री का विवाह 1 अप्रैल 2026 के बाद हुआ है या प्रस्तावित है, वे निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। योजना में लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा।

### भाजपा 28 जून को प्रत्येक बूथ पर मनाएगी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



कन्नौज, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी कन्नौज की ओर से 28 जून (रविवार) को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर शिक्षाविद् एवं राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जनपद के प्रत्येक बूथ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में पार्टी कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान और विचारों का स्मरण करेंगे। भाजपा पदाधिकारियों के अनुसार, कार्यक्रमों के दौरान कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के जीवन दर्शन, राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति उनके समर्पण तथा राष्ट्रीय विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लेंगे। इस अवसर पर उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर भी चर्चा की जाएगी। भाजपा कन्नौज ने सभी मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है। पार्टी का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और राष्ट्रवादी विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना तथा संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है।

# बसपा की सेक्टर स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक संपन्न



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

विशुनगढ़ के किला नगरीय अंबेडकर पार्क में रविवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ओर से छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर विशुनगढ़ की कार्यकर्ता समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी संजय गौतम एवं संजीव दोहरे रहे, जबकि जिला अध्यक्ष सुशील गौतम, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरजीत दिवाकर, विधानसभा प्रभारी अवनीश जाटव और सुधीर आनंद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष आकाश गौतम ने की। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथ एवं सेक्टर स्तर पर संगठन को मजबूत करने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान राम सिया कठेरिया, अरविंद जाटव, अभिषेक जाटव, राजवीर, आशीष कुमार, सुरेश चंद, अवधेश, भगवत दयाल, राधेश्याम, फौजी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ ने जारी किया परिपत्र

- जिला महामंत्री बोले- मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा संघर्ष

गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में चल रहे आंदोलन के क्रम में परिपत्र संख्या 03/2026 जारी किया है। संघ ने 2 मई 2026 को जनपदीय धरने की सफलता के लिए सभी जिला इकाइयों व पदाधिकारियों को बधाई दी है। परिपत्र में कहा गया है कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा देने का शासनादेश 04 फरवरी 2026 को निर्गत हो चुका है। इसके बावजूद शिक्षा निदेशक के 19 जून 2026 के आदेश से अवकाश ग्रहण करने वाले या कर चुके शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा से वंचित कर दिया गया है। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अवकाश ग्रहण करने वाले शिक्षकों को भी यह सुविधा दी जाए।



उपरोक्त के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने का शासनादेश भी निर्गत हो चुका है। संघ ने सभी जनपदीय पदाधिकारियों से सामूहिक प्रयास कर प्रकरण को निदेशालय स्तर पर निस्तारित कराने को कहा है। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 लाख रुपये किये जाने का शासनादेश भी जारी हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक को दो लाख रुपये तक अवशेष देयकों की स्वीकृति कर भुगतान का अधिकार है। इस संबंध में वित्त नियंत्रक ने 12-06-2026 को आदेश जारी कर ऐसे स्वीकृत देयकों का भुगतान डीआईओएस को नियमित वेतन की धनराशि से करने को कहा है। संघ ने बताया कि 22 मई से 20 जून 2026 तक भारत की जनगणना 2027 आदि में शिक्षकों से कार्य के बदले उन्हें अर्जित अवकाश देने तथा एनपीएस योजनान्तर्गत सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षकों के भुगतान संबंधी समस्या को लेकर 23 जून 2026 को अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा से मिलकर आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किया गया है। परिपत्र में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए संगठन की सदस्यता शुल्क एकत्र करने की कार्यवाही में तेजी लाने को कहा गया है। जिन जनपदों द्वारा केंद्रीय कार्यालय में सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया गया है, उनसे तत्काल जमा कराने की अपेक्षा की गई है। इस संबंध में जिला महामंत्री एम.के. भारती ने कहा, ÷शासनादेश जारी होने के बाद भी शिक्षकों को उनके अधिकार नहीं मिल रहे हैं। कैशलेस चिकित्सा, पुरानी पेंशन और ग्रेच्युटी जैसे मुद्दों पर सरकार को तत्काल अमल करना चाहिए। अवकाश ग्रहण करने वाले शिक्षकों को चिकित्सा सुविधा से वंचित करना अन्याय है। जनगणना ड्यूटी के बदले अर्जित अवकाश शिक्षकों का हक है। जब तक 10 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होतीं, संघ का संघर्ष जारी रहेगा।

# पूर्व भाजपा जिला मंत्री पर जानलेवा हमला, हाथ टूटा

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर कटरी गांव निवासी एवं भाजपा के पूर्व जिला मंत्री रजनीश राजपूत पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में दी गई तहरीर में 10 नामजद और 10-12 अज्ञात लोगों पर घात लगाकर हमला करने का आरोप लगाया है।

बताया गया कि 25 जून की रात रजनीश राजपूत अपने भाइयों महेंद्र और धीरज के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। डिबरी के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उनकी बाइक रोककर उन्हें नीचे गिरा दिया और लाठी-डंडों, सरिया तथा लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि एक हाथ में फ्रैक्चर हो गया। परिजनों का आरोप है कि हमलावर उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के तीन दिन बाद भी आरोपियों के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शनिवार को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण जिला अस्पताल पहुंचे और घायल का हालचाल जाना। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



- अस्पताल पहुंचीं समाज कल्याण मंत्री ने जाना हाल
- पुलिस बोले, तहरीर के आधार पर मामले की की जा रही है जांच

# इंजेक्शन लगाने से मना करने का आरोप न.प. ने सीएमओ को दी शिकायत

गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा रोड गुरसहायगंज पर तैनात वार्ड ब्वाय पर इंजेक्शन लगाने से इनकार करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगा है। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के कर्मचारी संदीप गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में संदीप गुप्ता ने बताया कि वह नगर पालिका गुरसहायगंज में कार्यरत हैं। 22/06/2026 को कुत्ते ने काट लिया था, जिसके लिए 22/06/2026 से उन्हें इंजेक्शन लग रहे थे। पर्चे के अनुसार 25/06/24 से इंजेक्शन लगना था, लेकिन किसी कारणवश वह नहीं लग सका। आरोप है कि 26/06/2026 को दोपहर करीब 1÷30 बजे जब वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो ड्यूटी पर तैनात धर्मेंद्र यादव (वार्ड ब्वाय) ने इंजेक्शन लगाने से मना कर दिया और अस्पताल परिसर से बाहर जाने को कहा। दोबारा आग्रह करने पर कर्मचारी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा गया कि नशे में होने के कारण धर्मेंद्र यादव ने गाली-गलौज की। वहीं पास में बैठे डॉक्टर से जब इस बारे में कहा गया तो उन्होंने बताया कि ÷यहां हमसे बड़ा कौन है।÷ बाद में स्टाफ नर्स शमीम द्वारा रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया।

# ओपीडी में बुजुर्ग महिला से अभद्रता का लगा आरोप

- सीएमएस ने लिया वायरल वीडियो को संज्ञान



तिर्वा/कन्नौज समृद्धि न्यूज।

तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में दवा लेने पहुंची एक बुजुर्ग महिला और उसके बेटे के साथ कथित अभद्रता का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।

पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जबकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने भी मामले का संज्ञान लिया है। किदवई नगर, गुरसहायगंज निवासी मुमताज पत्नी युसूफ ने बताया कि वह शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे अपने बेटे के साथ ओपीडी के कमरा नंबर-89 के बाहर दवा लेने के लिए लाइन में खड़ी थीं। आरोप है कि इसी दौरान वार्ड बॉय और सुरक्षा कर्मियों ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा धक्का-मुक्की की। विरोध करने पर उनके बेटे के साथ भी बदसलूकी की गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मेडिकल कॉलेज के सीएमएस ने मामले का संज्ञान लिया है। उधर, पुलिस का कहना है कि महिला की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शहीद जवान के घर पहुंचे मंत्री असीम अरुण ने दी श्रद्धांजलि

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



पश्चिम बंगाल सीमा पर ड्यूटी के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर शहीद हुए बीएसएफ जवान विनीत कुमार दुबे के पैतृक गांव नौगाईं स्थित आवास पर शनिवार को प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण पहुंचे। उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने शहीद के 15 वर्षीय पुत्र सोम सहित शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में दिया गया विनीत दुबे का बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। मंत्री ने परिवार को सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहीद परिवार को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी सरकारी औपचारिकताएं प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएं। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार भी मौजूद रहे।

# 30 जून तक करें इम्प्रूवमेंट-कम्पार्टमेंट परीक्षा के आवेदन

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक कर शिक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नया सवेरा अभियान के तहत शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने, ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा विद्यालय से जोड़ने और शिक्षण व्यवस्था को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में डीआईओएस ने विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं के लिए अलग शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था, शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर भवनों में किसी भी स्थिति में कक्षाएं न चलाने और ऐसे भवनों पर लाल रंग का क्रॉस चिन्ह लगाने के निर्देश देते हुए लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



इसी क्रम में डीआईओएस ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून की मध्यरात्रि तक किए जाने की जानकारी दी। हाईस्कूल के लिए परीक्षा शुल्क 256.50 रुपये तथा इंटरमीडिएट के लिए 306 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित शुल्क कोषागार में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं आवेदन पत्र की प्रति अंतिम तिथि के तीन दिन के भीतर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को पंजीकृत डाक से भेजना अनिवार्य होगा। डीआईओएस ने सभी राजकीय, सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, परीक्षार्थियों और अभिभावकों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने तथा नए सत्र को सफल बनाने में सहयोग की अपील की गई।

- जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित करने पर होगी कार्रवाई

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो सिपाही घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने बाइक से निकले दो सिपाहियों को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों सिपाही घायल हो गये। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही किरण कुमार शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे अपने साथी सिपाही रंजीत के साथ बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव करनपुर जा रहे थे। दोनों सिपाही वहाँ साइबर सेल की पंचायत लगाने के सिलसिले में रवाना हुए थे। सिपाही किरण कुमार की बाइक जैसे ही गांव बांसमई के आगे पहुँची, तभी एक कच्चे रास्ते से निकल रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि किरण कुमार और रंजीत बाइक समेत सड़क पर दूर जा गिरे और घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी राजीव कुमार तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करते हुए मामले की जानकारी जुटाई। घायल सिपाही किरण कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर बेहद भयानक थी, जिससे उनके हाथ में गंभीर चोट आई। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा जांच और एक्स-रे कराने पर पता चला है कि उनके हाथ की हड्डी टूट गई है। वहीं, उनके साथी सिपाही रंजीत को भी शरीर में कई जगह चोटें आई हैं। दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने खड़ा करा दिया। और चालक की तलाश की तलाश कर रही है। पुलिस इस मामले की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

**ड्यूटी के दौरान घटी घटना**



अस्पताल में भर्ती घायल सिपाही

# चट्टे से खंभा गिरा बालिका की दबकर मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर लीलापुर में शिव मंदिर के पास शरबत वितरण हो रहा था। जिसके चलते काफी भीड़ मौजूद थी, तभी चट्टे से एक खंभा गिर गया। जिसमें दबने से सात वर्षीय बालिका की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि खंबा गिरने से कई अन्य बच्चे भी घायल हो गये है। जिनका उपचार किया गया। घटना के संदर्भ में पुलिस को सूचना नहीं दी गई।जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के उधरनपुर लीलापुर निवासी सुबोध कुमार की सात वर्षीय पुत्री शिवांगी मंदिर के पास अन्य बच्चों के साथ खड़ी थी। इसी दौरान वहां करीब दो वर्षों से रखे चट्टे से एक पोल गिर पड़ा। इसकी चपेट में आकर शिवांगी दब गई। आसपास मौजूद अन्य बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई। परिजन गंभीर रूप से घायल शिवांगी को शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।



बच्ची का फाइल फोटो

# संचारी रोगों के तहत विकास खण्ड कार्यालय में बैठक सम्पन्न



बैठक में मौजूद लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में विकासखंड कार्यालय सभागार में संचारी रोगों की बैठक बुलाई गई।

विकासखंड क्षेत्र के विकासखंड कार्यालय सभागार परिसर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बुलाई गई।

संचारी रोग अभियान के तहत स्वच्छता अभियान की बैठक सम्पन्न हुई। विकासखंड क्षेत्र के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग तथा सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में संचारी रोग अभियान के तहत आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा सफाई कर्मचारियों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई बिंदुओं पर निर्देशित किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत किशन पाल सिं, डॉ निमेष कुमार, बीसीपीएमबीपीएम शहर विकासखंड क्षेत्र के समस्त सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

**सफाई कर्मचारियों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई बिंदुओं पर किया गया निर्देशित**

# जिला जज, डीएम और एसपी ने किया जिला एवं केंद्रीय कारागार का निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में कानून व्यवस्था और जेल की सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने के उद्देश्य से जिला जज, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार और फतेहगढ़ स्थित केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शीर्ष अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं की बारीकी से पड़ताल की। जिससे जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

शनिवार को जिला जज, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार एवं केन्द्रीय कारागार में जेल चिकित्सालय, पुरुष एवं महिला बंदियों की बैरक सहित संपूर्ण परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बन्दियों के भोजन, स्वास्थ्य व्यवस्था, साफ-सफाई आदि को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अधिकारियों ने दोनों कारागारों की विभिन्न बैरकों में जाकर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस बात की विशेष जांच की गई कि कहीं बंदियों के पास कोई आपत्तिजनक या प्रतिबंधित सामग्री जैसे मोबाइल फोन, तंबाकू या नुकीले हथियार तो नहीं है। निरीक्षण दल ने जेल की रसोई भोजनालय का भी मुआयना किया और बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई की जांच की। इसके अलावा, जेल अस्पताल में भर्ती बीमार बंदियों के स्वास्थ्य और उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी भी ली गई। जिला जज और डीएम ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया गया कि जिन बंदियों को विधिक सहायता की आवश्यकता है, उन्हें वह समय पर उपलब्ध कराई जा रही है या नहीं।

**व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



निरीक्षण के दौरान जिला जज व डीएम-एसपी

# उलाहना देने गये चाचा पर भतीजे से किया जानलेवा हमला

**छह नामजद सहित 12 पर मुकदमा दर्ज**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** बेटी के साथ गाली-गलौज व मारपीट का उलाहना देने पर भतीजे ने साथियों के घर में घुसकर चाचा पर लाठी, डंडों, सरिया व तमंचे से हमला कर मारपीट कर दी। जिससे दो सगे भाई घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर छः नामजद व छः अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी भूपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि वह गाजियाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। छः जून को बेटी शगुन का उनके भतीजे विजय विक्रम सिंह से किसी बात को लेकर बाद विवाद हो गया। विवाद में भतीजे ने बेटी के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर दी। दस जून को घर आने पर उन्होंने भतीजे से फोन पर बेटी के साथ मारपीट की जानकारी कर मारपीट का उलाहना दिया। इसी बात पर भतीजे विजय विक्रम सिंह ने गाली-गलौज कर एक दर्जन साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर लाठी-डंडों, सरिया व तमंचे से हमला कर दिया। जिससे भूपेंद्र विक्रम सिंह व उनके भाई अनिल विक्रम सिंह व पुत्री पायल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर छः नामजद आरोपित विजय विक्रम सिंग निवासी गांव रुदायन, छोटू, घंटोली, प्रवीन, प्रियांश निवासी गांव लोकी गड़ी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद, दीपक निवासी भटकुर्री थाना मोहम्मदाबाद व छः अज्ञात के खिलाफदो सप्ताह बाद शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा: 19 केंद्रों पर स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग व नकलविहीन सम्पन्न कराये के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 2,3 व 4 जुलाई को होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए बनाए गए 19 केंद्रों पर जिलाधिकारी ने स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। पहले दो दिन दो-दो और तीसरे दिन सुबह की पाली में परीक्षा होगी।

प्रत्येक पाली में 6,312 परीक्षार्थी हिस्सा ले सकेंगे। कमालगंज और नगर में दो व तीन जुलाई को सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम की पाली में दोपहर 2:30 से शाम पांच बजे तक परीक्षा होगी। जबकि चार जुलाई को सिर्फसुबह की पाली में परीक्षा होगी। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी केंद्रों पर स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर समय से पहले पहुंचना सुनिश्चित करें।

1 जुलाई को ही सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। ड्यूटी के दौरान किसी भी स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को कोई दिक्कत आती है, तो इसके लिए पांच-पांच अधिकारी रिजर्व में रखे गए हैं। परीक्षा में कुल 31,560 परीक्षार्थी हिस्सा ले सकेंगे।

# ऑपरेशन ग्राम संवाद के तहत पुलिस ने आम जनमानस सीधा समन्वय किया स्थापित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर यमुना प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षक में आपरेशन ग्राम संवाद की शुरुआत की गयी। जिसमें आम जनमानस से सीधा समन्वय स्थापित किये जाने, थाना के ग्राम अपराध रजिस्टर व अन्य अभिलेखो को अद्यावधिक कराये जाने एवं बीट सिस्टम को सुचारु ढंग से चलाये जाने हेतु समस्त समस्त थाना प्रभारीयों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र मे पडनें वाले ग्राम कस्बा, मौहल्ला व सार्वजनिक स्थान, स्कूल व कालेज एवं सरकारी सस्थानों पर ऑपरेशन ग्राम संवाद के तहत लोगों से व्यक्तिगत संवाद करेगें। अभियान के अंतर्गत बीट पुलिस अधिकारी एवं उपनिरीक्षकगण, निरीक्षकगण ग्राम स्तर पर जाकर जनसंवाद स्थापित कर रहें। जिससे न केवल क्षेत्रीय जानकारी अद्यतन की जा सके, बल्कि सी-प्लान एप्लिकेशन पर दर्ज सूचनाओं के आधार पर भी अपडेट किया जा सके। ऑपरेशन ग्राम संवाद के तहत आम जनमानस व पुलिस के बीच सीधा समन्नवय स्थापित किया जायेगा। थाना के ग्राम अपराध रजिस्ट्रर व अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों मे सभी प्रविष्टिया पूर्ण कर ग्राम के लोगो से तस्दीक की जायेगी। कस्बा व मौहल्ले मे प्रचलित छोटे छोटे विवादो की गोपनीय जानकारी कर तत्काल निराकरण कराया जायेगा। अवैध गतिविधियो जैसे जुआ, सट्टा, ड्रग व अवैध खनन मे संलिप्त रहे अपराधियों की जानकारी कर उन्हे पुनः न अपराध मे संलिप्त होने हेतु निर्देशित किया जायेगा।



ग्रामीणों से संवाद करती सीओ

## खबरें एक नजर में

### किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी का शांतिभंग में चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के एक मोहल्ला निवासी एक तेरह वर्षीय किशोरी 20 जून की दोपहर बाद लगभग 3 बजे अपने खेत से खरबूजा की फसल के बीज निकाल रही थी। उसी दौरान गांव का ही निवासी महफूज उर्फ मोहम्मद खेत पर आया और किशोरी से छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने व शिकायत करने पर महफूज उर्फमोहम्मद व उसकी मां ने किशोरी को जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने किशोरी के भाई की तहरीर पर महफूज उर्फमोहम्मद के खिलाफ पास्को एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी महफूज उर्फमोहम्मद को गिरफ्तार कर शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया।

### दो बारातियों को दुग्ध वाहन ने रौंदा, एक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुग्ध वाहन की टक्कर से दो बारातियों की मौत हो गयी। जिससे शादी की खुशिया मातम में बदल गयी। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली के गांव भरहेपुर निवासी अमृतलाल के बेटे की गुरुवार शाम हरदोई के सांडी में बरात गई थी। उसमें शामिल गांव के ही रामतीर्थ और बबलू जैसे ही सांडी में कार से उतरकर सड़क पर खड़े हुए, तभी तेज रफ्तार दुग्ध वाहन ने टक्कर मार दी। बबलू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि घायल रामतीर्थ को परिजन निजी अस्पताल ले गए। वहां हालत में सुधार न होने पर शुक्रवार सुबह लोहिया अस्पताल लाए। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। रामतीर्थ पांच भाइयों में तीसरे नंबर के थे। उससे बड़े आशाराम और छोटे अमृतलाल व पंचम लाल हैं। पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र रामू, राममोहन, रामकृष्ण, अरविंद व हिमांशु हैं।

### स्वास्थ्यकर्मियों ने आग से बचाव के लिए किया मार्कड्रिल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में बहुमंजिला कामर्शियल कांप्लेक्स में कोचिंग इंस्टीट्यूट में लगी आग से 15 लोगों की मौत होने की घटना को लेकर सभी विभाग अलर्ट मोड पर है। जिसको लेकर शनिवार नवाबगंज सीएचसी पर मौजूद स्वास्थ कर्मियों ने मार्कड्रिल कर आग की घटना से बचाव के गुर सिखाए। स्वास्थ कर्मियों ने सीएचसी परिसर में आसपास से कागज, गत्ता आदि को एकत्रित कर उसमें आग लगाई। इसके बाद जल रही आग को फायर सिलेंडर से बुझाया। इस मार्कड्रिल को देखने के लिए सीएचसी पर तमाम लोगों की भीड़ जुटी रही। इस दौरान फार्मासिस्ट राजीव कुमार, लेब टेक्नीशियन निमेश कुमार समेत स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे।

# मुकदमा वापस न लेने पर दबंग दे रहे जानमाल की धमकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुकदमा वापस न लेने पर दबंग लगातार जानमाल की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली फर्रुखाबाद के क्षेत्र पल्ला जटवारा निवासी कुशाग्र मिश्रा पुत्र स्व0 ललित मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि भाई उत्कर्ष मिश्रा द्वारा 20 जून को थाना कोतवाली पर धारा बी0एन0एस0 191(2), 109(1),115(2), 352, 351(3) बनाम सुशील मिश्रा, अमन मिश्रा, शिवम मिश्रा, देव मिश्रा, अर्पित मिश्रा एवं अन्य 5-6 अज्ञात व्यक्तियों के नाम मुकदमा दर्ज कराया था। उनके परिवार के द्वारा प्रार्थी को मुकदमा वापिस लेने व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उक्त लोगों द्वारा समाज में यह बात फैलायी जा रही है कि पुलिस चौकी कल्पेश चौधरी को लाइन हाजिर करा दिया है व हम लोगों को बार-बार धमकाया जा रह रहा। पुलिस ट्रान्सफर हो जायेगा तुम लोग यही फर्रुखाबाद में रहोगे। 24 जून को रात्रि 08 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसमें सुशील मिश्रा, सुनील मिश्रा को पुलिस पकड़कर कोतवाली लायी थी। जिसमें ज्ञानप्रकाश पाण्डेय द्वारा सुनील मिश्रा को 151 में चालान कर दिया था। अज्ञात में सुनील मिश्रा व पूरे परिवार ने मेरे भाई पर तमंचे से फायर कर हमला किया था। रेलवे रोड चौकी इंचार्ज कल्पेश चौधरी जाँच कर रहे थे। उन्हें हटाकर ज्ञान प्रकाश पाण्डेय जाँच कर रहे है। पीड़ित ने मांग की है कि मामले की जांच कल्पेश चौधरी से ही कराई जाये तथा आरोपियों के परिजनों से मेरे परिवार के लोगों को जान माल का खतरा है।

# किशोरी से छेड़छाड़ में युवक पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

खेत से लौटते समय युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी। शोर मचाने पर मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफथाने पहुंच तहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार शाम लगभग छः बजे खेतों की तरफ शौच करने गई थी। वापस आते समय पड़ोस के गांव बिल्हा निवासी हरवीर उर्फपप्पू युवती से छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने व विरोध करने पर आरोपित ने मारपीट शुरू कर दी। चीखपुकार की आवाज सुनकर स्वजन खेतों की तरफ भाग पड़े। स्वजनों को आता देख आरोपित मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने देर रात थाने पहुंच आरोपित के खिलाफतहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि ग्रामीणों के अनुसार पीड़िता के स्वजनों ने युवक के साथ मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपित युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। चौबीस घंटे बीतने के बाद भी आरोपित थाने में बैठा हुआ है। जिससे पीड़िता व स्वजनों में रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# तमंचा रखने के मामले में अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तमंचा रखने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-02/विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी एक्ट) तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त शीलू यादव को पांच वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

पीड़िता शारदा देवी ने 28 सितम्बर 2021 को थाना मऊदरवाजा में दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया कि 27 सितम्बर 2021 को मेरा पुत्र शिवा समय 3 बजे दिलदार निवासी ढुंइया के घर उधारी के रुपये लेने गया था। दिलदार के घर न मिलने पर शिवा वापस घर लौट रहा था। जैसे शिवा चुंगी के पास आया तो उसने फोन राजा पुत्र विक्रम को किया। जिसके बाद राजा व अनूप स्कूटी से आ गये। इस दौरान अजय व सुशील पुत्रगण सुरेश निवासीगण रकाबगंज व अनिल यादव पुत्र रामेश्वर निवासी आमिलापुर ने सुरेश गिहार कहने के लिए शिवा पर तमंचे से जान से मारने के लिए फायरिंग की और प्रदीप, शनी पुत्रगण लालाराम, अनुज पुत्र अनिल, सोनू पुत्र रमेश ने फायरिंग की। जिसके बाद शिवा की मृत्यु हो गयी। वहीं पुलिस ने शीलू यादव के विरुद्ध भी तमंचा बरामदी का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-02/विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी एक्ट) तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त शीलू यादव को धारा 3/25 के आरोप में पांच वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

**अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का भुगतना होगा अतिरिक्त कारावास**

# लोग हड्डियों का रखें ख्याल, दर्द से मिलेगा छुटकारा: डॉ. अनुनय प्रताप सिंह



डॉ. अनुनय प्रताप सिंह चौहान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुनय प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि अपनी मां शशि चौहान की प्रेरणा से मैंने सभी कार्य किया और मेरे पिता आर्मी स्कूल मणिपुर में शिक्षक है। उनके सहयोग से हर कार्य किया है और मुझे सफलता मिली है। मेरी हॉवी क्रिकेट व बैडमिंटन खेलना है। मेरे प्रेरणा श्रोत मेरे नाना स्व0 पूर्व शिक्षक नवरत्न सिंह वैश्य है, जिन्हें मैं अपना आदर्श मानता हूं। मैंने 2009 में शिलांग मेघालय से हाईस्कूल किया और इंटर की भी परीक्षा शिलांग मेघालय से ही 2011 में पूर्ण की। ग्रेजुएशन टोपीवाला नेशनल मेडिकल कालेज मुंबई से 2013 से 2019 के बीच एम.बी.बी.एस. किया। एम.एस. मोतीलाल नेहरु मेडिकल कालेज इलाहाबाद से आर्थोपेडिक्स किया और 2023 में डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पाल लखनऊ में एसआरशिप के तहत बच्चों को पढ़ाया। 2025 में तीन महीने तक फेलोशिप गाजियाबाद में की। अनुसंशाधन कृति रोबोटिक (घुटना प्रत्यारोपण) कोर्स किया। 2026 में मैंने दो कोर्स किये। पहला जनवरी में एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन- रेस कोर्स रोड वडोदरा से किया। एक महीने का कंधा एवं कूला व घुटने की लिंगामेंट सर्जरी जयपुर से सीके बिरला हॉस्पिटल से पूर्ण की। मार्च 2026 से दास नर्सिंग होम में कार्य कर रहा हूं। मैं गंजडुडवारा का रहने वाला हूं। भविष्य में हॉस्पिटल खोलने का मन है। फर्रुखाबाद, बेवर व गंजडुडवारा में भी निःशुल्क कैम्प लगाये है। जिसमें मरीजों का फ्री परीक्षण किया है। वर्तमान समय में बुजुर्गों के अंदर हड्डी के दर्द की ज्यादा समस्या है। घुटनों व कमर में अधिकतर दर्द रहता है। ऐसे में निजात पाने के लिए व्यक्ति प्रतिदिन व्यायाम करें।

**धरती के भगवान**



घुटने का परीक्षण करते डॉ. अनुनय प्रताप सिंह चौहान

अच्छी नींद लें, तनाव मुक्त रहे और खान पान पर ध्यान रखे। जंकफूड खान पान से लोगों की सेहत पर फर्क पड़ता है और हड्डी जैसी समस्यायें उत्पन्न होने लगती है। मरीज प्रतिदिन योग करें, सुबह उठकर टहले, देर रात भोजन का त्याग करें, तभी वह शीरिक कष्टों से दूर हो पायेगा। हड्डियों को जीवनभर मजबूत बनाए रखना केवल कैल्शियम लेने तक सीमित नहीं है। उम्र के साथ बोन डेंसिटी (हड्डियों का घनत्व) कम होने लगती है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। समय रहते बचाव और आवश्यक होने पर सही उपचार दोनों बहुत जरूरी हैं। मेरी सभी से अपील है कि कोई भी गरीब व असहाय हड्डी रोग संबंधी मरीज है तो मुझसे सम्पर्क करें। घुटना, कंधा, कमर दर्द व जोड़ों के दर्द का इलाज होगा और रियायत भी की जायेगी। असहाय लोगों का मैं फ्री चेकअप करता हूं। लोग अपने घर में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये। जिससे पर्यावरण शुद्ध हो, मनुष्य को अच्छी ऑक्सीजन मिले, प्रकृति से प्रेम करें, स्वच्छता अपनाये और शरीर के अनुसार श्रमदान करें। जिससे मनुष्य अपना अच्छा जीवन जी सके।

# थाना समाधान दिवस में आयीं आठ शिकायतें में से दो का मौके पर निस्तारण

**अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनता की समस्यायें**



शिकायतें सुनते एएसपी

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान दिवस में भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों को लेकर फरियादी पहुंचे।

समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने की। इस दौरान तहसीलदार शशांक सिंह, थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह, कानूनगो अतुल कुमार तथा क्षेत्रीय लेखपाल भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र की सुनवाई कर संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में कुल 8 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 6 मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनता की शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। भूमि विवाद, पैमाइश, अवैध कब्जा एवं राजस्व से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता और निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

अधिकारियों ने उपस्थित राजस्व एवं पुलिस कर्मियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर सत्यापन करें और दोनों विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को एक ही मंच पर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त सुनवाई उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल को जनहित में उपयोगी बताते हुए प्रशासन से इसी तरह नियमित और प्रभावी सुनवाई की अपेक्षा जताई।

## थाना समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की सुनीं समस्यायें

**शिकायत लेकर आया किसान बोलाः पुत्र गौवंश कटवाता व गांजा बेचता है**


शिकायतें सुनते एसडीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में एक ग्रामीण ने अपने ही बेटे की करतूतें बताईं तो पूरा थाना सन्न रह गया। पीड़ित ने बताया कि उसका बेटा एक अन्य युवक के साथ मिलकर गौवंश कटवाने और गांजा बेचने का अवैध धंधा करता है। जब घरवाले उसे रोकते हैं तो वह अपनी ही मां और बहन को बेरहमी से पीटता है। आए दिन गाली-गलौज और एक युवती से लगातार बात करने की हरकतों से पूरा परिवार मानसिक तनाव में जी रहा है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस में उलियापुर गांव के प्रांजल सिंह ने भी गंभीर शिकायत की। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से सीढ़ियां बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। हालात ये हैं कि अब गांव में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड जैसे आपातकालीन वाहनों का प्रवेश तक मुश्किल हो गया है। तराई क्षेत्र के अकाखेड़ा महमदीपुर के सर्वेश कुमार का दर्द सुनकर अफसर भी हैरान रह गए। उन्होंने बताया कि राजस्व टीम ने उनकी कृषि भूमि की पैमाइश कर निशान लगा दिए थे। नियमानुसार उन्होंने 3 फीट का रास्ता भी छोड़ दिया, लेकिन गांव के कुछ दबंग अब भी उन्हें अपनी ही जमीन पर काम नहीं करने दे रहे। उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें तुरंत मौके पर भेजी गईं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला की मौजूदगी में तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। समाधान दिवस के दौरान कुल आधा दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने कहा कि सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण और कमजोरों को परेशान करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## श्री राम कथा पंडाल में विराट कवि सम्मेलन आयोजित


काव्यपाठ के दौरान मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड राजेपुर के ग्राम जैनापुर निवासी नरेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा कराई जा रही श्री राम कथा पंडाल में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनायें पढ़ी।

श्री राम कथा के आयोजक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। विकासखंड राजेपुर का यह पहला काव्य समारोह रहा। आयोजक ज्ञानेंद्र सिंह एवं अंतराष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेंद्र द्विवेदी, डॉ0 मनोज चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान प्रभाकर सिंह राठौर, राजेश गुप्ता, अतुल अग्निहोत्री व पूर्व अध्यापक श्यामप्रकाश सिंह, अध्यापक शिशुपाल सिंह सोमवंशी सहित समस्त ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और आए हुए अतिथि कवियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष कवि के रूप में उपकार मणि उपकार रहे साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता की। युवा कवियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से शमां बांधा। युवा रचनाकारों में राममोहन शुक्ल, दिलीप कश्यप, कलमकार, देवेश तिवारी, नीलकमल त्रिवेदी, प्रियांशु पाण्डेय, युवा रचनाकार विपिन अवस्थी, विभोर सोमवंशी, अजय अग्निहोत्री ने अपनी-अपनी रचनाओं से माहौल को खुशनुमा बना दिया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

## ई-रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के विरोध में तीसरे दिन भी रही हड़ताल


हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्रीकरण प्रणाली प्रक्रिया शीघ्र लागू होने की संभावना के विरोध में तीसरे दिन भी अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखकों की हड़ताल जारी रही। शनिवार को तहसील सदर में अधिवक्ता व कातिबो तथा स्टांप बेन्डरों द्वारा कामकाज से विरत रहकर पूर्णतः धरना प्रदर्शन हड़ताल की। दस्तावेज लेखक संघ के महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने कहां जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा, सभी अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक एक है। तहसील सदर बार एसोसिएशन के सचिव अतुल मिश्रा ने कहा अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि है, मान समान की यह लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान अतुल, योगेश दीक्षित, विकास सक्सेना, संजीव भारद्वाज, अनूप शर्मा, संजय शाक्य, कुलदीप त्रिपाठी, नासिर खान, नीरज कुमार, रविनेश चंद्र यादव, पंकज राजपूत, गोकुलेश सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

## शुभ गंगवार के सर्वोच्च प्रदर्शन में अंक बढ़कर हुए 99 प्रतिशत

**विद्यालय परिवार ने टॉपर शुभ गंगवार को किया सम्मानित**


शुभ गंगवार को सम्मानित करती मिथलेश अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष है कि विद्यालय के मेधावी छात्र शुभ गंगवार (कक्षा 12) के परीक्षा परिणाम में संशोधन (री-चेकिंग) के उपरांत उनके अंक 98.4 प्रतिशत से बढ़कर 99 प्रतिशत हो गए हैं। इस उपलब्धि के साथ शुभ गंगवार ने फर्रुखाबाद सहित आसपास के अनेक जनपदों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय, अपने अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, प्रबंध निदेशक एमडी ज्योत्सना अग्रवाल, उपनिदेशक अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य पी0 रथ ने शुभ गंगवार को पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। शिक्षकों ने खुशी जाहिर की। निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि शुभ गंगवार की सफलता केवल एक विद्यार्थी की उपलब्धि नहीं, बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समर्पित शिक्षकों, अनुशासित वातावरण और विद्यार्थी के अथक परिश्रम का उत्कृष्ट परिणाम है। उपनिदेशिका अंजू राजे, प्रधानाचार्य पी0 रथ व उपप्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण और निरंतर अध्ययन के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने का आवाह्न किया।

# रानद सुप्रीमो के आगमन को लेकर तैयारियां तेज


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी पार्टी कार्यालय के उदघाटन हेतु 1 जुलाई को जनपद में आ रहे है। उनके आगमन को लेकर जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी के आवास पर जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के जनपद में प्रथम बार आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला लोगों को कार्यकारिणी में दायित्व भी दिया गया। जिनमें अनुपम दीक्षित को रानद जिलाध्यक्ष छात्र संघ, राजन दीक्षित रानद जिला अध्यक्ष व्यापार संघ, मनोज चतुर्वेदी रानद जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ, आर्यन बाजपेई जिला उपाध्यक्ष रानद युवा मोर्चा, अब्दुल मुकीद खान रानद जिला सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा व राजेश गुप्ता को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष पंकज अवस्थी ने सभी दायित्व धारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा और पार्टी का पटका व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य व विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी रहे।

## नशा मुक्त अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरुक

**संतुलित आहार व नियमित व्यायाम पर दिया गया जोर**



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नशामुक्त अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में नशामुक्त अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सिविल चिकित्सालय लिंजीगंजके चिकित्साधिकारी डॉ. नवनीत गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू, शराब एवं अन्य प्रकार के नशों से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ0 ज्योति गुप्ता ने बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला तथा आँखों के स्वास्थ्य की देखभाल, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। जिला काउंसलर सूरज दुवे ने बताया कि तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर निर्धारित नियम लागू हैं तथा सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू या किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करने पर जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से स्वयं नशामुक्त रहने और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आवाह्न किया। कार्यक्रम का संचालन पूनम शुक्ला ने किया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने सभी धन्यवाद दिया। इस मौके पर दर्शना, राधा आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती कार्यक्रम की तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा मण्डल फतेहगढ़ की बैठक का आयोजन पार्टी कार्यालय पर हुआ। अध्यक्षता फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रमला राठौर ने की। मुख्य अतिथि जिला मंत्री प्रतिभा राजपूत रही। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाना एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सुमित कटियार, अनिल प्रताप सिंह, विटाना चौहान, अंकुर वर्मा, अनुज वर्मा, नीरज कटियार, राहुल राठौर, सोनू राजपूत, रेखा सोमवंशी, गौरव श्रीवास्तव, भानु राजपूत, रचित कटियार, सनी शुक्ला, गुरजीत कटियार, विनीत मिश्रा, शिवम चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबा जूही शाह की दरगाह पर हुसैनियत का ऐलान


अजीमुश्शान मजलिस में मौजूद अकीदतमंद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की अजीमुश्शान कुर्बानी को याद कर आस्ताना आलिया दरगाह हज़रत बाबा जूही शाह रहमतुल्लाह अलैह पर एक अजीमुश्शान मजलिस का इनाकाद हुआ। सज्जादा सूफी हज़रत मुशीर अहमद क़ादरी चिश्ती की सदारत में हुई इस मजलिस में जब हुसैन का जिक्र छिड़ा तो महफिल में मौजूद हर शख्स की आंखें अश्कबार हो गईं। सज्जादा ने अपने पुरसोज खिताब में फरमाया कि दुनिया की तारीख गवाह है कि बहुत से लोगों ने खुदा होने का दावा किया, बहुतों ने नबी होने का दावा ठोक दिया, लेकिन दुनिया में आज तक एक भी शख्स ऐसा नहीं पैदा हुआ, जिसने इमाम हुसैन बनने का दावा किया हो। क्योंकि हुसैन बनने के लिए अपनी जान, अपना घर बार, अपने 6 महीने के बच्चे अली असगर तक को मैदान-ए-कर्बला में कुर्बान करना पड़ता है। उन्होंने अवाम को नसीहत देते हुए कहा कि गरीबों-मिस्कीनों की मदद के साथ-साथ अपने बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम जरूर दिलवाओ। अगर इसके लिए एक वक्त का फाका भी करना पड़े तो कर लो, लेकिन बच्चों की तालीम में कोई कमी न आने दो। मुफ्ती नूरुद्दीन ने भी इमाम हुसैन की शान में नसीहत आमेज तकरीर की अकील खान ने सलाम पेश किया। इसके बाद नजर-नियाज हुई और हजारों अकीदतमंदों में लंगर व खाना तकसीम किया गया। इस रूहानी महफिल में हिंदू-मुस्लिम सभी ने शिरकत कर गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश की। मजलिस में साहिबे सज्जादा सूफी मुशीर अहमद क़ादरी के अलावा मकसूद खान, अमरेश गंगवार, तौहीद अहमद, तमाहीद अहमद, मुन्ना राजपूत, सनी बॉथम, अकील खान, अमीर हुसैन, राजा जूही, आकिब जूही, नफीस, हनीफ राईन, शमशाद, जमीर अहमद, बबलू, धनेश गौर, आरिफ, शिवकांत, अभिषेक, आदिल अमान, आसिफ मंसूरी, अल्लाह नूर, खलील, संजय शर्मा, विनय सक्सेना, नोमान सिद्दीकी, मंसूर खान मौजूद रहे।

# गंगा तट पर युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**गंगा घाट पर अज्ञानतावश बहुत सी अपशिष्ट सामग्री छोड़ देते है श्रद्धालु**


स्वच्छता अभियान में भाग लेते युवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा तट पांचाल घाट पर साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल के निर्देशन में कई गंगा योद्धाओं ने स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया। सभी ने मिलकर घाट पर फैली गंदगी, प्लास्टिक, पॉलिथीन, खंडित मूर्तियां, कपड़े, कांच इत्यादि अपशिष्ट सामग्री साफ की एवं उनका निस्तारण किया। उन्होंने बताया कि गंगा स्वच्छता अभियान प्रत्येक सप्ताह चलाया जा रहा है। जिससे गंगा घाट को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जा सके। प्रायः देखा गया है की गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं के द्वारा गंगा घाट पर अज्ञानतावश बहुत सी अपशिष्ट सामग्री छोड़ दी जाती है। जिससे न सिर्फ गंगा का जल दूषित होता है, बल्कि अपशिष्ट सामग्री के द्वारा लोगों को कठिनाई का सामना भी करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गंगा हमारी पवित्र नदी है। हम सबको गर्व होना चाहिए।

इस अवसर पर रोहित दीक्षित, राम रहीश कुशवाहा, सुमित कुमार, विकास, मीना कटियार एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

# या हुसैन की सदाओं से गूंजा आसमान, 10 मोहर्रम पर निकला ऐतिहासिक ताजिया जुलूस


ताजिया निकालते लोग


मोहर्रम पर शांति व्यवस्था का जायजा लेते सीओ आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

यौमे आशूरा के मौके पर पूरी तरह कर्बला के रंग में रंगा नजर आया। हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकला पारंपरिक ताजिया जुलूस गम और अकीदत का संगम बन गया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ जुलूस देर शाम गांव टिलियां स्थित कर्बला में नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक के साथ संपन्न हुआ। जुलूस की शुरुआत दोपहर करीब 12 बजे कुबेरपुर से हुई। जामा मस्जिद के पास चिलाका और काजम खां के ताजिए इसमें शामिल हुए। मातमी धुनों और या हुसैन-या हुसैन की पुरदर्द सदाओं के बीच जुलूस बजरिया, श्यामागेट, लोहाई बाजार और गांजा-भांग वाली गली से होकर गुजरा बजरिया पहुंचते ही चिलौली का ताजिया भी जुलूस में शामिल हो गया। गांजा-भांग वाली गली के तिराहे पर मुख्य चौराहा, बजरिया बेगराज और जटवारा के हरी घास के ताजिए भी आ मिले। इसी दौरान जुलूस आगे बढ़ा। इसके बाद सभी ताजिए गांव टिलियां स्थित कर्बला पहुंचे। नई बस्ती रोड की ओर से मऊ रशीदाबाद और अताईपुर के ताजिए भी कर्बला पहुंचे। यहां अकीदतमंदों ने गमगीन माहौल में नम आंखों से सभी ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस, शांतिपूर्ण रहा माहौल पूरे जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। प्रशासनिक अधिकारियो के साथ क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, क्राइम इस्पेक्टर महेन्द्र सिंह, कस्वा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी, उपनिरीक्षक राम नरेश माथुर, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सुरेश कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल हर्षित, कांस्टेबिल विक्रान्त, कांस्टेबिल रवेन्द्र कुमार सहित भारी पुलिस बल जुलूस के साथ-साथ चलता रहा। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई थी। किसी अप्रिय घटना के बिना जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल की तरह इस साल भी ताजिया जुलूस ने साबित कर दिया कि कायमगंज की गंगा-जमुनी तहज़ीब और इमाम हुसैन के प्रति अकीदत सदियों बाद भी कायम है।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः-546B/नं0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2026-27 — दिनांक-24/06/2026

**ई-निविदा तिथि संशोधित सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्रांकः-148/न0पा0 परि0का0 /ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 28/04/2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु जो ई-निविदा सूचना आंमत्रित की गई थी, अपरिहार्य कारणों से उसकी तिथियों में पुनः संशोधन किया जाता है। अब उक्त ई-निविदा से सम्बन्धित संशोधित समय-सारणी निम्वत् रहेगी।

| E-Bid Referance | /न0पा0परि0का0/2026-27 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 25.06.2026 10:00 A.M. |
| Date Time For Submission of E-Bids | 16.07.2026 12:00 A.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 16.07.2026 04:00 A.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive officer, Nagar Palika Parishad Kaimganj, Farrukhabad |

अतः मूल निविदा की अन्य सभी शर्ते नियम व नियम एवं विवरण यथावत रहेंगे। विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद**

## सामान्य से 8.1 डिग्री अधिक रहा तापमान, पंखे-कूलर भी नहीं दे सके राहत

# लखीमपुर-खीरी शुक्रवार को देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा, 43.2 डिग्री पर पहुंचा पारा

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी।**

भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार (26 जून) को लखीमपुर-खीरी देश का दूसरा सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से शुक्रवार शाम 5:30 बजे जारी अधिकतम तापमान की सूची के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस सूची में हरियाणा का रोहतक 43.4 डिग्री सेल्सियस के साथ पहले स्थान पर रहा।

सबसे चिंताजनक तथ्य यह रहा कि लखीमपुर-खीरी का तापमान सामान्य से 8.1 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया, जो सूची में सबसे अधिक विचलन था। इससे स्पष्ट है कि जिले में सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक तीव्र गर्मी महसूस की गई।




शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। शाम ढलने के बाद भी गर्मी कम नहीं हुई और रात में उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। लोगों का कहना था कि पंखे और कूलर भी राहत देने के बजाय गर्म हवा फेंक रहे थे। कई लोगों ने रात में कई बार नहाकर या शरीर पर पानी डालकर किसी तरह गर्मी से राहत पाने की कोशिश की। देर रात तक कमरों में गर्मी और उमस बनी रही। भीषण गर्मी का असर जनजीवन पर भी साफ दिखाई दिया। ठंडे पेय, शिकंजी, नारियल पानी, आइसक्रीम और बर्फ की मांग बढ़ गई। वहीं दोपहर के समय लोग धूप से बचने के लिए घरों और दफ्तरों में ही रहने को मजबूर रहे। आईएमडी की शुक्रवार की सूची में उत्तर प्रदेश के कई शहरों का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। बांदा और आगरा में 43 डिग्री, लखनऊ में 42.4 डिग्री, फतेहगढ़, अलीगढ़ और कानपुर में 42.2 डिग्री तथा बाराबंकी और प्रयागराज में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

शनिवार (27 जून) को भी जिले के लोग मौसम में बदलाव का इंतजार कर रहे हैं। यदि जल्द बारिश नहीं होती है, तो अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना कम दिखाई दे रही है।

**एल नीनो का भी पड़ रहा प्रभाव**

बायोलॉजी प्रवक्ता बी.डी. वर्मा ने बताया कि इस समय गर्मी की तीव्रता बढ़ने के पीछे एल नीनो (El Nino) का प्रभाव भी एक प्रमुख कारण माना जा सकता है। एल नीनो के दौरान प्रशांत महासागर के सतही जल का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है, जिसका असर दुनिया के कई हिस्सों के मौसम पर पड़ता है। उत्तर भारत में इसके प्रभाव से कई बार लंबे समय तक तेज गर्मी, कम वर्षा और सामान्य से अधिक तापमान की स्थिति देखने को मिलती है।

हालांकि मौसम की वास्तविक स्थिति स्थानीय मौसमी प्रणालियों और मानसून की सक्रियता पर भी निर्भर करती है।

## मेले में युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक पर हमला, सिर में गंभीर चोट

▸ गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र के मूड़ा सवारन गांव में मुहर्रम पर्व के अवसर पर आयोजित कर्बला मेले में युवती से कथित छेड़छाड़ का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। विरोध करने पर कुछ युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मेले में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, मूड़ा सवारन निवासी 18 वर्षीय भोला पुत्र गयाप्रसाद मेले में झूला संचालित कर रहा था। इसी दौरान उसकी चचेरी बहन भी उसके पास मौजूद थी। आरोप है कि कुछ युवकों ने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। इस पर भोला ने विरोध जताया तो आरोपित भड़क गए और उस पर लाठी-डंडों व थप्पड़-घूंसों से हमला कर दिया। हमले में भोला के सिर में गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर गया घटना देख आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ ले जाया गया।

## खबरें एक नजर में

### मंदिर में चोरी करते युवक को ग्रामीणों ने दबोचा, पुलिस को सौंपा

**समृद्धि न्यूज़, सिंगाही, खीरी।** कस्बा सिंगाही के वार्ड नंबर-6 स्थित एक मंदिर में चोरी का प्रयास करते एक युवक को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। सूचना पर उसे चोरी किए गए सामान के साथ पुलिस के हवाले कर दिया गया। वार्ड नंबर-6 निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11:15 बजे वह बाजार से घर लौट रहे थे। घर के सामने स्थित मंदिर में एक युवक घंटा काटता दिखाई दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। भागने का प्रयास कर रहे युवक को पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी में मंदिर की घंटी, आरती का सामान, त्रिशूल, डमरू, छोटी घंटियां, प्लास तथा बड़ा घंटा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अंकुश निवासी नौरंगाबाद, थाना सिंगाही बताया। तहरीर में चोरी गए सामान की कीमत करीब 10 हजार रुपये बताई गई है। साथ ही आरोप लगाया गया कि इसी मंदिर से 20-25 दिन पहले भी दो घंटे चोरी हो चुके थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### थाना दिवस पर एसडीएम व सीओ ने सुनी समस्याएं

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस एसडीएम लालगंज अजीत कुमार व सीओ अमर बहादुर की देखरेख में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल पांच मामले भूमि विवाद से संबंधित पड़े मौके पर



किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, शिव कुमार चौबे, लेखपाल अमिताभ यादव, शिवबाबू, कृष्णा पटेल, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय किशोरी बेहोश

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मीरजापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के ददरी गांव में



शुक्रवार शाम करीब 8 बजे आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय प्रियंका पुत्री किशोरी लाल बेहोश हो गई। उसे गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल शाम तेज गरज के साथ बारिश हो रही थी। खाना बनाकर प्रियंका घर के बाहर हवा लेने निकली थी। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ उसके पास आकाशीय बिजली गिरी। बिजली की चपेट में आने से प्रियंका वहीं जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। तेज आवाज से घबराकर परिजन पहले घर के अंदर भागे। बाहर आकर देखा तो प्रियंका जमीन पर बेहोश पड़ी थी। परिजन चीखते-चिल्लाते हुए उसके पास पहुंचे और सुरक्षित जगह लिटाया। तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट विनोद यादव और ईएमटी संतोष भारतीय मौके पर पहुंचे। ईएमटी संतोष भारतीय ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया और मरीज को सीएचसी लालगंज में भर्ती कराया। सीएचसी में मौजूद डॉक्टरों ने एंबुलेंस में दिए गए प्राथमिक उपचार की सराहना की। फ़िलहाल प्रियंका का इलाज चल रहा है और उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

### हमलावर कुत्तों से घड़रोज की ग्रामीणों ने बचाई जान तीन घंटे बाद पहुंची वनविभाग की टीम

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मीरजापुर)।** ड्रमंडगंज वन क्षेत्र के गलरा गांव में



शनिवार सुबह साढ़े सात बजे के करीब घड़रोज (नील गाय) के मादा बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह से हमलावर कुत्तों को भगाया और घड़रोज की जान बचाई। ग्रामीणों की सूचना के तीन घंटे के बाद पहुंची वनविभाग की टीम घायल घड़रोज को कार में लादकर वन कार्यालय ड्रमंडगंज ले गई जहां घायल घड़रोज का उपचार किया जा रहा है।गलरा गांव निवासी हरिहर प्रसाद पांडेय के घर के सामने शनिवार सुबह कुत्तों के झुंड ने घड़रोज के बच्चे पर हमला कर दिया।घड़रोज पर हमलावर कुत्तों के झुंड को देखकर राम प्रसाद पांडेय की पत्नी अनारकली पांडेय घड़रोज की जान बचाने के लिए शोरगुल मचाने लगी। रास्ते से गुजर रहे गलरा गांव निवासी ब्रह्मानंद मिश्र, मुद्रिका केसरवानी ने साहस दिखाते हुए खेत में पड़े ढेलों को फेंककर कुत्तों के झुंड को भगाकर घड़रोज की जान बचाई। कुत्तों के हमले से घड़रोज जख्मी होकर खेत में गिर पड़ा।

## कौआ खेड़ा में अज्ञात कारणों से घर में लगी आग 50 हजार की नकदी समेत गृहस्थी जलकर राख

▸ पंपिंग सेट इंजन, सिलाई मशीन, राशन और घरेलू सामान खाक, पीड़ित ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम कौआ खेड़ा के मजरा भगवानदीन पुरवा में शनिवार को अज्ञात कारणों से एक मकान में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे हजारों रुपये की नकदी समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर लेखपाल को घटना की जानकारी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी झाऊ लाल के घर में अचानक आग भड़क उठी। जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी और मिट्टी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की तत्परता से आग आसपास के अन्य मकानों तक फैलने से बच गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## एवन हेल्थ केयर फाऊंडेशन की ओर से 11 मोहर्रम पर लंगर-ए-हुसैनिया का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, गोला-खीरी।**

11 मोहर्रम के पावन अवसर पर एवन हेल्थ केयर फाऊंडेशन की ओर से गोला स्थित ईदगाह परिसर में श्रद्धा एवं अकीदत के साथ लंगर-ए-हुसैनिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लंगर ग्रहण किया तथा हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस अवसर पर फाऊंडेशन की ओर से श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए तंदूरी रोटी, दाल एवं ठंडे शरबत की विशेष व्यवस्था की गई। लंगर में सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम के दौरान फाऊंडेशन के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भोजन वितरण एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने बताया कि मोहर्रम का संदेश इंसानियत, सत्य, न्याय और कुर्बानी का है तथा इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर वर्ष लंगर-ए-हुसैनिया का आयोजन किया जाता है। फाऊंडेशन के अध्यक्ष मो.फ़राज़ खान ने कहा कि समाज सेवा और मानवता की सेवा ही संस्था का



मुख्य उद्देश्य है। भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता एवं जनकल्याण के लिए इस प्रकार के सामाजिक एवं सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

लंगर कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस मौके पर आमिर खान सईदी, आशुतोष कश्यप, महफूज़ खान, मनीष शर्मा, अयूब, सीबू खान, पवन कुमार, नूरुल खान, नईम आदि लोग मौजूद रहे।

### सीडीओ ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली को दिखाई हरी झण्डी

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जनपद में आज 28 जून से प्रारम्भ होने वाले पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने जिला महिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.एन. प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला चिकित्सालय) डॉ. रमेश पाण्डेय, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम भार्गव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. आर.बी. यादव, एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मनचले की कथित प्रताड़ना से तंग बीए छात्रा ने लगाई फांसी

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।**

सिंगाही थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद गांव में मनचले की कथित प्रताड़ना से परेशान होकर 20 वर्षीय बीए अंतिम वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पड़ोसी युवक पर लंबे समय से पीछा करने, घर में घुसकर धमकी देने और फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। नौरंगाबाद निवासी लालता प्रसाद मजदूरी के लिए देहरादून में रहते हैं। परिवार में पत्नी यशोदा, दो बेटे सुरजीत और इंद्रजीत तथा 20 वर्षीय बेटी मनीषा रहती थी। परिजनों के अनुसार मनीषा बीए अंतिम वर्ष की



▸ घर में घुसकर धमकी देने का आरोप

छात्रा थी। मृतका की मां यशोदा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाला सचिन पुत्र दामोदर पिछले करीब एक वर्ष से उनकी बेटी का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। बीते कुछ दिनों से उसकी हरकतें और बढ़ गई थीं। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार देर रात आरोपी उनके घर में घुस आया और मनीषा को परेशान करने लगा। विरोध करने पर उसने युवती के फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। चचेरे भाई प्रदीप का आरोप है कि आरोपी युवती पर प्रेम संबंध बनाने का दबाव बना रहा था, जबकि मनीषा लगातार इसका विरोध करती रही। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने युवती के नहाते समय उसके फोटो खींच लिए थे। परिजनों के मुताबिक देर रात हुए विवाद के करीब चार घंटे बाद शनिवार सुबह मनीषा ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह करीब पांच बजे परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची सिंगाही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतका की मां ने आरोपी तथा उसके परिजनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। सिंगाही थाना प्रभारी दिलीप चौबे ने बताया कि परिजनों की तहरीर प्राप्त हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पड़रिया तुला में अभियान चलाकर 14 बेसहारा पशु गौशाला भेजे गए

फसलों की सुरक्षा व सड़क हादसों की रोकथाम के लिए हुई कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत



पड़रिया तुला में ग्राम प्रशासन ने अभियान चलाकर 14 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोंधिया गौशाला भिजवाया। ग्राम प्रशासक पप्पू राज एवं ग्राम सचिव विजय पाल के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से किसानों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्राम प्रशासक पप्पू राज ने बताया कि गांव में छुट्टा पशुओं के कारण किसानों की फसलें लगातार नुकसान की चपेट में आ रही थीं। वहीं, सड़कों पर पशुओं के घूमने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। इन समस्याओं को देखते हुए विशेष अभियान चलाकर 14 बेसहारा पशुओं को सुरक्षित पकड़कर गोंधिया गौशाला भेजा गया। ग्राम सचिव विजय पाल ने बताया कि गौशाला में पशुओं के चारे, पानी एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे उनके संरक्षण में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि छुट्टा पशुओं से राहत मिलने से खेती-किसानी को लाभ मिलेगा और सड़क सुरक्षा भी बेहतर होगी। ग्राम प्रशासक पप्पू राज ने बताया कि बेसहारा पशुओं को गौशाला भेजने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपने पालतू पशुओं को खुला न छोड़ने तथा गौशाला व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

## थाना समाधान दिवस पर जनपद के समस्त थानों पर आने वाले आमजन की सुनी गयीं समस्याएं



**समृद्धि न्यूज़, (मीरजापुर)।** शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश व उप पुलिस महानिरीक्षक पूनम द्वारा थाना को0देहात पर तथा जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना कछवां पर आने वाले फरियादियो की समस्याओ को सुनकर त्वरित निष्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## 12 फीट से अधिक ऊंचाई पर बाजार बाग का ताजिया रोका

▸ ऊंचाई कम होने के बाद ही कर्बला ले जाने की मिली अनुमति

**समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।**

मोहर्रम के दौरान निघासन क्षेत्र की झंडी चौकी के बाजार बाग में तैयार किए गए अधिक ऊंचाई वाले ताजिया को प्रशासन ने नियमानुसार रोक दिया। ताजिया की ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक होने के कारण उसे तत्काल कर्बला ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसके चलते आसपास के आठ गांवों के ताजिए भी कुछ समय तक इंतजार करते रहे। जानकारी के अनुसार बाजार बाग झंडी के लोगों ने चंदा एकत्र कर करीब 50 से 55 फीट ऊंचा ताजिया तैयार किया था। शासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार



12 फीट से अधिक ऊंचाई वाले ताजियों के जुलूस पर रोक है। इसी के मद्देनजर पुलिस ने मोहर्रम से एक दिन पहले ही ताजियादारों को नियमों की जानकारी देकर निर्धारित मानक के अनुसार ताजिया ले जाने को कहा था। शनिवार को जब बाजार बाग का ताजिया कर्बला ले जाने की तैयारी हुई तो कोतवाल अवधराज सिंह सेंगर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ताजिया को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान पचपेड़ी, पांडेपुरवा, हरसिंहपुर, तारानगर, झंडी, करमूपुरवा समेत करीब आठ गांवों के ताजिए भी बाजार बाग के ताजिया का इंतजार करते रहे और उन्हें तारानगर के साप्ताहिक बाजार में रुकना पड़ा। ताजिया को लेकर पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच कुछ देर तक बहस भी हुई। ताजियादार मोहम्मद उमर उर्फ अल्लामा का कहना था कि जब पिछले तीन-चार दिनों से खुलेआम ताजिया तैयार किया जा रहा था, तब पुलिस ने आपत्ति क्यों नहीं जताई। उनका आरोप है कि अंतिम समय पर कार्रवाई से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं क्षेत्राधिकारी शिवकुमार ने बताया कि शासन की गाइडलाइन का पालन कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। ताजिया की ऊंचाई करीब 55 फीट थी, इसलिए उसे नियमानुसार रोककर ऊंचाई कम कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानक के अनुरूप किए जाने के बाद ही ताजिया कर्बला ले जाने की अनुमति दी गई। पुलिस की मौजूदगी में क्षेत्र के सभी ताजियों को शांतिपूर्वक कर्बला पहुंचाकर सुपुर्द-ए-खाक कराया गया।

## जनपद में बढ़ा तेंदुए का आतंक, सीमावर्ती गांवों में दहशत

▸ लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीण सहमे, वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के सोहगीबरवा-निचलौल रेंज एवं मधवलिया वन क्षेत्र से सटे गांवों में तेंदुओं का बढ़ता आतंक ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। भोजन की तलाश में जंगल से निकलकर तेंदुए लगातार आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल है। शाम होते ही लोग घरों में रहने को मजबूर हैं, जबकि खेतों और जंगल के आसपास जाने से भी लोग डरने लगे हैं। जंगल से सटे गांवों में तेंदुओं के



पहुंचने और लोगों पर हमला करने की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। बीते कई वर्षों से इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन वर्ष 2025 में हुई कई गंभीर घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों, गन्ने के खेतों और गांव की बस्तियों के आसपास अक्सर तेंदुओं की गतिविधियां देखी जा रही हैं, जिससे बच्चों, महिलाओं और पशुओं की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। वन विभाग का कहना है कि भोजन और शिकार की तलाश में तेंदुए जंगल से बाहर निकल आते हैं। हालांकि, लगातार हो रही घटनाओं के बाद ग्रामीणों का कहना है कि केवल सतर्कता बरतने की सलाह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में नियमित गश्त, निगरानी बढ़ाने और तेंदुओं की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है।

**वर्ष 2025 की प्रमुख घटनाएं**

18 सितंबरः मधवलिया रेंज के नर्सरी कंपार्टमेंट नंबर-24 में अपनी मां के साथ सो रही एक किशोरी को तेंदुआ मच्छरदानी सहित करीब 50 मीटर तक घसीट ले गया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों के पहुंचने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया।

## छत्रपति शाहू जी महाराज की मनाई गयी जयंती



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** ग्रीन वैली होटल फरेंदा में कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी के अध्यक्षता में आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू जी महराज का जन्म दिवस उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी नेकहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने दबे कुचले गरीब असहाय लोगों की लड़ाई हमेशा लड़ी और उनके उत्थान के लिए आरक्षण की मांग की तथा उनके द्वारा समाज में सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु सदैव कार्य किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित साथियों के साथ जिला महामंत्री त्रिपुरेश प्रताप सिंह, पिंटू , संगठन के जिला संरक्षक प्रमोद चौधरी, देवेश चौधरी, परमहंश चौधरी, आशीष चौधरी, भगवंत पटेल, राजकुमार चौधरी, आर पी यादव, सहित क्षेत्र के तमाम साथी उपस्थित रहे।

## बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त कर जल निकासी बाधित करने के आरोप में पांच पर मुकदमा

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नगर पंचायत चौक थाना क्षेत्र स्थित लिटिल एंजेल्स एकेडमी की बाउंड्रीवाल को क्षतिग्रस्त करने, उसकी नींव की ईंटें निकालने तथा विद्यालय की वर्षों पुरानी जल निकासी व्यवस्था को बाधित करने के आरोप में पुलिस ने चार नामजद समेत एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एफआईआर संख्या 0101/2026 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(3), 352 एवं 324(5) के तहत दर्ज की गई है। यह कार्रवाई विद्यालय प्रबंधन की तहरीर तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई। विद्यालय प्रबंधन का आरोप है कि आरोपितों ने जेसीबी मशीन एवं अन्य साधनों की सहायता




से विद्यालय की बाउंड्रीवाल के समीप खुदाई कर उसकी नींव को नुकसान पहुंचाया। साथ ही विद्यालय परिसर से वर्षों से संचालित जल निकासी व्यवस्था को बाधित करने के उद्देश्य से सरकारी चकनाली को जोतकर उस पर अवैध कब्जा कर लिया। इससे विद्यालय परिसर एवं आसपास वर्षा का पानी निकलने में गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रबंधन का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल डायल-112 के माध्यम से पुलिस को दी गई थी। इसके बाद थाना चौक में लिखित तहरीर देने के साथ पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की गई। शिकायत के समर्थन में आईजीआरएस रिपोर्ट तथा संबंधित राजस्व अभिलेख भी उपलब्ध कराए गए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने प्रशासन से सरकारी भूमि एवं जल निकासी व्यवस्था को अतिक्रमणमुक्त कराकर विद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।